नई दिल्ली
नई दिल्ली, रविवार 8 सितंबर 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 23, अंक : 172
पृष्ठ 14+4 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 27.6

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 पृथ्वी सेकर ने जीता दोहरा खिताब



विचार पेज
08 चंद्रयान ने बढ़ाया हौसला




## खबर संक्षेप

### मद्रास हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस वीके तहिलरामानी ने मेघालय ट्रांसफर करने से नाराज होकर शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। एक



एजेंसी के मुताबिक, जस्टिस तहिलरामानी ने इस्तीफा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दिया है। उन्होंने इसकी एक प्रति सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई को भी भेजी है। इसमें जस्टिस तहिलरामानी ने खुद को सेवा से तत्काल मुक्त करने का अनुरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने 28 अगस्त को जस्टिस तहिलरामानी के ट्रांसफर की सिफारिश की थी।

### आतंकवादी हमले में एक बच्ची सहित चार घायल

**श्रीनगर।** उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों ने एक मकान पर हमला कर दिया, जिसमें ढाई साल की एक



बच्ची सहित परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि अज्ञात आतंकवादी डांगेरपोरा गांव में शुक्रवार देर रात एक मकान में घुस गए और गोलीबारी करने लगे। घटना में एक बच्ची सहित चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हमलावर मौके से तुरन्त फरार हो गए। उनकी तलाश जारी है।

### कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिकाएं खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड



वीवीआईपी हेलीकॉप्टर मामले के संबंध में गिरफ्तार किए गए कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिकाएं शनिवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दायर मामलों में मिशेल की अर्जियां यह कहते हुए खारिज कर दी कि राहत प्रदान करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। दुबई से प्रत्यर्पित कर लाए गए मिशेल को ईडी ने पिछले साल 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

### दुष्यंत ने की बसपा को 40 सीटों की पेशकश


**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रमुख दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी ने हरियाणा विधानसभा के लिए बहुजन



समाज पार्टी को 40 सीटों की पेशकश की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का मानना है कि बहुजन समाज पार्टी को मजबूत किया जाए। जेजेपी प्रमुख ने कहा कि अब उनकी पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को बीएसपी ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ अपनी राहें जुदा करते हुए प्रदेश विधानसभा अकेले लड़ने का एलान किया था। बसपा राज्य में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है।

## विज्ञान में हर कदम केवल प्रयास और प्रयोग है, विफलता नहीं: मोदी

# संपर्क टूटा... हौसला नहीं



- चंद्रयान-2 के लैंडर 'विक्रम' से चांद की सतह से महज 2.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर संपर्क टूटा
- इसरो के वैज्ञानिकों के साथ पूरा देश खड़ा दिखा तथा उनके हौसले और जाबाजी को सबने सराहया
- मोदी ने इसरो के विज्ञानिकों से कहा- देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी



रो पड़े इसरो प्रमुख, पीएम ने गले लगाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने के भारत के साहसिक कदम को शनिवार तड़के उस वक्त झटका लगा जब चंद्रयान-2 के लैंडर 'विक्रम' से चांद की सतह से महज 2.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर संपर्क टूट गया। इसके बाद इसरो के वैज्ञानिकों में हताशा जरूर नजर आई लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश उनके साथ खड़ा दिखा। मोदी ने इसरो के मिशन कंट्रोल सेंटर (एमसीसी) परिसर में शनिवार सुबह छह घंटे के अंदर दूसरी बार वैज्ञानिकों को संबोधित किया और वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे मिशन में आई रुकावटों के कारण अपना दिल छोटा नहीं करें, क्योंकि 'नई सुबह होगी और उज्ज्वल कल होगा'। उन्होंने कहा कि देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि देश को वैज्ञानिकों पर गर्व है और देश उनके साथ खड़ा है।

### लैंडर विक्रम से संपर्क साधने की उम्मीद न के बराबर: इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के अध्यक्ष के सिवन ने कहा कि विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह से 2.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक सामान्य तरीके से नीचे उतरा। इसके बाद लैंडर का धरती से संपर्क टूट गया। आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन से करीब से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लैंडर से कोई संपर्क नहीं है। लैंडर का यह नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ.विक्रम ए साराभाई पर दिया गया था।




### तय समय पर होंगे गगनयान समेत इसरो के बाकी मिशन: सिवन

चंद्रयान-2 पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अध्यक्ष के सिवन ने कहा है कि चंद्रयान-2 मिशन 100 फीसदी सफलता के करीब रहा। यह मिशन नाकाम नहीं है। उन्होंने कहा कि गगनयान पर गंभीरता से काम चल रहा है। इसरो चीफ ने कहा कि हम पहले से जारी अभियानों में व्यस्त है। चंद्रयान-2 के बाद गगनयान मिशन पर काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गगनयान समेत इसरो के बाकी मिशन तय समय पर होंगे।

### चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर चंद्रमा की कक्षा में सुरक्षित

चंद्रमा की सतह को छूने से चंद मिनट पहले लैंडर 'विक्रम' का जमीनी स्टेशन से संपर्क टूटने के बाद इसरो के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर चंद्रमा की कक्षा में सुरक्षित है।

### 'आज मिली सीख हमें और मजबूत तथा बेहतर बनाएगी'

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे मिशन में आई रुकावटों के कारण अपना दिल छोटा नहीं करें, क्योंकि 'नई सुबह होगी और उज्ज्वल कल होगा। भारतीय अनुसंधान संगठन (इसरो) के लैंडर से संपर्क टूटने की घोषणा के बाद मोदी ने एक भाषण में आशावाद, एकजुटता और उम्मीद का संदेश दिया। इस भाषण का सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने कहा कि देश को वैज्ञानिकों पर गर्व है और वह उनके साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि हम बहुत करीब पहुंच गए थे लेकिन अभी हमें और आगे जाना होगा।

### 'लैंडर से 14 दिन में फिर संपर्क करने की कोशिश करेंगे'

के. सिवन ने कहा कि लैंडर से 14 दिन में फिर से संपर्क करने की कोशिश की जाएगी। निश्चित तौर पर 135 करोड़ भारतीयों में छाई मायूसी के बीच इस तरह की कोशिश एक नई उम्मीद को जगा रही है।

### मिशन का 95 फीसदी हिस्सा काम करता रहेगा

इसरो के वैज्ञानिक ने बताया है कि मिशन का सिर्फ 5 फीसदी हिस्सा ही प्रभावित हुआ है। 95 फीसदी हिस्सा काम करता रहेगा। 5 फीसदी हिस्से में सिर्फ लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से संपर्क टूटा है।

## ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने दी जानकारी

# नीरव व मेहुल हमारे भी 289 करोड़ रुपये लेकर भागे

**मुंबई।** सरकारी क्षेत्र के कर्जदाता ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) ने अब जाकर यह जानकारी दी है कि भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की जोड़ी उसके भी करीब 289 करोड़ रुपये ले भागी है। बैंक ने यह जानकारी ऐसे समय में दी है, जब उसका पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में विलय होने जा रहा है। नीरव मोदी और मेहुल चोकसी द्वारा पीएनबी को 13,500 करोड़ का चूना लगाने की खबर पिछले वर्ष फरवरी में आने के बाद देश का बैंकिंग सेक्टर हिल गया था। इस घटना के सामने आने के 18 माह बाद ओबीसी ने अब दोनों भगोड़े कारोबारियों और उनकी कंपनियों को विलफुल डिफॉल्टर घोषित करने संबंधी नोटिस जारी किया है। बैंक ने कहा है कि दोनों कारोबारियों ने उसकी मुंबई स्थित शाखा से 289 करोड़ का लोन लिया था।



- ओबीसी बैंक का पीएनबी में होने जा रहा है विलय

## एनएसए अजीत डोभाल ने बताया

# 370 हटने के बाद हिरासत में लिए गए 2,500 उपद्रवी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हालात तेजी से सुधर रहे हैं और जिंदगी पटरी पर लौट रही है। कश्मीर घाटी में उपद्रवियों और आतंकियों पर लगाम कसने के लिए कुछ पाबंदियां लगाई गई हैं। साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से अब तक कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि कुछ लोग नजरबंदी में हैं। एनएसए अजीत डोभाल ने बताया कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद सुरक्षा बलों ने करीब 2,500 उपद्रवियों को हिरासत में लिया था। ये कश्मीर घाटी में उपद्रव फैलाने की फिराक में थे।



### राष्ट्रपति कोविंद के लिए हवाई क्षेत्र खोलने से पाक का इनकार

पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आइसलैंड की यात्रा के लिए उनके हवाई क्षेत्र से विमान को गुजरने देने संबंधी भारत के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया है।

## 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार ने उठाया कादम

# टास्क फोर्स का किया गया गठन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में आर्थिक सुस्ती का माहौल है। ऑटो, टेक्सटाइल और एफएमसीजी सेक्टर के सेल्स और प्रोडक्शन में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं जीडीपी समेत अन्य आर्थिक आंकड़ों की वजह से भी निराशा का माहौल बन रहा है। इस बीच, मोदी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। दरअसल, सरकार की ओर टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। यह समिति अगले 5 साल में 1.4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश बढ़ाने के लिए रोडमैप तैयार करेगी।



### सुस्त है अर्थव्यवस्था की रफ्तार

सरकार के ताजा आंकड़े के मुताबिक पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में विकास दर 5.8 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो गई है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की किसी एक तिमाही में सबसे सुस्त रफ्तार है। बता दें कि मोदी सरकार ने अगले पांच साल में देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है।

### 31 अक्टूबर तक समिति देगी पहली रिपोर्ट

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक देश में 1.4 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 100 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की जरूरत है। इसके लिए एक टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है, जो निवेश के रोडमैप को तैयार करेगी। यह समिति अपनी पहली रिपोर्ट 31 अक्टूबर तक देगी। इस रिपोर्ट में 2019-20 के निवेश का लक्ष्य होगा। बयान में आगे कहा गया है कि समिति अपनी अंतिम रिपोर्ट 31 दिसंबर तक सौंपेगी। इस रिपोर्ट में 2024-25 तक के निवेश का लक्ष्य होगा।



## इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर ठगी करने वाले 11 गिरफ्तार

# 225 लोगों को लगाया 23 करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आरोपियों में सेंटर मालिक, टेली कॉलर, फर्जी अकाउंट मुहैया कराने वाले शामिल
- चार राज्यों के छह शहरों में है 14 फर्जी बैंक अकाउंट
- आठ मोबाइल फोन, चार चैक बुक, पांच एटीएम कार्ड व नकली अकाउंट के दस्तावेज बरामद

रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने इंश्योरेंस पॉलिसी में लाभ और निवेश योजना के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम प्रभात सिंह, रूपेश उर्फ राज राजपूत, जितेंद्र उर्फ बाबू, रॉबिन, दिलीप सिंह, विशाल, राजन, विक्की, राजकुमार उर्फ राजन वर्मा, राम गोपाल और जितेंद्र सिंह है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह दो साल में करीब 225 लोगों को 13 करोड़ का चुना लगा चुका है। गैंग के 14 फर्जी बैंक खाताओं का पता चला है। जो चार राज्यों के छह शहरों में थे। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी रॉबिन और जितेंद्र कॉल सेंटर के मालिक थे। आरोपी विक्की, रूपेश और राज कुमार फर्जी अकाउंट मुहैया करते थे। आरोपी जितेंद्र और प्रभात सिंह का रुपये निकालने का काम था। बाकि आरोपी कॉलिंग का काम करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन, चार चैक बुक, पांच एटीएम कार्ड व नकली अकाउंट के दस्तावेज बरामद किये हैं। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गैंग के कौन-कौन शामिल है।

डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि गत 26 जुलाई को 63 वर्षीय एक बुजुर्ग, जोकि बैंक से रिटायर एक मैनेजर है। उन्होंने पुलिस को शिकातय दी थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि टेली कॉलिंग के द्वारा उनसे इंश्योरेंस के नाम पर करीब 20 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। मई 2019 में जब पीड़ित ने उनके पैसे वापस करने की बात कही तो आरोपियों ने उनसे और निवेश करने के लिए कहा। अपने साथ ठगी का पता चलने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच जिले की स्पेशल स्टाफ को भी सौंपी गई। इंस्पेक्टर ईश्वर दायल की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम में एसआइ दिनेश, एएसआइ राजकुमार, बेगराज गुलाब, हेड कांस्टेबल प्रवीन, कांस्टेबल महेश, रविंद्र, मंदीप और अरुण मौजूद रहें। टीम ने आरोपियों द्वारा बैंक खातों में ट्रांसफर किये गए रुपये के अकाउंट नंबर व फोन नंबर द्वारा उनकी तलाश में जुट गई। इसी बीच पुलिस को पता चला कि अकाउंट से कोई शख्स रुपये भी निकालता है। पुलिस ने सबसे पहले प्रभात को गिरफ्तार कर लिया। बाद में प्रभात के निशानदेही पर पुलिस ने दस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### मॉल में चलाते थे कॉल सेंटर

जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपियों का गुरुग्राम स्थित ग्रांड मॉल में फर्जी कॉल सेंटर है। वह मॉल से ही लोगों को कॉल करके लोगों को अपना शिकार बनाते थे। कॉल सेंटर जितेंद्र उर्फ बाबू और रॉबिन के नाम पर था। पूछताछ में जितेंद्र ने बताया कि आरोपी विक्की उन्हें फर्जी बैंक अकाउंट मुहैया करवाता था। अकाउंट में रुपये ट्रांसफर करने के वह 10 प्रतिशत लेते था, जबकि कॉल सेंटर मालिक रकम का 80 प्रतिशत लेता था।

# सब्जी लेने जा रहे दो भाइयों को एमसीडी ट्रक ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल, हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार

पटपडगंज इंडसट्रियल एरिया थाना इलाके में शुक्रवार एमसीडी ट्रक ने रिक्शे से सब्जी लेने जा रहे दो भाइयों को कुचला दिया। सूचना मिलते ही पुलिस दोनों भाइयों को लेकर एलबीएस अस्पताल गई, जहां इलाज के दौरान रमेश (35) ने दम तोड़ दिया। वहीं, हादसे में गौरव (24) गंभीर रूप से घायल है। उसका अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने रमेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर फरार आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रमेश और गौरव मूलरूप से गांव मिल्कतारुपुर, बदायूं, उत्तर-प्रदेश के रहने वाले थे। दोनों अपने परिवार के साथ गली नंबर-सात, चंदर विहार, मंडावली में रहते थे। गौरव और रमेश दोनों अलग-अलग ठेला रिक्शा पर सब्जी बेचते थे। शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे दोनों भाई अपने-अपने रिक्शे से गाजीपुर मंडी से सब्जी लेने जा रहे थे। जैसे ही वे गाजीपुर फुटओवर ब्रिज के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार एमसीडी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। इसी बीच ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत दोनों को लेकर अस्पताल गई, जहां रमेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गौरव का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल ट्रक चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# प्रेमी युगल ने नहर में लगाई छलांग लड़के की मौत, लड़की अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- लड़के का शव कई घंटों बाद फरीदाबाद से हुआ बरामद

जैतपुर इलाके में स्थित आगरा नहर में एक प्रेमी युगल ने शुक्रवार शाम छलांग लगा दी। लड़की उम्र 18 और लड़की की 16 साल बताई गई है। लड़की को नहर से रेस्क्यू करवा लिया गया लेकिन युवक की मौत हो गई। शनिवार दोपहर युवक का शव फरीदाबाद में मिला। मृतक की पहचान पंकज (18) के तौर पर हुई, जो पल्ला हरियाणा का रहने वाला था। पता चला है कि नहर में कूदने से पहले दोनों ने अपने-अपने परिवार को कॉल कर सूचना भी दी थी। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि दोनों के परिवार इनके रिश्ते से नाखुश थे। पुलिस ने बताया लड़की सूरजकुंड फरीदाबाद में परिवार के साथ रहती है। वह ओपन से 10वीं की पढ़ाई कर रही है, जबकि पंकज भी इसी कक्षा का छात्र था। दोनों एक-दूसरे को पंसद करते थे। यह बात परिजनों को पता चली तो उन्हें पढ़ाई पर ध्यान देने व अलग होने के लिए समझाया गया। लेकिन वे एक-दूसरे से दूर रहने को तैयार नहीं थे। शुक्रवार को पंकज व लड़की दिल्ली के मोलड़बंद एरिया में पहुंचे। यहां लड़के की बहन रहती है। पंकज की बहन ने दोनों को एक साथ देख लड़की के परिवार को कॉल कर दी। लड़की के पिता ने उसे घर भेजने के लिए कहा। इस बीच पंकज लड़की को लेकर बहन के घर से निकल गया। आगरा नहर पर पहुंचने के बाद पंकज ने बहन को कॉल कर दिया। कहा कि अब उनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं है, वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। बहन ने उसे समझाया और धैर्य से काम लेने की बात कहीं। इस बीच लड़की ने भी अपने घर फोन कर जान देने की बात कह दी। इसके बाद दोनों ने नहर में छलांग लगा दी। इसी बीच पंकज की बहन मौके पर पहुंच गई। उसने शोर मचा दिया। लोग इकट्ठा हो गए, जिन्होंने समय रहते लड़की को बचा लिया। यह घटना शाम करीब साढे सात बजे की है। लड़की को अस्पताल भेजा गया। रात में ही पंकज की खोजबीन की गई लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार दोपहर पंकज के शव को गौताखारों की टीम ने फरीदाबाद से बरामद किया।

# पंजाबी बागः तेल गोदाम में लगी भयंकर आग



- पेट्रोल व डीलज के ड्रम चपेट में आये, एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर में शनिवार शाम एक तेल के गोदाम व फैक्ट्री में भयंकर आग लग गई। दमकल विभाग की करीब 23 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने के कार्य में जुटी रही। इस घटना में गोदाम के अकाउंटेंट रोमित कुमार की झुलसने से मौत हो गई। वह प्रेम नगर, किराड़ी का रहने वाला था। पुलिस व दमकल विभाग के कई सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंचे। आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। इस घटना से आसमान भी धुएं के गुब्बार से भर गया। मिली जानकारी के अनुसार पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर के 106 और 107 नंबर में स्थित एक दो मंजिला बिल्डिंग में शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक आग लग गई। बिल्डिंग में केमिकल का गोदाम और फैक्ट्री बनी हुई थी। इस गोदाम के मालिक शंकर और रोहित नामक दो लोग बताये जाते हैं। उनके अलावा करीब दो दर्जन अन्य लोग भी यहां पर काम करते थे। गोदाम में वेल्डिंग का काम भी चल रहा था। वेल्डर रफाकत खान ने बताया कि आग की चपेट में उसकी बाइक भी जलकर खाक हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि इस गोदाम में पेट्रोल, डीजल व मोबी ऑयल के ड्रम रखे हुए थे। आग के कारण 250 गज में बने गोदाम व फैक्ट्री की दो मंजिले पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक दमकल विभाग के कर्मचारी ने बताया कि आग बुझाने के बाद कई घंटों तक कूलिंग का कार्य किया जाएगा। रिंग रोड के बगल में लगी आग को देखने के लिये लोगों का भी भारी जमावड़ा लगा रहा, जिसके कारण रिंग रोड के यातायात की गति भी प्रभावित हुई।

### अग्रसेन कॉलेज रजत जयंती समारोह आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज रजत जयंती समारोह सरदार बल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर गुजरात के पूर्व राज्यपाल ओ. पी. कोहली एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में माननीय उप राष्ट्रपति ने महाविद्यालय की स्मारिका का विमोचन किया और कॉलेज परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी यहाँ आने की लंबे समय से इच्छा थी। उन्होने कॉलेज की 25 वर्ष की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बेहतर भविष्य और विद्यार्थियों के लिए अच्छे परिणाम की शुभकामना दी। इस अवसर पर प्रोफेसर सुनील शर्मा ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील सोंधी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बच्चा चोरी के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- भीड़ ने पिटाई के बाद किया पुलिस के हवाले

बच्चा चोरी करने की अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। शुक्रवार को ओखला इलाके की संजय कैंप झुग्गी कॉलोनी में बच्चा चोरी के आरोप में दो महिलाओं को भीड़ ने जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में रेहाना और सकीना नामक दोनों महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एक लड़के ने इन दोनों महिलाओं को एक ढ़ाई साल के बच्चे को उठाते हुए देख लिया। उसने शोर मचा दिया। बच्चा चोरी करने की खबर पूरी कॉलोनी में आग की तरह फैल गई और लोगों की भीड़ ने दोनों महिलाओं को घेर लिया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई कर दी। भीड़ के बीच फंसी दोनों महिलाएं अपने आप को बचाने की कोशिश कर रहीं थी। वहीं चारों तरफ से भीड़ से घिरी हुई महिलाएं चीख चीखकर कह रही थी कि उन्होंने कोई बच्चा नहीं चुराया। लेकिन भीड़ ने इन महिलाओं की एक नहीं सुनी। बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को दोनों महिलाओं से पूछताछ में पता चला कि वह संजय कॉलोनी में भीख मांगने आई थी। दोनों एनटीपीसी बदरपुर झुग्गी की रहने वाली है। महिलाओं के खिलाफ 363/ 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कर्नाटक के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी स्कूल का किया दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के आर रमेश कुमार ने शनिवार को पश्चिम विनोद नगर स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय का दौरा किया। इसके बाद रमेश कुमार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। कुमार इस वर्ष की शुरूआत तक कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष थे। वे दिल्ली में शिक्षा क्षेत्र में हुए बदलावों एवं सरकारी स्कूलों की दशा में परिवर्तन के बारे में जानने के लिए दिल्ली आये थे। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल से कहा कि कैप्टन अरविंद केजरीवाल को मेरा सलाम। यह एक मूक क्रांति है जिसे में यहां देखने आया हूं। आपने दिल्ली की शिक्षा का जो कायाकल्प किया है और जो नये विद्यालय बनवाएं हैं, आपको इतिहास से मिटाया नहीं जा सकता है। रमेश ने कहा कि मुझे यह देखकर कर आश्चर्य हो रहा है कि आपने सरकारी स्कूलों को शिक्षा के एक बेहतरीन संस्थान के रूप में परिवर्तित कर दिया। ऐसा करके आप मध्यम एवं निम्न मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन को नये मायने दे रहे हैं।

# फ्लैट के अंदर घुसकर बच्चा उठाकर भाग रही महिला दबोची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

पांडव नगर इलाके में फ्लैट में घुसकर एक महिला ने एक बच्चे को उठा लिया और मौके से भागने लगी। इस दौरान बच्चे की मां ने उसे देख लिया। उन्होंने तुरंत शोर मचा दिया। महिला की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ इक्ट्ठा हो गई। लोगों ने आरोपी महिला को मौके पर ही दबोच लिया और उसकी पिटाई कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। महिला का नाम स्वाति (24) है। शनिवार देर शाम खबर लिखे जान तक पुलिस पीड़िता के बयान पर केस दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर रही थी और आरोपी महिला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही थी। पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय पीड़ित महिला परिवार सहित पटपड़गंज इलाके में रहती है। शनिवार शाम करीब चार बजे पहली मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट पर एक वर्षीय बच्चे के साथ अकेली थी। इसी दौरान आरोपी महिला उनकी बिल्डिंग में घुस गई और फ्लैट के अंदर भी दाखिल हो गई। बच्चा वहीं बाहर खेल रहा था। मौका पता ही

आरोपी महिला ने बच्चे को गोद में उठाया और वहां से भागने लगी। ये सब बच्चे की मां ने देख लिया। शोर मचाकर महिला को पकड़ लिया। शोर सुनकर जमा हुए लोगों महिला की पिटाई भी कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी महिला बार-बार अपने बयान बदल रही थी। कभी वह कह रही थी वो लक्ष्मी नगर की रहने वाली है, तो कभी कह रही थी पटपड़गंज की रहने वाली है। हालांकि जाच में सामने आया कि महिला लक्ष्मी नगर की ही रहने वाली है।

### नवजात बच्ची का शव कब्र से गायब

**नई दिल्ली।** वजीराबाद स्थित शमशान घाट से नवजात बच्ची का शव कब्र से गायब होने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को बच्ची के परिजनों ने उसकी मौत के बाद उसे दफनाया था। शनिवार को वह दुबारा बच्ची की क्रब पर गए तो उन्होंने देखा कि बच्ची का शव क्रब में नहीं है। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बच्ची के परिजनों ने शब गायब करने का आरोप शमशान घाट के ही एक कर्मचारी पर लगाया है। पुलिस कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सतीश सरदाना ने बताया कि वह परिवार के साथ बी-2/32 जनकपुरी में रहते हैं। उनके परिवार में बेटा संकेत सरदाना, बहू रितिका सरदाना व अन्य सदस्य हैं। गत दो सिंतबर को उनकी बहू ने एक बेटी को जन्म दिया था। बेटी की तबीयत खराब होने पर उसे गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बीमारी से परेशान महिला ने दी मेट्रो के आगे जान

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**

मॉडल टाउन मेट्रो के आगे कूदकर एक महिला ने खुदकुशी कर ली। मृतका का नाम सोनाक्षी गर्ग (26) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें महिला ने लिखा है कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, सोनिक्षा, धी मंडी, पहाड़गंज इलाके में सपरिवार रहती थी। पुलिस को सूचना मिली कि मॉडल टाउन मेट्रो स्टेशन पर एक महिला ट्रेन के आगे कूद गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस उसे लेकर तुरंत अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में महिला की शिनाख्त सोनाक्षी के रूप में हुई। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। जांच में पुलिस को पता चला महिला किसी बीमारी से परेशान थी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## कहीं हुई अच्छी बारिश तो कहीं हुई बूंदा-बांदी, सामान्य से 4 डिग्री अधिक चल रहा है तापमान

# कई दिनों के इंतजार के बाद राजधानी वासियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





कई दिनों के इंतजार के बाद शनिवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में मध्यम बारिश हुई, जबकि कुछ जगह बूंदाबांदी होकर रह गई। बारिश के चलते लोगों को मामूली राहत मिली है लेकिन अभी भी अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक चल रहा है। शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका था। जबकि सापेक्ष आर्द्रता 60 प्रतिशत थी, जिसके चलते कई जगह तापमान 37 डिग्री सेल्सियस भी दर्ज हुआ। ये तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री अधिक है। इस क्षेत्र में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक है। निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट के अनुसार इस समय दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर ईस्टर का प्रचलन है। और मॉनसून ट्रफ दिल्ली के दक्षिण से होकर गुजर रहा है। हम ऐसी स्थिति से किसी महत्वपूर्ण ब्रेक की उम्मीद नहीं करते हैं। हालांकि, पर्याप्त नमी और उच्च तापमान की वजह से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आने वाले दिन में दोपहर और शाम के घंटों के लिए कुछ और गड़गड़ाहट गतिविधियां देखी जा सकती है। परिणामस्वरूप, हमें बाद में और अधिक आर्द्र स्थिति मिल सकती है। ऐसी स्थिति अगले दो से तीन दिनों के दौरान दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जारी रहने की संभावना है।

### डीसीडब्ल्यू के सेक्स रैकेट के खुलासे के बाद क्राउन स्पा सेंटर पर एफआईआर दर्ज : स्वाति

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के निरीक्षण में स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाभोड़ होने के बाद मधु विहार थाना पुलिस ने स्थित क्राउन स्पा सेंटर पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं, मोहन गार्डन और उत्तम नगर में स्पा सेंटर पर कार्रवाई नहीं होने पर आयोग ने संबंधित इलाके की पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि मधु विहार के साथ ही नवादा स्थित स्पा सेंटर में बंद कमरे में लड़कियों के साथ नग्न पुरष और कंडोम पाए गए। जब मधु विहार थाने में स्पा मालिकों के खिलाफ देह व्यापार मामले में एफआईआर दर्ज हो सकती है तो अन्य थाने क्यों नहीं कर सकते? ऐसे गंभीर मामलों में एफआईआर दर्ज न करने से दिल्ली पुलिस के खिलाफ लोगों में स्पष्ट रूप से धारणा बनती है जिसे तोड़ना चाहिए। हमने दिल्ली पुलिस और एमसीडी को समन किया है और हम राजधानी में इस अवैध सेक्स व्यापार को बंद करने का पूरा प्रयास करेंगे। बता दें कि आयोग की तरफ से लगातार अलग-अलग इलाकों में चल रहे स्पा सेंटर का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां आपत्तिजनक क्रियाक्लाप में लिप्त मिल रहे है।

## डूसू चुनाव : एबीवीपी का घोषणा पत्र जारी

# 5-पी मॉडल के जरिये सुधार का वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव (डूसू) चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में एबीवीपी ने कहा है कि वह डूसू चुनाव जीतने पर डीयू के समग्र विकास के लिए 5-पी मॉडल पर काम करेगी। जिसमें परिसर, पाठ्यक्रम, प्रवेश, परीक्षा और परिणाम शामिल है। एबीवीपी ने डीयू के छात्रों से आग्रह किया कि डीयू के 2022 में शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के पूर्व डीयू को सर्वश्रेष्ठ संस्थान का दर्जा मिल सके इसके लिए जिम्मेदार छात्र नेतृत्व चुनें। प्रैसवार्ता में एबीवीपी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि एबीवीपी के 5-पी मॉडल में परिसर यानी कैंपस में सुधार के लिए सबसे पहले काम करेंगे। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, लाईब्रेरी, वैज्ञानिक शोधों को बढ़ावा देने के लिए अतिआधुनिक प्रयोगशालाएं, नशामुक्त कैंपस, दिव्यांग छात्रों के लिए सुविधाजनक कैंपस आदि पर काम करेंगे।

एबीवीपी के दिल्ली प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने 5-पी मॉडल के अन्तर्गत 4 प्रमुख बिंदुओं पाठ्यक्रम , प्रवेश , परीक्षा और परिणाम ठीक करने के संबंध में कहा कि कि डीयू में हम पाठ्यक्रम सुधार के सन्दर्भ में 3 आर ( रिव्यू, रेशनल डिबेट और रिप्रजेंट) सम्मिलित करने की मांग करेंगे। छात्रों के एकडेमिक काउंसिल में प्रतिनिधित्व, प्लेसमेंट बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास, क्लासेज हिंदी माध्यम में करने, एनएसएस,योग व एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में लागू करने, वन कोर्स वन फीस, एडमिशन प्रक्रिया स्टूडेंट फ्रेंडली बनाने, गरीब छात्रों को फीस में कुछ राहत देने, ईसीए तथा स्पोर्ट्स कोटा से होने वाले एडमिशन के लिए प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, हॉस्टल एडमिशन प्रक्रिया को सेंट्रलाइज करने, डीयू में आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं का पूर्व शेड्यूल जारी करने, छात्रों से परीक्षा सुधार पर सलाह लेने, समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने, ऑनलाइन सर्टिफाइड मार्कशीट जारी करने तथा सभी सेमेस्टर की अलग-अलग प्रिंटेड मार्कशीट जारी करने, सप्लीमेंट्री परीक्षा शुरू करने तथा पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम सेमेस्टर शुरू होने से पहले घोषित करने आदि पर एबीवीपी के नेतृत्व में जीतने वाला छात्र संघ काम करेगा। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी, प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव, अभाविप से अध्यक्ष पद प्रत्याशी अक्षित दहिया, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप तंवर, सचिव पद पर प्रत्याशियों योगित राठी तथा सह सचिव पद पर प्रत्याशी शिवांगी खरवाल उपस्थित रहे।



### मैं स्पोर्ट्स छात्रों के लिए महत्वपूर्ण कार्य करूंगा : दहिया

डूसू अध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी से प्रत्याशी अक्षित दहिया ने कहा कि मैं स्पोर्ट्स का छात्र रहा हूं मुझे इस क्षेत्र से जुड़ी समस्याएं मालूम है, छात्रों को ना तो ठीक से डाइट मिलती है और सेमेस्टर के आखिरी में उन्हें एडमिट कार्ड के लिए परेशान होना पड़ता है। मैं स्पोर्ट्स छात्रों के लिए महत्वपूर्ण कार्य करूंगा। जारी घोषणा पत्र पर पहले दिन से काम करना शुरू कर दूंगा।

### कैंपस क्लीन बनाने पर दूंगा जोर : तंवर

डूसू उपाध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी प्रत्याशी प्रदीप तंवर ने कहा कि मैं कॉलेज कैंपसों को ग्रीन कैंपस और क्लीन कैंपस बनाने के लिए कार्य करूंगा। साथ ही साथ मेरा फोकस रहेगा कि आउटर दिल्ली में जो कॉलेज हैं उनमें पढ़ने वाले छात्रों को नार्थ कैंपस और साउथ कैंपस के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों के समान विभिन्न अवसर उपलब्ध हो सकें।

### छात्राओं के लिए मिशन साहसी 2.0 लांच करेंगे : शिवांगी

सह-सचिव पद के लिए एबीवीपी से प्रत्याशी शिवांगी खरवाल ने कहा कि कि हम पिछले वर्ष की तरह छात्राओं को प्रशिक्षण देने हेतु मिशन साहसी 2.0 लॉन्च करेंगे जिसमें हमारा लक्ष्य रहेगा की डीयू की 20000 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा सके। सभी महिला छात्रावासों/कॉलेजों के बाहर महिला पुलिस बूथ स्थापित करने, गर्ल्स एक्टिविटी सेंटर बनाने, पुलिस पेट्रोलिंग कॉलेजों तथा गर्ल्स हॉस्टलों के बाहर बढ़ाने, परमानेंट छात्रसंघ कार्यालय बनाने, इंटरनल कंप्लेन कमेटी को और मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा स्पोर्ट्स और ईसीए में छात्राओं के लिए फीमेल ट्रेनर आदि बिंदुओं पर काम करुंगी। साथ ही मेरा प्रयास रहेगा कि सभी जगहों पर महिलाओं को बराबरी का हक मिल सके।

### राष्ट्रवाद के मुद्दे पर विशेष तौर से कार्य करेंगे : राठी

सचिव पद पर प्रत्याशी योगित राठी ने कहा कि कैंपस में भारतीय विचार और मूल्यों का प्रसार करते हुए, डीयू के सिलेबस में भारतीय विचार शामिल हो और अभारतीयता दूर हो इसके लिए प्रयास करूंगा डीयू में वामपंथियों ने छात्रों को बहुत कुछ पढ़ने-लिखने से वंचित कर दिया है मैं प्रयास करूंगा कि छात्र सभी विचारों से परिचित हो सकें। राष्ट्रवाद के मुद्दे पर विशेष तौर से कार्य करेंगे।

## जेएनयूएसयू चुनाव की मतगणना जारी



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) की मतगणना छात्रों और प्रशासन के बीच गतिरोध के कारण 11 घंटे की देरी के बाद शनिवार को शुरू हो गई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को जेएनयू को 17 सितंबर तक चुनाव के नतीजे अधिसूचित करने से रोक दिया था। इसके बाद छात्र संचालित चुनाव समिति और सभी पार्टियों के बीच बैठक में रात करीब दस बजे मतगणना कराने का फैसला लिया गया। जेएनयू ईसी के चेयरमैन शशांक पटेल ने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर हुई। पटेल ने कहा कि चुनाव समिति ने शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को छात्र समुदाय की मांगों पर अपना रुख बदलने के लिए मनाने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि जब कई घंटों बाद भी सहमति नहीं बन पायी तो चुनाव समिति ने रुझानों की घोषणा के साथ मतगणना शुरू कराने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि हालांकि नतीजे घोषित करने पर रोक लगी हुई है।

## जेएनयू राजद्रोह मामलाः भाजयुमो ने सीएम आवास के निकट किया प्रदर्शन



नई दिल्ली। भाजपा की छात्र इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के निकट प्रदर्शन कर उनसे 2016 के जेएनयू राजद्रोह मामले में अभियोजन स्वीकृति देने की मांग की। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल के फ्लैगस्टाफ रोड स्थित आवास के निकट एक अवरोधक को पार करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और उनमें से कई लोगों को नजदीकी पुलिस स्टेशन ले जाया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री आवास के बाहर पोस्टर और बैनर भी फाड़े। भाजयुमो की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सुनील यादव ने दावा किया कि समाचार पत्रों में खबरें आई हैं कि आम आदमी पार्टी सरकार ने जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ देशद्रोह मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति को खारिज कर दिया है।

## दिल छोटा न करें वैज्ञानिक : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। चंद्रयान-2 अभियान के विक्रम लैंडर से चांद की सतह पर पहुंचने से कुछ ही मिनटों पहले संपर्क टूट जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि दिल छोटा करने की जरूरत नहीं है। हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। उन्होंने इतिहास रचा है। हमारे वैज्ञानिकों ने बहुत अच्छा काम किया है।

## आप के जनसंवाद में महिलाओं के मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय के नेतृत्व में शनिवार को सातवें दिन नजफगढ़ विधानसभा में जनसंवाद यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नजफगढ़ के विधायक कैलाश गहलोत सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता और आम लोग भी मौजूद रहे। इस जनसंवाद यात्रा में विशेष रूप से महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा के पांच साल, कांग्रेस के 15 साल और आप के साढ़े चार सालों में दिल्ली की महिलाओं के लिए कौन-कौन से काम हुए, इस पर लोगों ने अपनी राय रखी। पिछले साढ़े चार सालों में आप द्वारा महिलाओं के लिए किये कामों पर कई लोगों ने अपनी राय रखी। नजफगढ़ निवासी शशिप्रभा ने बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा पूरी दिल्ली में लगाये जा रहे सीसीटीवी कैमरे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को कम करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सबूत न होने की वजह से कई बार पुलिस भी हमारी नहीं सुनती थी लेकिन अब हमारे पास सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग होगी जिससे हम मनचलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा पाएंगे।

## एनएसयूआई चुनाव को लेकर लिलोठिया ने ली सेवादल की बैठक

नई दिल्ली। अगामी डूसु चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेश कमेटी भी सक्रिय हो गई है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने सेवा की की एक अहम बैठक बुलाई। बैठक में लिलोठिया ने चुनाव को लेकर कहा कि एनएसयूआई के चारों प्रत्याशियों की जीत निश्चित है। इसके लिए हमें मिलकर मेहनत करनी पड़ेगी,अपने अपने क्षेत्र के छात्रों से संपर्क करें और उन्हें बताए कि एनएसयूआई के साथ ही छात्र प्रगति करते है। हमें एबीवीपी की गुंडागर्दी से विश्वविद्यालय को आजाद करवाने के लिए पूरी ताकत लगानी होगी। सेवादल एक ऐसा संगठन है जिसके हर कार्यकर्ता की मेहनत का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव छोटा हो या बड़ा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, केवल जीत ही एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए।

## रेहड़ी पटरी वालों के समर्थन में उतरी प्रदेश कांग्रेस, केजरीवाल को ज्ञापन देने पहुंचे यादव

**नई दिल्ली।** रेहडी पटरी वालों को हटाने की खबरों के बाद शनिवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, हमारी पूरी पार्टी आपके साथ खड़ी है। इस मुददे पर यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ज्ञापन देने पहुंचा। लेकिन कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने मिलना तक उचित नहीं समझा। इस बारे में यादव ने बताया कि रेहड़ी पटरी वालों को हटाने की योजना पर आप सरकार काम कर रही है। ऐसे में हमारा एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलने गया था। लेकिन बड़े ताजुब्ब की बात है कि लाखों रेहड़ी पटरी वालों के हितों की अनेदखी करते हुए उन्होंने मिलने से इंकार कर दिया। यादव ने बताया कि हमने आप सरकार को चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट को लागू करने के लिए शीघ्र कदम नहीं उठाती है, तो कांग्रेस सड़को पर उतरकर पुरजोर विरोध करेगी। यादव ने कहा कि दिल्ली में करीब पांच लाख लोग रेहड़ी पटरी के सहारे परिवार का भरण पोषण करते है।

## सीवाईएसएस की भूख हड़ताल खत्म

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन सीवाईएसएस ने शनिवार को 12 दिनों से चली आ रही भूख हड़ताल को समाप्त कर दिया है। हालांकि सीवाईएसएस बैलेट पेपर से डूसू चुनाव कराने की मांग के लिए संघर्ष करती रहेगी। वही शनिवार को डूसू चुनावों में ईवीएम के उपयोग पर चर्चा के लिए आर्ट्स फैकल्टी के बाहर एक सार्वजनिक टॉक शो का आयोजन किया। डूटा की पूर्व अध्यक्ष नंदिता नारायण और आप नेता दिलीप पांडेय भी इस टॉक शो में मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में ईवीएम का उपयोग लोकतंत्र के लिए खतरा है और इस बात पर जोर दिया कि इसका उपयोग कई देशों में इस कारण से नहीं किया जाता है। इसलिए, चुनावों में ईवीएम के उपयोग को समाप्त किया जाना चाहिए। सीवाईएसएस की मांगों पर डीयूअधिकारियों द्वारा अभी तक कोई सांत्वना नहीं दी गई। हालांकि, सीवाईएसएस के महासचिव हरिओम प्रभाकर ने कहा कि सीवाईएसएस चुनावों में बैलेट पेपर के इस्तेमाल की मांग को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी।

## केजरीवाल के डेंगू अभियान को मिला शबाना आजमी का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम ने दिया धन्यवाद

डेंगू के खिलाफ दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट का शनिवार को बॉलीवुड की प्रसिद्ध अदाकारा शबाना आजमी ने समर्थन किया है। इस डेंगू अभियान को शबाना के द्वारा समर्थन देने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शबाना आजमी का धन्यवाद किया और कहा कि आपका समर्थन लाखों लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। शबाना आजमी ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि मैं केजरीवाल का समर्थन करती हूं। अगर हम सभी हर रविवार को केवल 10 मिनट के लिए अपने घरों को निरीक्षण करें तो हम सफलतापूर्वक डेंगू का मुकाबला कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके घर में किसी भी जगह पर पानी नहीं भरा है। और अगर कहीं पर है तो उसे बाहर डालें, इसे बदलें और इसके ऊपर तेल डालें। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में दिल्ली वालों से अपील की है कि रविवार को सुबह 10 बजे इस अभियान में शामिल हों। शबाना आजमी के अलावा फिल्म निर्माता अभिनव सिन्हा ने भी केजरीवाल के डेंगू अभियान का समर्थन किया है। अनुभव ने ट्वीट कर कहा कि 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट अभियान इतना सरल है कि आप इसमें भाग लेते हैं तो डेंगू से छुटकारा पा सकते हैं। दिल्ली सरकार और अरविंद केजरीवाल का ये महान विचार है। अनुभव के इस समर्थन के लिए केजरीवाल ने उन्हें धन्यवाद दिया है।

### डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव को पुलिस ने भी कसी कमर

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव अभियान में दिल्ली पुलिस भी सहभागी बन रही है। पुलिस के हर थाने, दफ्तरों और कालोनियों को इस संबंध में एक एडवाइजरी भी जारी की गई है। हर थाने में एटीओ और मालखाना हवलदार को नियमित जांच करने के लिये कहा गया है। स्थानीय एसएचओ व एसीपी भी इसे मॉनिटर करेंगे। देशभर में डेंगू व चिकनगुनिया हर वर्ष हजारों लोगों की जान ले लेता है। हाल ही में दिल्ली सरकार ने भी इन जानलेवा बीमारियों की रोकथाम हेतु 10 हफ्ते, 10 बजे और 10 मिनट नामक अभियान शुरू किया है। खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उनके मंत्री अपने-अपने घरों व दफ्तरों में गमलों व टंकियों की जांच कर रहे हैं। इसी दिशा में दिल्ली पुलिस ने भी कदम बढ़ाया है। एडिशनल पीआरओ अनिल मित्तल द्वारा शुक्रवार को इस संबंध में एडवाइजरी जारी की गई। इसके तहत हर थाने व पुलिस कॉलोनियों में डोर टू डोर कैंपेन चलाये जाने की बात कहीं गई है। सिविक एजेंसियों के साथ मिलकर सभी कालोनियों में हॉर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। पुलिस स्टेशनों को भी केस प्रॉपर्टीज जो खुले एरिया में पड़ी रहती है उन्हें जांचने को कहा गया है। इस कार्य को एटीओ व मालखाना हवलदार हर रोज करेंगे।









# अब चालान काटने के बजाय पुलिस कुछ दिन लोगों को समझाएगी

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

एक सितंबर से संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट-2019 लागू होने के बाद से 17000 से लेकर 59000 रुपये तक का चालान काटने वाली गुरुग्राम पुलिस अब बैकफुट पर है। गैर आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, आगामी 15 दिन तक गुरुग्राम यातायात पुलिस अब भारी भरकम चालान काटने के बजाय लोगों को नए यातायात नियम के बारे में जानकारी देगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो अब वह लोगों को नए नियम के बारे में जानकारी देगी और साथ ही अपील भी करेंगी दुपहिया और चार पहिया वाहन चालक इन नियमों का पालन दूसरों के साथ अपनी सुरक्षा के लिए भी करें।

## बैकफुट पर आई गुरुग्राम-फरीदाबाद पुलिस

### नहीं वसूलेगी भारी भरकम रकम

दरअसल, यह एक तरह से दुपहिया और चार पहिया वाहनों सहित सभी तरह के वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है। बताया जा रहा है कि आगामी 15 दिनों तक गुरुग्राम पुलिस ज्यादा सख्ती नहीं दिखाएगी और 17000 से लेकर 59000 तक की भारी-भरकम रकम चालान के रूप में नहीं वसूलेगी।



### जमा हुई मशीन

यह अपुष्ट जानकारी ही है कि ईसीएम जमा करा ली गई है। पुलिस ने चालान काटने के दौरान यह पाया कि लोगों को जानकारी ही नहीं है कि यातायात के क्या नियम हैं और कैसे उनका पालन किया जाए? हालांकि, यह सारे नियम गाड़ी खरीदने के दौरान और लाइसेंस बनवाने के दौरान ही पता हो जाते हैं, लेकिन लोगों में यातायात नियमों के प्रति नादानी भी नजर आई। यही वजह है कि गुरुग्राम पुलिस अब चालकों को जागरूक करने का काम करेगी।

### फरीदाबाद में जागरुकता की घुट्टी के साथ चालान की कड़वी दवा भी पिलाई

फरीदाबाद। मोटर-यान अधिनियम 2019 लागू होने के बाद फरीदाबाद पुलिस ने तय किया था कि चालान करने के साथ ही वाहन चालकों को नए नियमों के प्रति जागरूक भी करेंगे। छठे दिन पुलिस ने स्ट्रेटजी में थोड़ा बदलाव किया। पुलिस ने जागरुकता की घुट्टी की मात्रा बढ़ा दी है, वहीं चालान की कड़वी दवा अपेक्षाकृत कम पिलाई। पुलिस की कोशिश रही कि लोगों को नए नियमों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। इस दौरान जो लोग खतरनाक तरीके से वाहन चलाते मिले उनके चालान भी किए गए। मोटर-यान अधिनियम 2019 लागू होने के बाद रोजाना औसतन 500 चालान किए जा रहे थे। शुक्रवार को लगभग 300 चालान हुए। इनमें सबसे अधिक चालान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के हुए।

## खबर संक्षेप



### सीवरमैनों ने कटोरे लेकर प्रदर्शन किया

**फरीदाबाद।** सीवरमैन कर्मचारियों की भर्ती को लेकर पिछले 19 दिनों से लगातार नगर निगम मुख्यालय के समक्ष धरना जारी रहा। शनिवार को यूनियन के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथों में कटोरे लेकर बीके चौक से नीलम चौक तक प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधान सुभाष फेटमार ने सरकार व निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह रोजगार की बात करते है जबकि इतनी बड़ी आबादी के लिए कम से कम 400 कर्मचारियों की जरूरत है। लेकिन निगम प्रशासन ने इनकी भर्ती करने से मना कर रहा है। मात्र कुछ ही सीवरमैन इतने बड़ी आबादी के लिए कार्य कर रहे है, जोकि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

### तैराकी व साइकिलिंग से आयरन मैन बने सुरेंद्र



**गुरुग्राम।** सुविधाओं के अभाव में भी अपने हौंसलों के साथ मंजिल को हासिल कर स्वदेश लौटे 49 साल के सुरेंद्र यादव के नाम के आगे अब टाइटल जुड़ गया है आयरनमैन। आयरनमैन टाइटल ऐसे मजबूत लोगों को मिलता है, जो डब्ल्यूटीसी द्वारा दुनियाभर में आयोजित की जाने वाली ट्रायथलॉन में खुद को बेहतर साबित करते हैं। गुरुग्राम के सुरेंद्र यादव ने ऐसा कर दिखाया। सुरेंद्र यादव ने 3.86 किलोमीटर की समुद्र में तैराकी, 18.25 किलोमीटर की साइकिलिंग और 42.2 किलोमीटर की दौड़ 16 घंटे के भीतर पूरी की। सुरेंद्र यादव ने कहा कि बेशक हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। तकनीकी का दौर चल रहा है। फिर भी देश में खेल और अन्य प्रकार की साहसिक गतिविधियों के लिए कोई उचित सुविधा नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि भारत में प्रतिभाएं बहुत हैं।

### बच्चा चोरी की अफवाह फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी के संबंध में अफवाह फैलाने के मामले में एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार किया। एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि थाना साइड-5 पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि लड़पुरा गांव में रहने वाला एक व्यक्ति व्हाट्सएप के जरिए बच्चा चोरी की गलत सूचना और फोटो भेज रहा है। इस वजह से गांव के लोगों में काफी भय एवं आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोशल मीडिया पर गलत संदेश प्रसारित करने वाले अरुण को गिरफ्तार कर लिया है।



### नोएडा के एक स्कूल से छात्र-छात्रा लापता

**नोएडा।** नोएडा के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र और छात्रा शुक्रवार से लापता हैं। इस मामले में दोनों के परिजनों ने थाना सेक्टर 24 पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। थाना सेक्टर 24 के थानाध्यक्ष रामफल सिंह ने बताया कि सेक्टर 53 स्थित एक स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र होशियारपुर स्थित अपने घर से स्कूल गया था, लेकिन देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा। उसके परिजनों ने इस मामले में थाना सेक्टर 24 पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उसी स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा भी लापता है। पुलिस को शक है कि छात्र और छात्रा दोनों एक साथ कहीं पर चले गए हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है।



# हाईवे पर सड़क दुर्घटना महिला समेत दो की मौत

» मुजेसर मोड़ पर महिला और पुरुष सड़क पार कर रहे थे

» ट्रक पुरुष को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय शुक्रवार की रात को 11 बजे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला और पुरुष की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर शवों को पहचान के लिए बादशाह खान अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

- शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखवाए गए शव

राष्ट्रीय राजमार्ग मुजेसर मोड़ पर एक 55 वर्षीय महिला और 40 वर्षीय पुरुष सड़क पार कर रहे थे। तब एक ट्रक आया और उसकी चपेट में आने से महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पुरुष को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। दोनों को घायल अवस्था में लोगों ने बादशाह खान अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां पर दोनों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने दोनों के मरने पर थाना सेक्टर-8 पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अपनी कार्रवाई करके शवों को पहचान के लिए अस्पताल में रखवा दिया।



## इलाज के दौरान बीके अस्पताल में दोनों ने तोड़ा दम


### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**लोनी।** गाजियाबाद के लोनी कोतवाली क्षेत्र में स्कूल से घर जा रहे छठी क्लास के छात्र को ट्रैक्टर ने रौंदा दिया। इस सड़क दुर्घटना में उस छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर ही ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रैक्टर कब्जे में लेकर जांच में जुटी।



### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के वसुंधरा में शनिवार को ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई है। यह हादसा कैसे है इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। हालांकि पुलिस जांच में जुटी है मगर अभी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।



# अधिवक्ता बनकर पैसा कमाएं पर जरूरतमंद लोगों की मदद भी करें

केन्द्रीय मंत्री रविशंकर ने किया एडीआर सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** मानव रचना यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ में केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन (एडीआर) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति आरसी लाहोटी (भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश) भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में रविशंकर प्रसाद ने जस्टिस आरसी लाहोटी के पिता की स्मृति में गोल्ड मेडल का भी अवलोकन किया। यह मेडल ओवरऑल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्रा को दिया जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आने वाले समय में आरबिट्रेशन वकालत में सबसे ज्यादा ग्रोथ वाला क्षेत्र माना जाएगा। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वह वकील बनकर बहुत पैसा कमाएं लेकिन जरूरतमंदों और गरीब लोगों की मदद करें इससे पैसा नहीं मिलेगा लेकिन आशीर्वाद मिलेगा, जो जीवनभर साथ रहेगा। कार्यक्रम में हुडा एडमिन्स्ट्रेटर सोनल गोयल, फरीदाबाद बीजेपी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, वीसी डॉ.आईके भट्ट समेत 400 छात्र और फैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।



# मुठभेड़ में दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने शनिवार की शाम मुठभेड़ के बाद दो 25-25 हजार के इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले गाजियाबाद पुलिस दो अन्य अलग-अलग मुठभेड़ों में 25-25 हजार ही इनामी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है।

- मुठभेड़ में दोनों बदमाश व एक दरोगा घायल

एसएसपी सुधीर ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान शक्ति खंड-4 वसुन्धरा नहर की पटरी पर शाम को एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का इशारा किया, इशारा करने पर वे रुके नहीं तथा भागते हुए जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस पार्टी ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें दो बदमाशों को गोली लगी जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने नीचे गिर पड़े बदमाशों को दबोच लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ में दरोगा आरपी सिंह भी घायल हो गए उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



परिजनों ने दिया वारदात को अंजाम

# क्राइम ब्रांच टीम पर हमला कर आरोपी को छुड़ाया

**फरीदाबाद।** पुलिस रिमांड पर चल रहे झपटमारी के आरोपी के घर से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और सोने की चेन बरामद करने जा रही क्राइम ब्रांच की टीम पर आरोपी के परिजनों ने हमला कर दिया। आरोपी के परिजन पुलिस पर हमला कर उसे हिरासत से छुड़ा ले गए। क्राइम ब्रांच की शिकायत पर धौज थाना पुलिस ने पुलिस टीम के साथ मारपीट, सरकारी काम में बाधा डालने सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

क्राइम ब्रांच एनआईटी में तैनात एएसआई सुरेश ने बताया कि झपटमारी के आरोप में क्राइम ब्रांच ने फतेहपुर तगा निवासी मुस्तकीन और सलमान को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मुस्तकीन को अदालत में पेश कर चार दिन का रिमांड ले रखा था। शुक्रवार शाम को पुलिस टीम आरोपी के घर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और छीनी गई सोने की एक चेन बरामद करने जा रही थी। इस दौरान मुस्तकीन के घर से थोड़ा पहले ही पुलिस की गाड़ी पंचर हो गई।



इस पर पुलिस टीम मुस्तकीन को लेकर पैदल ही उसके घर की तरफ चल दी। पुलिस उसके घर के पास पहुंची ही थी कि मुस्तकीन का भाई तुस्तफा व परिवार के अन्य लोग आ गए।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को घेर लिया और धक्का मुक्की व हाथापाई करने लगे। इसी दौरान मौका देखाकर हमलावर मुस्तकीन को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने उनका पीछा करना चाहा तो उनके परिवार की महिलाओं व अन्य सदस्यों ने उन्हें घेर लिया और जाने नहीं दिया। पुलिसकर्मी वहां से जैसे तैसे निकलकर धौज बस स्टैंड पर पहुंचे और वारदात की सूचना धौज पुलिस थाने को दी।

आरटीआई कार्यकर्ता ने की शिकायत

# सड़क निर्माण पर उठे सवाल, तो दोबारा किया जाने लगा काम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

करीब सवा तीन करोड़ रुपये की लागत से मुजेसर के पास गौछी ड्रेन के साथ बनाई गई सीमेंटेड सड़क को अब दोबारा बनाया जाने लगा है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर एक आरटीआई कार्यकर्ता ने सवाल उठाए थे। साथ ही इस बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विजिलेंस से जांच कराने की मांग की थी। आरटीआई कार्यकर्ता वरुण का कहना था कि सड़क का निर्माण एक वर्ष पहले ही हुआ था। इसके बावजूद सड़क कई जगह से धंस गई है। सड़क में कई जगह पर दरारें भी आ गई हैं। लगभग दो किलोमीटर की सीमेंटेड सड़क में कई जगह दरारें पड़ने पर ही वरुण ने सवाल उठाए थे। बता दें कि मुजेसर क्षेत्र से सेक्टर-22 श्मशान घाट तक जाने वाली सीमेंटेड सड़क का निर्माण करीब एक वर्ष पहले ही करवाया गया था। नगर निगम ने दावा किया था कि सीमेंटेड सड़क का निर्माण इसलिए कराया गया है ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

बोलीं मेयर मधु आजाद

# महिलाएं व बच्चे पौष्टिक आहार से रहेंगे स्वस्थ



**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों व गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रखने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। इसी क्रम में शनिवार को शहर के लक्ष्मण विहार व सरहौल क्षेत्र में विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग की कार्यकारी अधिकारी सुनैना व उनकी टीम ने पोषण रथ यात्रा का शुभारंभ किया। यह रथयात्रा शहर के कई क्षेत्रों से होती हुई लक्ष्मण विहार क्षेत्र स्थित पंजीरी प्लांट के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंची। बच्चियों के खून की जांच भी की गई। रथ यात्रा का सरहौल पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में नगर निगम की मेयर मधु आजाद भी शामिल हुई। उन्होंने व क्षेत्र की निगम पार्षद रिंपल यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेयर ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे पोषण का ध्यान रखें और कुपोषण से बचें तथा पौष्टिक आहार ही ग्रहण करें, जिससे उनके बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे। कार्यक्रम में विभाग की नेहा दहिया, सपना, मंजू, अनुपमा, पूजा, सुनीता, इंदू गोदारा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल हुई।


## कैलकॉम विज़न लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : सी-41, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
CIN: L92111DL1985PLC021095,
Email: corp.compliance@calcomindia.com, Website: www. calcomindia.com
कार्पो. कार्यालय : बी-16, साईट-सी, सुरजपुर इंडस्ट्रीज एरिया, ग्रैटर नोएडा-201306, Ph: 0120-2569761

### सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक उक्त बैठक की सूचना में निर्धारित अनुसार सामान्य और विषय बिजनेस के सम्पादन हेतु सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे, 10 फोरेस्ट लेन, यू.जी. टैंक रोड, गांव घिटरौनी, नई दिल्ली-110030 में आयोजित की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां कम्पनी की 34वीं एजीएम की सूचना के साथ कम्पनी के सभी सदस्यों को अनुमत्य मोड द्वारा उनके पंजीकृत पते पर भेज दी गई है और इनकी साफ प्रतियां इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा उन सभी सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भी भेजी गई है। एजीएम सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.calcomindia.com पर भी उपलब्ध है।

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 के तहत और कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार 24 सितम्बर 2019 से सोमवार 30 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2015 (संशोधित अनुसार) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 के अनुसार कम्पनी इसके शेयरधारकों को सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर इलैक्ट्रिक साधनों द्वारा अपना मत देने की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रसन्न है। कृपया सूचना में ई-वोटिंग हेतु निर्देशों को देखें। दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार 27.09.2019 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) से आरम्भ होगी और रविवार 29.09.2019 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके उपरांत सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल अयोग्य कर दिया जाएगा। कृपया नोट करें कि केवल वे शेयरधारक जो कट ऑफ तिथि (अर्थात् 24.09.2019) को शेयरधारण करते हैं अपना मत इलैक्ट्रोनिकली अथवा बैठक में दे सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के उपरांत सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि को शेयरधारण करता है सूचना में ई-वोटिंग हेतु वर्णित निर्देशों का पालन कर सकता है।

पोल के माध्यम से वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित सदस्य जो अपना मत दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से नहीं दे चुके हैं वे पोल के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने के योग्य होंगे। सदस्य जो अपना मत दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से दे चुके हैं वे बैठक में उपस्थित हो सकते हैं किन्तु वे दोबारा मत देने के हकदार नहीं होंगे।

ई-वोटिंग से सम्बन्धित किसी पूछताछ अथवा शिकायत के मामले में सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com और rta@abhipra.com को एक ई-मेल लिख सकते हैं।

कृते कैलकॉम विज़न लिमिटेड
हस्ता/-
आयुषी जिन्दल
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06 सितम्बर 2019


निर्माण कार्यों पर नजर रखने के लिए तैनात किए अधिकारी

# भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के लिए जिलाधिकारी ने की नई व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। उन्होंने जिले की सभी नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों में एसडीएम स्तर के अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह नगर पालिका परिषद क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों के गुणवत्ता एवं शासन से मिलने वाले धन का उपयोग पर नजर रखेंगे। यदि कहीं कोई गड़बड़ी मिले तो सीधे उन्हें रिपोर्ट करेंगे।



### ये अधिकारी रखेंगे विकास कार्यों पर नजर

अजय शंकर पांडेय ने शनिवार को बताया कि लोनी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत पतला और निवाड़ी में डिप्टी कलेक्टर सत्येंद्र कुमार को, मुरादनगर नगर पालिका परिषद व डासना नगर पंचायत में अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय खालिद अंजुम को, खोड़ा नगर पालिका परिषद में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम राजबहादुर सिंह तथा मोदीनगर नगर पालिका परिषद व फरीदनगर नगर पंचायत में डिप्टी कलेक्टर एसडीएम राजबहादुर को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। ताकि वे सभी विकास कार्यों पर नजर रख सकें और निर्माण कार्यों में धांधली की जांच करें। साथ ही जिलाधिकारी को उसकी विस्तृत रिपोर्ट भी देंगे।

### शैलेन्द्र सिंह को सीडीओ का प्रभार

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह को मुख्य विकास अधिकारी का प्रभार सौंपा है। मुख्य विकास अधिकारी का गत दिवस तबादला कर दिया गया था। उन्हें पांडेय ने निर्देश दिए है कि वह नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जिला पंचायत, ग्राम पंचायतों के कार्यों में प्रदर्शित व भ्रष्टाचार मुक्त करने पर विशेष ध्यान रखेंगे। साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाएंगे।

## डीएम ने नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों पर कसा शिकंजा

### खोड़ा-मकनपुर पर विशेष फोकस

जिलाधिकारी ने खोड़ा मकनपुर की समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष फोकस किया है। उन्होंने वहां पर मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई है कि वे सप्ताह में दो दिन शुक्रवार व बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैठेंगे और लोगों की समस्याओं निराकरण करेंगे और कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटेंगे और उनकी गोपनीय रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी वित्त के माध्यम से जिलाधिकारी को सौंपेंगे।


## फर्स्ट कैपिटल इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 11वां तल, नारायण मंजिल, 23, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
Phone No. 011-43621200 Fax No. 011-41501333
CIN: U74899DL1994PLC057651 E-mail id: nghai@landmarkholdings.in

### सूचना

कम्पनी की 25वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार 30 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे चतुर्थ तल, स्टेट्समैन हाउस, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001 पर आयोजित की जाएगी। कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 20 संशोधित अनुसार के साथ पठित कम्पनी अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसरण में कम्पनी इसके सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक में प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा उनके मत के अधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने का प्रस्ताव करती है और सदस्य अपना मत इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम का उपयोग करते हुये बैठक स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से (दूरस्थ ई-वोटिंग) दे सकते हैं। दूरस्थ ई-वोटिंग से सम्बन्धित विस्तृत संचार के साथ-साथ यूजर आईडी और पासवर्ड के साथ सूचना की प्रति सहित अनुमत मोड द्वारा इसके सदस्यों को प्रेषित किये जा चुके हैं। कम्पनी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सेवाएं ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु प्राधिकृत एजेंसी के रूप में ले चुकी है। दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) से प्रारम्भ होगी और 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) को समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि व समय के उपरांत दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर / लाभप्राप्तकर्ता मालिकों के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि अर्थात् 24 सितम्बर 2019 को दर्ज है केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के साथ-साथ बैठक में वोटिंग के हकदार होंगे। यदि कोई व्यक्ति एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् 24 सितम्बर 2019 को शेयरधारण करता है मै. लिंक इनटाईम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट नं. एनएच-2, एलएससी, ब्लॉक, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, सम्पर्क नं. 011-41410592 पर आग्रह भेज कर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। सदस्य जिसने अपना मत दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से नहीं दिया है बैठक में उपस्थि हो सकता है परन्तु वह दोबारा अपना मत देने का हकदार नहीं होगा। पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान करने की सुविधा भी बैठक में उपलब्ध करवाई जाएगी और जो सदस्य बैठक में उपस्थित है किन्तु उन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दिया है वे बैठक में अपने मताधिकार का उपयोग करने के योग्य होंगे।

ई-वोटिंग से सम्बन्धित किसी पूछताछ / मामले के सम्बन्ध में सदस्य / लाभप्राप्तकर्ता मालिक मै. लिंक इनटाईम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट नं. एनएच-2, एलएससी, ब्लॉक, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, सम्पर्क नं. 011-41410592 से सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
(मधुश्री नंदी)
कम्पनी सचिव
म. नं. ए49829

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06 सितम्बर 2019

# आज रोहतक से भाजपा के चुनावी अभियान का आगाज करेंगे मोदी

## मेला ग्राउंड में विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री, हरियाणा को देंगे सौगात

- रैली के लिए सभी तैयारियां पूरी
- दो लाख पन्ना प्रमुखों के शामिल होने की उम्मीद पीएम देंगे जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रोहतक से विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। जन आशीर्वाद यात्रा लेकर पूरे प्रदेश में माहौल बना चुके मुख्यमंत्री मनोहर लाल रैली स्थल पर ही यात्रा का समापन करेंगे। एक ओर जहां कांग्रेस अंदरूनी कलह में उलझी हुई है, बसपा से गठबंधन तोड़ने के सदमे से जजपा उभर नहीं पाई है, इनेलो अपने नेताओं के पलायन से परेशान है। ऐसे समय में भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार का आगाज कई तरह के सियासी मायने रखता है। रैली से ही मोदी प्रदेश वासियों को दस बड़ी सौगातें भी देने वाले हैं। यह तोहफे पहले से ही विरोधियों पर भारी पड़ रही भाजपा के लिए सोने पर सुहागे जैसा काम करेंगे। 75 पार के नारे को सार्थक करने के लिए सुबह 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेला ग्राउंड में विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद प्रधानमंत्री पहली बार हरियाणा में रैली को संबोधित करने आ रहे हैं। 2014 में अपने दम पर 47 सीट जीतने वाली भाजपा इस बार दोगुने उत्साह में है। भाजपा इसलिए भी जोश में है, क्योंकि सभी लोकसभा सीट जीत चुकी है। दूसरी ओर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेशअध्यक्ष बदलने से भी सियासत में उफान आया है। इसके रुझान भी आने शुरू हो गए हैं। कांग्रेस प्रदेश महिला सेल की अध्यक्ष सुमित्रा चौहान भाजपा में आ गई हैं। कांग्रेस की इस अंदरूनी लड़ाई, इनेलो के विखराव का सीधा फायदा भाजपा को होने वाला है। जजेपी से बसपा ने गठबंधन भी तोड़ लिया है। मैदान भाजपा के लिए साफ है। जहां दूसरे राजनीतिक दल अभी अपनी कलह से ही निपटने में लगे हैं, ऐस समय में जाट लैंड कहे जाने वाले रोहतक से प्रधानमंत्री की ललकार विपक्षियों के लिए बड़ी खतरे की घंटी है।



रोहतक के मेला ग्राउंड में सजा मंच। जहां से पीएम मोदी रैली को संबोधित करेंगे।

### पन्ना प्रमुखों के लिए खास

यह रैली विशेष रूप से प्रदेश के 20 हजार 441 बूथों पर भाजपा के पन्ना प्रमुखों के लिए की गई है। कारण भी साफ है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में पहली बार माइक्रो मैनेजमेंट के तहत पन्ना प्रमुख मैदान में उतारे गए और वे सुपरहिट हुए। रोहतक, फतेहाबाद और कुरुक्षेत्र में रैली करके और पन्ना प्रमुख वाली रणनीति के दम पर भाजपा ने सभी 10 सीटें जीती हैं। रैली में 2 लाख से ज्यादा पन्ना प्रमुखों के पहुंचने की उम्मीद है।

### रोहतक पर फोकस

लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने रोहतक पर खास फोकस रखा और विधानसभा चुनाव में रोहतक पर नजर बनी हुई हैं। कभी रोहतक और इसके आसपास के विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस या यूं कहें कि हुड्डा का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था, लेकिन लोकसभा चुनाव में रोहतक सीट जीतकर भाजपा ने कांग्रेस के हाथ से यह क्षेत्र झटक लिया। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पिछले दिनों रोहतक में आ चुके हैं। जाट लैंड कहे जाने वाले रोहतक में भाजपा परचम लहराने के लिए तैयार है।

# अंबाला : लिफ्ट में फंसने से युवक की दर्दनाक मौत

## 3 दिन पहले कपड़े के शोरूम में लगा था राकेश


अंबाला। शोरूम मालिक से पूछताछ करते डीएसपी सुल्तान सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शहर की कपड़ा मार्केट में स्थित एक बहुमंजिला शोरूम में कार्यरत एक युवक की लिफ्ट में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। 21 वर्षीय राकेश कुमार निवासी गांव तैमार, जिला गढ़वा, झारखंड तीन दिन पहले ही यहां हरमिलाप क्लाथ हाउस पर नौकरी पर लगा था। शहर पुलिस ने मृतक के दोस्त आशीष की शिकायत पर शोरूम मालिक दीपक गुलाटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आशीष ने बताया कि शोरूम में लिफ्ट चलाने के लिए कोई स्पेशलिस्ट कर्मी नहीं था। उसने बताया कि सुबह 10 बजे शोरूम खुला तो वह तथा राकेश शोरूम पर आ गए थे। कुछ देर बाद उसे मालिक दीपक ने कपड़ा मार्किट में भेज दिया था। आशीष को सुबह 10.40 पर फोन पर सूचना मिली कि राकेश लिफ्ट में फंस गया, जिसके बाद वह शोरूम पर गया तो देखा कि अन्य कर्मचारी राकेश को लिफ्ट तोड़कर निकाल रहे थे। राकेश को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### लापरवाही का आरोप


राकेश कुमार (फाइल फोटो)

आशीष ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि शोरूम मालिक ने जो लिफ्ट लगाई हुई है उसको खोलने व बंद करने का कोई दरवाजा नहीं लगा रखा और न ही लिफ्ट में कोई एमरजेंसी सैंसर हादसे के समय खुलने वाला नहीं लगा रखा है। हमने दुकान मालिक को पहले भी सैंसर लगवाने बारे व लिफ्ट का दरवाजा लगवाने बारे बोला हुआ था और राकेश को लिफ्ट मशीन चलानी नही आती थी और इसी कारण उसकी इस हादसे में मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में टीवी धारावाहिक के खिलाफ बंद

**चंडीगढ़।** एक टीवी धारावाहिक के खिलाफ ऐतिहासिक तथ्यों को कथित रूप से तोड़-मरोड़कर प्रसारित करने का आरोप लगाते हुए पंजाब में शनिवार को वाल्मिकी समुदाय द्वारा आयोजित एक दिवसीय बंद के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुईं और जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। वाल्मिकी एक्शन समिति का दावा है कि कलर्स टीवी पर प्रसारित धारावाहिक 'राम सिया के लव कुश' में भगवान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। उनकी गलत छवि पेश की गयी और ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ किया गया है। इससे उनकी धार्मिक भावना आहत हुई है। संगठन की मांग है कि देशभर में धारावाहिक के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया जाए और इसके निर्देशक तथा कलाकारों को जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के लिये भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत गिरफ्तार किया जाए।

### फिरोजपुर में भारत-पाक सीमा के पास से तीन किलोग्राम हेरोइन जब्त

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास से बीएसएफ कर्मियों ने 15 करोड़ रुपए की कीमत की तीन किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि एक-एक किलोग्राम के तीन पैकेट टायर ट्यूब में से बरामद किए गए है।उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी सतलुज नदी में एक नौका से गश्त लगा रहे थे। शामेके सीमा चौकी के पास से सुबह करीब सात बजे हेरोइन बरामद की गई।

### बोर्ड की परीक्षा में नकल के 279 मामले पकड़े

**भिवानी।** हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेंडरी (सीटीपी/रि-अपीयर/आंशिक अंक सुधार/पूर्ण विषय अंक सुधार/ अतिरिक्त विषय) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय एवं सीनियर सेंकेंडरी लोक प्रशासन विषय की परीक्षा में नकल के 279 मामले दर्ज किए गए। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिहं के उड़नदस्ते ने रोहतक का औचक निरीक्षण किया व नकल के 16 मामले पकड़े। बोर्ड सचिव राजीव प्रसाद के उड़नदस्ते ने जिला भिवानी के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

# कांग्रेस ने अध्यक्ष बदलकर स्वीकारा उनके पास योग्य नेतृत्व नहीं: वित्तमंत्री

## कैप्टन अभिमन्यु बोले : बौखलाहट में आपस में ही लड़ रहे विपक्षी नेता, बिखर चुके परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विपक्ष बौखला गया है। विपक्षी नेताओं के पांवों के नीचे से जमीन निकल चुकी है। विपक्ष के पास जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं है। बौखलाहट में ये नेता आपस में ही लड़ रहे हैं और इनके परिवार बिखर चुके हैं। प्रदेश की जनता के लिए उनके पास कोई सोच नहीं है। कैप्टन अभिमन्यु शनिवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने देश व प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालात के अलावा जिला हिसार व हरियाणा के विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बदलकर यह स्वीकार कर लिया है कि उनके पास योग्य नेतृत्व नहीं है। कांग्रेस के पास न नीति है, न नीयत और न ही योग्य नेतृत्व। इस पार्टी में केवल व्यक्तिवाद का बोलबाला है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के सिर पर उनकी ही पार्टी के दबंग नेताओं ने लाठियां बरसवाते हुए उन पर जानलेवा हमला किया था। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने हमला करने वाले नेताओं के खिलाफ केस दर्ज भी करवाया था। ऐसी गुंडागर्दी वाली मानसिकता के लोग जनता के साथ क्या न्याय करेंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। अब उस प्रदेश अध्यक्ष को बदलकर ऐसे लोगों को ताकतवर किया जा रहा है, जिन्होंने अपने परिवार की भलाई के अलावा कभी किसी और के बारे में सोचा तक नहीं।

- कांग्रेस की नैया डूब चुकी है, हुड्डा ने खुद किया छेद


हिसार। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### हुड्डा ने सैलजा को हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया

कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में हाल ही में प्रदेशाध्यक्ष बनाई गई कुमारी सैलजा को हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया, जोकि सर्वविदित है। भूपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस पार्टी व इसकी संस्कृति को पूरी तरह से खत्म करने का काम किया और अपने अलावा किसी और को पार्टी में उभरने नहीं दिया। हुड्डा ने व्यक्तिवाद को बढ़ाया दिया। इसी का परिणाम है कि आज कांग्रेस की नैया डूब चुकी है। हुड्डा खुद नैया में छेद करने वाले हैं।

### रोहतक में मोदी की रैली सबसे बड़ी होगी

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता का आशीर्वाद लेने के लिए पूरे प्रदेश के सभी हलकों में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं जो अपने अंतिम पड़ाव में है। रविवार 8 सितंबर को रैली का समापन रोहतक में होगा जहां भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी जो पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी।

### जनता ने सत्ता बदली और भाजपा ने व्यवस्था

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जीएसटी के संबंध में आने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए गठित अपीलेट ट्रिब्यूनल की पीठ हिसार में स्थापित की जाएगी। उन्होंने एयरपोर्ट से नियमित उड़ान शुरू होने पर हिसार जिलावासियों को बधाई देते हुए कहा कि एयरपोर्ट के कारण हिसार का नाम अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर चमकेगा। किसी भी काम की शुरुआत में कुछ दिक्कतें आती हैं लेकिन धीरे-धीरे इस हवाई अड्डे से अंतरराज्यीय और फिर अंतरराज्यीय उड़ानें शुरू होंगी। नियमित उड़ानें शुरू करवाने के लिए उन्होंने सीएम मनोहर लाल का आभार भी जताया। वित्तमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव की जल्द ही घोषणा होने वाली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार जनता 1987 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक मतों व सीटों के साथ भाजपा को पुनः सेवा करने का मौका देगी। जनता ने पांच साल पहले सत्ता बदलने और हमने पांच साल में व्यवस्था बदलने का काम किया है। पूर्ववर्ती सरकारें भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद से ग्रस्त थी और सत्ता लूट का माध्यम बन गई थी। पांच साल में हमने व्यवस्था को पटरी पर लाने और विकास के नए आयाम स्थापित करने का काम किया।

### युवा नहीं करेंगे जजपा व इनेलो की गुलामी

जननायक जनता पार्टी व बसपा का गठबंधन टूटने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि 27 दिन का यह गठबंधन एक बेमेल समझौता था जो अंततः आपसी कड़वाहट के साथ टूट गया। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही दल हमेशा एक-दूसरे से लड़कर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाते आए हैं, अब केवल राजनीतिक लाभ के लिए ये आपस में मिलने का ढोंग कर रहे थे। जनता भी इस बात को समझती है कि लोगों की भलाई इन दलों का एजेंडा कभी रहा ही नहीं। उन्होंने कहा कि इनेलो-जजपा जैसे दलों के नेता आज के युग में भी यह बात कैसे सोच सकते हैं कि अब भी पढ़े-लिखे युवा इनके परिवारों की गुलामी करते रहेंगे। युवा वर्ग अब उनकी गुलामी नहीं करेगा।

### परिवारवाद किया समाप्त युवाओं को दी नौकरियां

वित्तमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें भ्रष्टाचार व भाई-भतीजावाद से ग्रस्त थी और सत्ता लूट का माध्यम बन गई थी। पांच साल में हमने व्यवस्था को पटरी पर लाने और विकास के नए आयाम स्थापित करने का काम किया। 5 साल पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि हरियाणा में परिवारवाद समाप्त हो सकता है अथवा युवाओं को बिना सिफारिश केवल मेरिट आधार पर नौकरियां मिल सकती हैं और सभी हलकों का समान विकास करवाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर निगम मेयर गौतम सरदाना, जिला प्रभारी डॉ. ओपी पहल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पूनिया, भाजपा जिला महामंत्री आशा रानी खेदड़, युवा भाजपा नेता अजय सिंधु, प्रो. मंदीप मलिक, सुरेश गोयल धूपवाला व सत्यपाल श्योराण आदि मौजूद थे।

# पंजाब: निर्दलीय विधायक ने गुरदासपुर के उपायुक्त को अपशब्द कहे, वीडियो वायरल

**बटाला।** पंजाब के गुरदासपुर जिले के बटाला में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के एक दिन बाद यहां सिविल अस्पताल में एक शव की पहचान को लेकर निर्दलीय विधायक ने लोगों के सामने जिलाधिकारी विपुल उज्वल के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया। इस घटना का वीडिया वायरल हो गया है। पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 23 लोगों की मौत हो गई थी। लोक इंसाफ पार्टी के प्रमुख सिमरनजीत सिंह बैंस को इस वीडियो में अधिकारी को गाली निकालते सुना गया जबकि जिलाधिकारी नाराज विधायक को शांत कराते देखा जा सकता है। बैंस ने पंजाबी भाषा में कहा, ''यह तुम्हारे बाप का आफिस नहीं है । यह लोगों का आफिस है । और तू जनता से कह रहा है कि बाहर जाओ ।'' यह वीडियो 45 सेकेंड का है और इसमें बैंस को पंजाबी में ही यह कहते देखा जा सकता है, ''पहले मेरे साथ बातचीत करो ।'' बैंस जब जिलाधिकारी को ऐसे शब्द कह रहे थे उस समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपिंदरजीत सिंह, सिविल सर्जन किशन चंद और पुलिस उपाधीक्षक बालकृष्ण सिंगला वहां मौजूद थे । वीडियो में विधायक को अधिकारी पर चिल्लाते हुए भी देखा जा सकता है क्योंकि अधिकारी एक विस्फोट पीड़ित की पहचान पर कुछ भ्रम दूर करने का प्रयास करता दिख रहा है । नाराज विधायक कारण जानने से भी मना कर देते हैं, इस पर अपमानित उपायुक्त को केवल इतना कहते देखा जा सकता है कि ''मैं आपसे कोई बात नहीं करूंगा ।'' इसके बाद वह मौके से चले जाते हैं ।

# मैपिकॉन बठिडा 2019 में 800 डॉक्टर देंगे लेक्चर

**बठिंडा।** एसोसिएशन ऑफ फिजिर्यस ऑफ इंडिया (मालवा शाखा) का 6वां वार्षिक सम्मेलन तीन दिवसीय मैपिकॉन बठिडा 2019 13 से 15 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पंजाब के अलावा अन्य राज्यों से 800 से ज्यादा डॉक्टर शामिल होंगे, जबकि 30 से ज्यादा रिसर्च पेपर पढ़े जाएंगे। मैपिकॉन बठिडा के आर्गेनाइजिंग सचिव व एपीआई मालवा के चेयरमैन डॉ. वितुल गुप्ता ने बताया कि इस कांफ्रेंस में दिल्ली एम्स के निर्देशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, पंजाब मेडिकल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. एएम सेखों, दिल्ली मेडिकल काउंसिल के डॉ. गिरीश त्योगी, डॉ. एमसी मनचंदा पूर्व एचओडी कार्डियोलॉजी एम्स दिल्ली, डॉ. जीएस वांडर एचओडी कार्डियोलॉजी हीरो हार्ट डीएससी लुधियाना, डॉ. अतुल सचदेवा पूर्व डायरेक्टर प्रिंसिपल जीएमसी चंडीगढ़, डॉ. अनिल बंसाली एचओडी एंडोकिनोलॉजी पीजीआई चंडीगढ़, डॉ. एचवी कुलकर्णी व डॉ. चित्रा कुलकर्णी मुंबई, डॉ. सुधीर भंडारी एसएमएम मेडिकल कालेज जयपुर, डॉ. एचपी सिंह निर्देशक फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल अमृतसर, डॉ. सौरभ उप्पल, बाल रोग एंडोक्राइनोलॉजिस्ट जालंधर, डॉ. जतिंदर के मोक्टा मेडिकल कालेज शिमला, डॉ. सोनिया अरोड़ा, सलाहकार आहार व पोषण बठिडा, डॉ. राजू सिंह चिन्ना डीन अकादमिक डीएमसी लुधियाना विशेष तौर पर शामिल होंगे और लेक्चर देंगे।

## बहरोड़ थाने में फायरिंग करने वालों में दो से ज्यादा रेवाड़ी के बदमाश शामिल

# हिस्ट्री शीटर पपला की फरारी में 'रेवाड़ी कनेक्शन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

दो लाख के इनामी हिस्ट्री शीटर बिक्रम गुर्जर उर्फ पपला की फरारी में रेवाड़ी कनेक्शन सामने आया है। पपला को छुड़ाने जो बदमाश बहरोड़ थाना पहुंचे थे उनमें दो बदमाश रेवाड़ी के भी बताए गए हैं। इसके अलावा वारदात में प्रयोग काले रंग की स्विफ्ट वीडीआई कार का रजिस्ट्रेशन नंबर भी रेवाड़ी का है। पपला व उसके साथियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। बदमाशों के रेवाड़ी की सीमा से सटे छुपे होने की जानकारी पुलिस को पहले ही लग गई थी। यही कारण है कि पिछले दो दिनों से रेवाड़ी पुलिस की एक दर्जन से ज्यादा टीमें दूसरे दिन भी बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए खाक छानती रही। राजस्थान की सीमा से लगते बावल के गांव खेड़ी डालू सिंह, प्राणपुरा, राणौली, झाबुआ के अलावा कुंड क्षेत्र के साथ लगते राजस्थान एरिया में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। रेवाड़ी में भी डा. कुलदीप गैंग से जुड़े कुछ गुर्गों को हिरासत में लिए जाने की खबर है, लेकिन अधिकारी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। बिक्रम उर्फ पपला को गैंगस्टर कुलदीप का खास माना जाता है। उसके इशारे पर वह महेन्द्रगढ़ जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर चुका है। इसके अलावा भी उसने एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी थी। दो साल पहले भी पपला को महेन्द्रगढ़ कोर्ट में पेश के दौरान उसके साथी बदमाश पुलिस पर फायरिंग कर छुड़ा ले गए थे।

### आकाश की पताल तक तलाश

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुख्यात पपला को छुड़ाने वालों में रेवाड़ी का बदमाश आकाश भी शामिल था। उस पर रामपुरा थाना में केस भी दर्ज हैं। उसका रिकार्ड पुलिस ने निकाल लिया था। अभी पुलिस की नजर उसे तलाशने की है। उसके बाद पपला व आकाश के कनेक्शन के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

### एके-47 के इस्तेमाल से खौफ

राजस्थान के बहरोड़ थाना में हुई वारदात को आसपास में सबसे बड़ी वारदात माना जा रहा है। पुलिस खुद मानती है कि इस प्रकार की घटना पहले कभी नहीं हुई। वहीं बदमाशों द्वारा थाना के भीतर घुसकर एके-47 से अंधाधुंध फायर करने से आम लोग ही नहीं, बल्कि खुद पुलिस में खौफ है।

### बहरोड थाना मामला : मुंडावर में पांच संदिग्ध गिरफ्तार


नारनौल। फरार होने से पहले नकदी सहित बदमाश विक्रम पपला के साथ एसएचओ सुगनचंद।

**नारनौल।** बहरोड़ पुलिस थाना से फरार पपला मामले में जांच आगे बढ़ी है। राजस्थान पुलिस ने बहरोड़ से कुछ दूर गांव मुंडावर में पांच संदिग्धों को पकड़ा है। इनका वारदात में हाथ होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस अभी कुछ भी बताने से बच रही है। राजस्थान में नाकाबंदी के दौरान बहरोड़ पुलिस ने गुरुवार रात जब गाड़ी को रोककर तलाशी ली थी, उस वक्त विक्रम पपला के पास 31 लाख 90 हजार की नकदी मिली थी। यहीं नही, गाड़ी में कई फर्जी नंबर प्लेट भी मिली थी। पपला को हवालाती कमरे में बंद करने से पहले बहरोड़ पुलिस थाना एसएचओ सुगनचंद राठौड़ ने फोटो खींचवाई थी। इस फोटो में बहरोड थाना एसएचओ पकड़ी गई नकदी व नंबर प्लेट दिखा रहे है। उनके पास खड़ा व्यक्ति विक्रम पपला है। अब यह फोटो वायरल हो रही है।

गोल्डऐज एस्टेट एंड इनवेस्टमैंट्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : सी-115, मानसरोवर गार्डन, ग्राउंड फ्लोर, नई दिल्ली- 110015
CIN: U70101DL1992PLC047541 Ph. No.-011-25193268
Web Site: www.goldedgeestate.in E mail: goldedgeestate2016@gmail.com

सदस्यों को सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :-
1. एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), सी-115, मानसरोवर गार्डन, ग्राउंड फ्लोर, नई दिल्ली 110015 में सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को अप. 2.00 बजे आयोजित की जाएगी। वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स सोमवार 23 सितम्बर 2019 से सोमवार 30 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।
2. एजीएम की सूचना सभी सदस्यों को, जिनके नाम 17 अगस्त 2019 को सदस्यों के रजिस्टर / आरटीए के रिकार्ड में दर्ज हैं, जिनके पते / ई-मेल आईडी पंजीकृत हैं, को अनुमत्य मोड में भेज दी गई है। एजीएम की सूचना का प्रेषण 05 सितम्बर 2019 को पूर्ण कर लिया गया है।
3. 23 सितम्बर 2019 की कट-ऑफ तिथि के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य एजीएम के स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से (दूरस्थ ई-वोटिंग) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड "सीडीएसएल" की इलैक्ट्रोनिक मतदान प्रणाली के माध्यम से एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मत दे सकते हैं। सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
(i) एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से सम्पादित किया जा सकता है।
(ii) दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी।
(iii) दूरस्थ ई-वोटिंग रविवार, 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
(iv) एजीएम में अथवा इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट-ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2019 है।
(v) कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है तो वह बैठक की सूचना और ई-वोटिंग हेतु प्रक्रिया (लॉगइन आईडी और पासवर्ड समेत) प्राप्त करने के लिये पंजीकृत पते पर अथवा उपरोक्त ई-मेल आईडी पर कम्पनी को लिख सकता है।
(vi) सदस्य कृपया ध्यान दें कि (ए) ई-वोटिंग की अनुमति रविवार 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे के पश्चात् नहीं दी जाएगी और किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मत दे दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (बी) मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी। (सी) सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित हो सकते हैं परन्तु दोबारा अपना मत देने के लिये हकदार नहीं होंगे और (डी) कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरी द्वारा मैन्टेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वह मतपत्र के माध्यम से एजीएम में मतदान करने के साथ-साथ दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये हकदार होंगे।
(vii) कम्पनी के जिन सदस्यों को सूचना प्राप्त नहीं हुई है, उनसे एमएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.msei.in से और कम्पनी की वेबसाइट www.goldedgeestate.in से इसे डाउनलोड करने का आग्रह किया जाता है
(viii) पूछताछ के मामले में सदस्य श्री निखिल बंसल, निदेशक-सह-मुख्य वित्तीय अधिकारी के पास उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं, फोन : 011-25193268, ई मेल आईडी : goldedgeestate2016@gmail.com अथवा रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट्स के पास निम्नलिखित पते पर : स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी-153ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-1, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110020, टेली. : 011-26812682-83, फैक्स : 011-26812682, ई-मेल आईडी : virenr@skylinerta.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते गोल्डऐज एस्टेट एंड इनवेस्टमैंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
जगदीश चन्द अग्रवाल
अध्यक्ष
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05.09.2019

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड
CIN: L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी-4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
Tel: 011-25774212-214, 25771629; Email id: rekha.srivastava2016@gmail.com

37वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड के सदस्यों की 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार 30 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे अमराई फॉर्म्स, खसरा नं. 375, गांव कापसहेड़ा, निकट पुलिस चौकी, पुराना दिल्ली-गुड़गांव रोड, कापसहेड़ा, नई दिल्ली-110037 में आयोजित की जाएगी।
37वीं एजीएम की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां और वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट शेयरधारकों को जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, पूर्वा शेयर रजिस्ट्री (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। 37वीं एजीएम की सूचना और भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में सभी शेयरधारकों को उनके पंजीकृत पते पर भेज दी गई हैं।
एजीएम के उद्देश्य हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार, 24 सितम्बर 2019 सोमवार, 30 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।
सदस्यों को एनएसडीएल द्वारा एजीएम के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली (दूरस्थ ई-वोटिंग) के माध्यम से एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर अपना मत देने की सुविधा प्रदान की गई है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
* एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है।
* दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 (पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी) से आरम्भ होगी और रविवार 29 सितम्बर 2019 (अप. 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि व समय के उपरांत दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
* इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मत देने की पात्रता निर्धारित करने के लिये कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2019 है।
* कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वह अपना मत देने के लिये अपना मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
* सदस्य नोट करें कि :- (ए) एजीएम में मत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। (बी) जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम से पहले अपना मतदान कर दिया है वे एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं किन्तु अपना मत पुनः देने के पात्र नहीं होंगे (सी) जिस व्यक्ति का नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा बनाये गये लाभप्राप्तकर्ता मालिक के रजिस्टर में कट ऑफ तिथि को दर्ज है केवल वे ही दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ मत पत्र के माध्यम से एजीएम में वोट देने के पात्र होंगे।
* 37वीं एजीएम की सूचना डाउनलोड करने हेतु कम्पनी और बीएसई की वेबसाइट www.forutuneinternational.in/www.bseindia.com पर उपलब्ध है।
* किसी पूछताछ के सम्बन्ध में आप सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूएस) और सदस्यों हेतु डाउनलोड सेक्शन www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध के दूरस्थ ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800-222-990 पर कॉल कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
हस्ता/-
निवेदन भारद्वाज
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन 00040191)
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07.09.2019

## खबर संक्षेप



### अमेठी में 550 करोड़ से होगा रेलवे का काम : स्मृति ईरानी

**लखनऊ।** अमेठी में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल 550 करोड़ से तीन फेस में डबलिंग व विद्युतीकरण का काम कराएगा। इससे अमेठी सहित जयस, रायबरेली व गौरीगंज स्टेशन से अन्य स्टेशनों की कनेक्टिविटी जहां बढ़ेगी, वहीं इलेक्ट्रिक ट्रेनों को भी भविष्य में शुरू किया जा सकेगा। यही नहीं अमेठी को वाई फाई से कनेक्ट करने और गौरीगंज रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की बात कही। यही नहीं अमेठी से सांसद व कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वह अक्टूबर 2019 में प्रधानमंत्री व रेल मंत्री के साथ अमेठी में होने वाले कार्यों का उद्घाटन करने आएंगी। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी शनिवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम संजय त्रिपाठी से मिलकर अमेठी में चल रहे रेलवे कार्यों का जायजा लिया। स्मृति ने स्पष्ट कहा कि जो पीएम व रेलमंत्री के सहयोग से रेलवे के कार्य हो रहे हैं, उन कार्यों से मैं अमेठी की जनता को अवगत कराना चाहती हूं।

### शामली: युगल की पिटाई मामले में चार लोग धरे

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले में युगल की कथित तौर पर पिटाई करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार घटना शुक्रवार को कांधला इलाके के सलीमपुर मार्ग पर हुई, जब दोनों (पीड़ित) खेत में अकेले थे। वीडियो से आरोपियों की पहचान की गई, मामले की आगे की जांच जारी है। वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## पीड़िता को मामला दर्ज कराने के लिए कई दिन तक भटकना पड़ा

# दो सिपाहियों ने विदेशी मूल की महिला से किया गैंगरेप

एजेंसी ⏭ मथुरा

यूपी के मथुरा जनपद में विदेशी मूल की महिला से दो सिपाहियों द्वारा कथित रूप से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़ित महिला के कई दिन भटकने के बाद मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार शाम मथुरा कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। आरोपी सिपाहियों में से एक आगरा फोर्ट जीआरपी जबकि दूसरा अभिसूचना इकाई से संबंधित है। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि चार वर्ष पहले हाथरस के बिसावर में एक युवक से शादी करके भारतीय नागरिकता हासिल कर लेने वाली किर्गिस्तानी मूल की



महिला ने राजकीय रेलवे पुलिस, आगरा फोर्ट में तैनात सिपाही धर्मेंद्र कुमार गिरि पर आरोप लगाया है कि वह उस समय उसकी वीजा की अवधि बढ़वाने के लिए उसे लखनऊ स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ले गया था। महिला का आरोप है कि सिपाही ने वहां उससे दुष्कर्म करके वीडियो क्लिप बना ली थी।

- सिपाही धर्मेंद्र ने चार साल पहले लखनऊ में महिला से रेप करके बनाई थी वीडियो क्लिप
- एक आरोपी सिपाही आगरा फोर्ट जीआरपी में, दूसरा अभिसूचना इकाई से है संबंधित
- रेप आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी

### जांच के लिए अस्पताल भेजी गई महिला

कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम में एसएसपी शलभ माथुर के आदेश पर मथुरा कोतवाली में दुष्कर्म एवं जान से मारने की धमकी देने के लिए मामला दर्ज करके महिला को जांच के लिए जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया।

### वीडियो क्लिप के बल पर ब्लैकमेल कर मथुरा में पीड़िता के साथ किया गैंगरेप

सिंह ने कहा कि महिला ने आरोप लगाया है कि अब बीती 31 अगस्त को सिपाही उसी वीडियो क्लिप के बल पर उसे ब्लैकमेल करते हुए उसे मथुरा लाया व वहां उसने एक होटल में अपने अन्य साथी आकाश पंवार के साथ उससे दुष्कर्म किया व इस बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि घटना के बाद उसने मामला दर्ज कराने के काफी प्रयास किए लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई।

## उत्तराखंड में कई जगहों पर भूस्खलन...



**चमोली।** शनिवार को गोविंदघाट और हिमालयन सिख तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के रास्ते पर भारी वर्षा के बाद भूस्खलन हुआ।

### पिथौरागढ में बादल फटने से बुजुर्ग की मौत, दो घायल

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के टिमटिया गांव में बादल फटने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई व उनके परिवार की दो महिलाएं घायल हो गईं। पिथौरागढ़ के जिला मजिस्ट्रेट वी के जोगडांडे ने बताया कि टिमटिया गांव में बादल फटने के बाद आई भारी बारिश के कारण देर रात करीब दो बजकर 40 मिनट पर राम सिंह का घर डूब गया जिससे 60 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और धानी देवी (55) व चंद्रा देवी (70) घायल हो गईं। पुलिस, राज्य आपदा त्वरित बल, स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे, बचाव अभियान चलाया।

### भूस्खलन में कई वाहन मलबे में दबे

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के गोपेश्वर जिले में हेमकुंड साहिब जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले गोविंदघाट में शनिवार सुबह हुए भूस्खलन के मलबे के नीचे आधा दर्जन से अधिक वाहन दब गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि अब तक हादसे में किसी की मौत की खबर नहीं है। सिख धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के रास्ते में गोविंदघाट सबसे अहम पड़ाव है। डीएम स्वाति भदौरिया और बचाव दल घटनास्थल पर रवाना हो गया है। जोशी ने बताया कि नहर में अचानक आई बाढ़ से गोविंदघाट में सड़क पर पानी जमा हो गया है और बद्रीनाथ को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित है।

### उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा है: रघुवर

**जमशेदपुर/रांची।** चंद्रयान-2 अभियान के विक्रम लैंडर से चांद की सतह पर पहुंचने से कुछ ही मिनटों पहले संपर्क टूट जाने के बाद झारखंड के सीएम रघुवर दास ने शनिवार को वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा है, आपको सफलता जरुर मिलेगी।

उन्होंने विक्रम लैंडर को चंद्रमा की सतह के करीब तक पहुंचाने में सफल रहने पर इसरो, उसके वैज्ञानिकों को बधाई दी व कहा कि इसरो ने हमेशा देशवासियों को खुशियां मनाने का अवसर प्रदान किया है। दास ने ट्वीट किया कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा है व आपको सफलता जरुर मिलेगी।

### यूपी: विस उपचुनावों के लिए भाजपा ने निर्वाचन क्षेत्र संयोजक किए घोषित

**लखनऊ। यूपी** भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए विस वार संयोजक घोषित कर दिए हैं। प्रदेश में होने वाले 13 विधानसभा के उपचुनाव हेतु विस संयोजक घोषित करने के बाद उन लोगों को चुनाव के लिए तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इसमें जिन लोगों को विस संयोजक बनाया गया है उनके नाम गंगोह में जितेंद्र जांग्ल्यान, रामपुर में संजय पाठक, टूडंला में दीपक राजोरिया व रविंद्र सिंह, हमीरपुर में आशीष पालीवाल, लखनऊ कैंट में मानसिंह, जैदपुर में राम सिंह वर्मा, जलालपुर में मनोज मिश्रा व चंद्रिका प्रसाद बलहा बहराइच में योगेश प्रताप सिंह, प्रतापगढ़ सदर में राजकुमार पाल व घोसी विस सीट के लिए दीनबंधु राव को विस संयोजक घोषित किया गया है।

नई जिम्मेदारी दिए जाने के साथ-साथ उन लोगों को संबधित जिले मे भेज दिया गया है ताकि जल्द अपने क्षेत्र में पार्टी के पक्ष में वोट पाने के लिए जरूरी इंतजाम करें। लोगों तक सरकार की मौजूदा समय में चल रही लोक हितकारी योजनाओं को पहुंचाएं जिससे कि जनता में भाजपा के लिए रुझान बढ़े। बता दें हमीरपुर उपचुनाव के लिए 23 सितंबर को मतदान होगा व 27 सितंबर को मतगणना होगी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विस से ओजस्वी मांडवी, केरला के पाला से हरि एन, त्रिपुरा के बदरघाट इलाके से मिमी मजूमदार, हमीरपुर से युवराज सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है।

# आजम प्रकरण: मुलायम के आह्वान पर नया आंदोलन नहीं करेगी सपा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव के आह्वान के कई दिन गुजर जाने के बाद पार्टी ने शनिवार को कहा कि सांसद आजम खां पर हो रहे 'सरकारी अन्याय' के खिलाफ उसका आंदोलन जारी है व कोई नई मुहिम चलाने की कोई योजना नहीं है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मुलायम सिंह यादव द्वारा पिछले दिनों आजम पर दर्ज हो रहे मुकदमों, अन्य कार्यवाही के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने के आह्वान पर अमल की तैयारियों के बारे में पूछने पर बताया कि हमारा आंदोलन तो पहले से ही चल रहा है। पिछली नौ अगस्त को मामले पर हर जिले में प्रदर्शन हो चुका है, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव राज्यपाल से मिलकर आजम



- मामले पर पिछले नौ अगस्त को हर जिले में हो चुका है प्रदर्शन
- नौ को रामपुर में आजम, उनके परिजनों से मिलेंगे अखिलेश

खां पर हो रही कार्रवाई का विरोध जता चुके हैं। इस सवाल पर कि क्या सपा मुलायम के आह्वान पर आंदोलन को और तेज नहीं करेगी, उन्होंने दोहराया कि हमारा आंदोलन चल रहा है व सपा अध्यक्ष अखिलेश आगामी नौ सितम्बर रामपुर जाकर आजम, उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। अभी कुछ नया करने की तो बात नहीं है। अखिलेश 9, 10 की रात रामपुर में ही रहेंगे। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### मुलायम ने सपाइयों से कही थी यह बात

सपा संस्थापक मुलायम ने गत तीन सितम्बर को कार्यकर्ताओं से रामपुर से पार्टी सांसद आजम पर हो रहे 'सरकारी अन्याय' के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की अपील की थी। मुलायम ने कहा था कि हम यूपी के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं कि आजम के अपमान, अन्याय के खिलाफ तैयार हो जाएं व पूरे प्रदेश में आंदोलन खड़ा करें। हम खुद उस आंदोलन में आगे खड़े होंगे। यह कहा था कि सपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, अन्य नेताओं से बात कर एक-दो दिन में आंदोलन की तारीख घोषित करेंगे।

### रांची में आजसू नेता के चाचा चाची की गला रेतकर हत्या

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में वृद्ध दंपती की हत्या कर दी गई है। दंपती की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई है। मामला रांची जिला के राहे प्रखंड का है। मृतक दंपती स्थानीय आजसू नेता के रिश्तेदार हैं।

- शुक्रवार की रात को हुई थी वृद्ध दंपति की हत्या, शनिवार की सुबह हुआ खुलासा

आजसू नेता के चाचा-चाची के नाम प्रह्लाद महतो (70) व घासनी देवी (62) हैं। दोनों राहे प्रखंड के सताकी गांव के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात को वृद्ध दंपती की हत्या कर उनके शवों को एक कमरे में बंद कर दिया। शनिवार की सुबह लोगों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने राहे पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दंपती की हत्या लूट-पाट के इरादे से की गई है। हालांकि, पुलिस ने अब तक मामले में कुछ भी नहीं कहा है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मृतक दंपती ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के राहे प्रखंड अध्यक्ष रंगबहादुर महतो के चाचा, चाची हैं। प्रखंड अध्यक्ष के चाचा, चाची की हत्या की खबर सुनकर आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो सताकी गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। साथ ही पुलिस को मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।

## राशिफल 08 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर अपने मूड स्विंगस पर नियंत्रण रखें। घर की साज-सज्जा के बारे में सोच सकते हैं। किसी प्रॉप्रर्टी को बुक करा सकते हैं। **शुभ अंक**: 3, **रंग** : क्रीम।

**वृष**: फ्रीलांसिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर लोगों से मेलजोल बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। यात्रा करते समय सतर्क रहें। किसी प्रॉप्रर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। **शुभ अंक**: 5, **रंग**: रोजी ब्राउन।

**मिथुन**: कार्यक्षेत्र पर किसी खुशखबरी से हौसला बढ़ेगा। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। कहीं तीर्थयात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंक** : 17, **रंग**: पैरेट ग्रीन।

**कर्क**: परिवार के सदस्यों की दखलअदांजी से परेशान हो सकते हैं। प्रॉप्रर्टी के मालिकाना हक को पाने में समस्या हो सकती है। खुशनुमा लोगों से मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: पैरेट ग्रीन।

**सिंह**: सैलरी बढ़ाने की आपकी मांग सहानुभूति वाले नजरिए से देखी जाएगी। माता-पिता किसी बात पर नाराज हो सकते हैं। प्रॉप्रर्टी खरीद सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक**: 4, **रंग**: नेवी ब्लू।

**कन्या**: व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। किसी प्रॉप्रर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक**: 3, **रंग**: लाल।

**तुला**: करियर में कुछ समस्या हो सकती है। परिवार का कोई झगड़ा आसानी से सुलझ जाएगा। किसी प्रॉप्रर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। किसी से मिलकर दंग रह जाएंगे। **शुभ अंक**: 5, **रंग** : बोटल ग्रीन।

**वृश्चिक**: परिवार के लोग आपके विचार को सपोर्ट करेंगे। प्रॉप्रर्टी को लेकर करीबी से झगड़ा हो सकता है। किसी ऐसे ऐसे मुलाकात हो सकती है जो आगे चलकर आपकी मदद करेगा। **शुभ अंक**: 18, **रंग** : मर्जेंटा।

**धनु**: कार्यक्षेत्र पर किसी काम में गलती कर सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। प्रॉप्रर्टी से जुड़े कोई मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। **शुभ अंक** : 22, **रंग**: वॉयलेट।

**मकर**: परिवार के सदस्यों पर खर्च कर सकते हैं। प्रॉप्रर्टी में किया गया निवेश फायदेमंद साबित होगा। पसंदीदा इंस्टीट्यूट में दाखिले के लिए मेहनत करें। अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंक** : 7, **रंग**: हल्का लाल।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स का विरोध करने से बचें। घर पर तनाव का माहौल रहेगा। आज के दिन किसी भी यात्रा पर जाने से बचें। पढ़ाई में दूसरों को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 2, **रंग**: लेमन।

**मीन**: कार्यक्षेत्र पर चीजों को जल्दी पूरा करने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। घर की खरीददारी कर सकते हैं। करियर में तरक्की के योग हैं। **शुभ अंक** : 9, **रंग** : सफेद।

### :टिप्स:

1. पीतल का वु.लो. घर में काला एनीला और भूरा जैले रंगो के कारण शयनकक्ष में कुछ नाकारात्मक ऊर्जा बन जाती है इससे निजात पाने के लिए घर में पीतल का वु.लो रखें।
2. बहुत ज्यादा फर्नीचर आपको कसे हुए होने का एहसास दिलाता है और आपको बांध कर रखता है, जिसकी वजह से आपके पास आने वाले अवसर पर भी असर पड़ता है। इसलिए बहुत ज्यादा फर्नीचर रखने से बचें।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# लालू से मिले भोला राय व उपेंद्र, बोले - बिहार में बढ़ेगा महागठबंधन का दायरा

एजेंसी ⏭ रांची

रिम्स में भर्ती चारा घोटाले के सजायाफ्ता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से शनिवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री भोला राय, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के नेता उपेंद्र कुशवाहा और रणविजय सिंह ने मुलाकात की।

इधर, लालू प्रसाद की बेटी चंदा, दामाद के भी मिलने के लिए आने की सूचना थी पर वे किसी कारणवश नहीं आ सके। लालू से मुलाकात के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि लालू की तबीयत में हल्की सुधार है पर उन्हें और बेहतर इलाज की जरूरत है। संबंधित प्रशासन को इस बात पर ध्यान देना चाहिए। बेहतर इलाज के लिए जो जरूरी स्टेप लेना हो, लेना चाहिए। बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर कहा कि महागठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा। महागठबंधन का दायरा बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लेफ्ट, एनडीए से अलग जो पार्टियां हैं, उनको महागठबंधन में शामिल करने की बात लालू जी से हुई है। झारखंड में विस चुनाव महागठबंधन के साथ



- नीतीश सरकार जाएगी, क्योंकि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, लॉ एंड ऑर्डर फेल : उपेंद्र

लड़ने की बात पर कहा कि हम महागठबंधन में हैं ही। अभी अंतिम रूप से यह तय होना बाकी है। यहां की हमारी स्थानीय इकाई मामले को देखेगी। बिहार में पोस्टरबाजी पर कहा कि अब बिहार में नीतीश कुमार की दाल नहीं गलने वाली है। क्योंकि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, लॉ एंड ऑर्डर बर्बाद है, किसानों की समस्या रोज बढ़ रही है। रोजगार की कमी है। 15 वर्षों में भी नीतीश ने इन सब का समाधान नहीं किया। इसलिए अब नीतीश कुमार की सरकार जाएगी।

### आग लगाने वाले दंपति में से पत्नी ने भी तोड़ा दम

**मथुरा।** यूपी के मथुरा जनपद में कोतवाली थाना सुरीर में खुद को आग लगाकर जान देने का प्रयास करने वाले दंपति में से पत्नी चंद्रवती ने शुक्रवार रात दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। चंद्रवती के पति की पांच दिन पहले ही मृत्यु हो गई थी। एसपी (ग्रामीण) आदित्य कुमार शुक्ला ने बताया कि इसको लेकर गांव में तनाव की आशंका के मद्देनजर गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मामले में पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपी सहित दो नामजदों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पांच अभी फरार हैं। मामले के अनुसार मथुरा के सुरीरकलां गांव निवासी जोगेंद्र (40) भट्टे पर मजदूरी करता था। पड़ोसी सत्यपाल उसके मकान पर कथित तौर पर कब्जा करना चाह रहा था। उसने जोगेंद्र को कई बार धमकाया। बीती 23 अगस्त को सत्यपाल ने अपने अन्य बदमाश साथियों के साथ मिलकर पति-पत्नी की पिटाई की थी।

प्रतापगढ़: दो अरब 22 करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास

# सपा-बसपा सरकारों को सुनाई खरी-खोटी

एजेंसी ⏭ प्रतापगढ़

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व की सपा-बसपा सरकारों पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने समाज को जाति के नाम पर बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। योगी ने जीआईसी मैदान में दो अरब 22 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने समाज को जाति के नाम पर बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछली सरकारें आपके हक पर डकैती डाल कर खुद के परिवार को और खुद के बैंक बैलेंस को बढ़ाती थीं पर हमारी सरकार में ऐसा नहीं होता है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने, तीन तलाक का नासूर खत्म करने के लिए कानून बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। सीएम ने कहा कि प्रतापगढ़ जिले से हमने आंवले की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 'एक जनपद एक उत्पाद' की योजना में आंवला के उत्पाद को उसकी मैपिंग, उसकी मार्केटिंग, उसकी ब्रांडिंग इन सबके लिए चुना है। साथ ही प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज की मांग को हमने पूरा किया। 1947 से 2016 तक यूपी में कुल 12 राजकीय मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। 2016 के बाद आज हमारी सरकार 15 नए मेडिकल कॉलेज बना रही है। योगी ने कहा कि अगले साल प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज में



- पिछली सरकारें आपके हक पर डकैती डाल कर खुद के बैंक बैलेंस बढ़ाती थी

### बिजली विरोधी हैं सपा, बसपाई

योगी ने कहा कि सपा-बसपा की सरकारों में बिजली नहीं आती थी क्योंकि ये लोग बिजली के घोर विरोधी हैं, अंधेरे में रहने के आदी थे व अंधेरे में ही प्रदेश के संसाधनों पर गरीबों के हकों पर डकैती डालते थे, हमारी सरकार में हर जनपद मुख्यालय को 23 से 24 घंटे, हर तहसील मुख्यालय को 18 से 20 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 16 से 18 घंटे की बिजली की आपूर्ति हो रही है।

प्रवेश प्रारंभ हो जाएगा, जिससे यहां का नौजवान डॉक्टर और इंजीनियर बनकर देश व दुनिया में अपनी प्रतिभा का लाभ दे सकेगा। हमारी सरकार ने हर जनपद में लाइफ सपोर्ट एबुलेंस दी है ताकि मरीजों को अच्छे हॉस्पिटल तक पहुंचाकर उसके जीवन की सुरक्षा की जाए। विगत दो वर्ष में हमने लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस से दो लाख से अधिक लोगों को नया जीवन देने का कार्य किया है। यह कार्य मोदी जी की प्रेरणा, आप सबके सहयोग, समर्थन से संभव हो सका है।

## हर तरफ मोटरयान (संशोधन) बिल का खौफ

# मेरठ में 51 सिपाहियों के कटे चालान

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में ट्रैफिक नियमों को और सख्त बनाने के लिए प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह ने सभी पुलिस वालों को पत्र लिखा है। पत्र में ओपी सिंह ने कहा कि अगर पुलिस का कोई अधिकारी ट्रैफिक के नियम तोड़ता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए और जुर्माना राशि से दोगुना उससे वसूला जाए। सोशल मीडिया पर अकसर पुलिस वालों के ट्रैफिक नियम तोड़ने की तस्वीरें वायरल होती हैं। इसी को देखते हुए यूपी के मेरठ शहर में ट्रैफिक पुलिस ने मुहिम चलाई है। इसमें सबसे ज्यादा नजर उन पुलिसवालों पर थी, जिन्होंने ट्रैफिक नियम तोड़े थे। इसी पहल के तहत पूरे मेरठ शहर में 51 पुलिस वाले ट्रैफिक नियम तोड़ते पाए गए, जिनके चालान काटे गए।

- यूपी के डीजीपी ने लिखा पत्र- पुलिसकर्मियों पर करें सख्त कार्रवाई

### रांची: पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, डीएल व इंश्योरेंस के लिए लगी भीड़



रांची में वाहन प्रदूषण जांच केंद्र पर शनिवार को लगी भीड़।



पटना। जाप प्रमुख पप्पू यादव ने नए मोटर वाहन (संशोधन) बिल के विरोध में की साइकिल की सवारी।

रांची। एक सितंबर से देश भर में लागू हुए मोटरयान (संशोधन) बिल का खौफ लोगों पर साफ दिख रहा है। ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और इंश्योरेंस आदि को लेकर लोगों में भागमभाग मची हुई है। जिधर जायें, हर ओर भीड़ दिख रही है। जिला परिवहन कार्यालय, वाहन प्रदूषण जांच केंद्र व इंश्योरेंस केंद्र पर शुक्रवार को लोगों की लंबी कतार दिखी। पहले से जागरूक लोग आसानी से अपना दस्तावेज बनवा लेते थे पर वैसे लोग जिनकी गाड़ी बिना दस्तावेज के चल रही थी, वे लोग ज्यादा परेशान हैं। क्योंकि दस्तावेज नहीं रहने पर उन्होंने भारी शुल्क चुकाना पड़ेगा। शहर के वाहन प्रदूषण जांच केंद्र में शुक्रवार को लोगों की जबरदस्त भीड़ दिखी।


**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : प्लॉट नं. 163, उद्योग विहार, ग्रैटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. 201308
CIN :L17112UP1993PLC022479, Email:samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com

30.06.2019 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
(रु. लाखों में, प्रति शेयर डाटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.19 अअंकेक्षित | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2019 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | 0.30 | 347.78 |
| 2 | कर के पश्चात् सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) | (225.22) | (1325.22) |
| 3 | कर के पश्चात् अवधि हेतु (असाधारण मदों के बाद) शुद्ध लाभ/(हानि) | (225.22) | (1325.22) |
| 4 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1490.00 |
| 5 | रिजर्वस (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | (21944.08) | (21944.08) |
| 6 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) - बेसिक और डायल्यूटेड | (0.30) | (1.78) |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) - बेसिक और डायल्यूटेड | (0.30) | (1.78) |

टिप्पणी :उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये त्रैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। त्रैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स तथा कम्पनी की वेबसाइट : www.samtexfashions.com पर उपलब्ध हैं।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/- अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07.09.2019

## युवक को जीवित देख परिजनों की आंखें खुशी से छलक उठीं

# घरवालों ने मरा समझकर जिसका कर दिया था तेरहवां, 12 साल बाद किसान की मदद से लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या (खरगोन)

जिसे मृत समझकर तेरहवां (निधन के बाद अंतिम संस्कार की रस्म) कर दिया था, उसे इंटरनेट की मदद से कुछ मददगारों ने घर तक पहुंचा दिया। युवक को जीवित देख परिजन की आंखें खुशी से छलक उठीं। इस रोचक घटनाक्रम में राजस्थान का एक किसान मददगार के रूप में सामने आया और मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के ग्राम काठियाबंधान से 12 वर्ष पूर्व लापता मानसिक रूप से परेशान भीमसिंह पुत्र खुसरिया (30) घर लौट सका।

परिजन ने मृत समझकर भीम का नुक्ता (मृत्युभोज) भी कर दिया था। उसके भाई मदन ने बताया कि भीमसिंह झिरन्या हाट बाजार से गुम हुआ था। उसके बाद भटकते हुए वह राजस्थान जा पहुंचा। कोटा जिले के छोटे से गांव मामोर निवासी किसान बृजमोहन मीणा ने उसे कई वर्ष तक बेटे की तरह साथ रखा। फिल्म बजरंगी भाईजान के कथानक से मेल खाती घटना के नायक किसान बृजमोहन ने बताया कि उन्होंने आठ वर्ष तक भीम को बेटे की तरह रखा।

एक दिन आदिवासी भाषा के गीत में उसने झिरन्या हाट और अपने गांव के नाम का उल्लेख किया। इस आदिवासी बोली से ही उन्हें उम्मीद बंधी। उन्होंने इंटरनेट पर सर्च करवाकर स्थानीय सीईओ महेंद्रकुमार श्रीवास्तव को दूरभाष पर सूचना दी। उसका फोटो भी भेजा। श्रीवास्तव ने भीमसिंह के गांव जाकर उसके माता-पिता व परिजन से मुलाकात की। उन्होंने बेटे का फोटो पहचान लिया। इसके बाद बड़ा भाई मदन, हमीर वास्कले, लक्ष्मण गटू और दो पंचायत सचिव लालू पवार व कमल खांडे राजस्थान से भीम को लेकर आए।



### मीणा को किया सम्मानित

ग्राम पंचायत सरपंच गोरेलाल वास्कले ने मीणा को आमंत्रित कर सम्मानित किया। भीम सिंह की मां जानूबाई (60) ने बताया कि इतने वर्ष बेटे के बिना उन्होंने कोई त्योहार नहीं मनाया। पिता खुसरिया (65) का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे को ढूंढने के लिए एक दर्जन से अधिक बकरे-बकरियों को बेच दिया था।

# स्कूल वैन में भड़की चिंगारी बाल-बाल बचे 20 बच्चे

## किड्स वेली कॉन्वेंट स्कूल की थी वैन, रोते रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के पिछोर में स्कूल वैन में चिंगारी भड़क गई, इस वैन में 20 स्कूली बच्चे बैठे हुए थे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक स्कूल वैन एलपीजी गैस टैंक से चल रही थी। बैटरी में सॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई।

किड्स वेली कॉन्वेंट स्कूल की वेन में जैसे ही चिंगारी लगी तो वैन में बैठे स्कूली बच्चे रोने लगे। उन्हें बिलखता देख पास से गुजर रहे पुलिस आरक्षक दीपक श्रीवास्तव ने बच्चों को बैन से तुरंत बाहर निकाला



और आग बुझाई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने वैन जब्त कर ली है। हादसा शनिवार दोपहर में घटित हुआ। हालांकि इस मामले में प्रशासन की भी बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई। स्कूल वैन एलपीजी गैस से चल रही है और प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

## मंत्री ने महिलाओं को चार सफाई मशीन, तीन ई-रिक्शा दिए

# नवा रायपुर की सड़कें चमकाएंगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवा रायपुर की सड़कों की सफाई का जिम्मा संभालने वाली महिलाएं अब यहां की सड़कें मशीनों से चमकाएंगी। काम में सहूलियत और सड़कों की तेजी से सफाई के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने इन महिलाओं को चार सफाई मशीन और तीन ई-रिक्शा दिए हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित प्रगति क्लस्टर महिला संगठन केंद्री पिछले चार महीनों से नवा रायपुर में सड़कों की साफ-सफाई का काम देख रही हैं।

नवा रायपुर की 75 किलोमीटर सड़कों की सफाई का जिम्मा संगठन की 50 महिलाओं पर है। ठेकेदारों के साथ जिस काम के लिए



महिलाओं को 150 रुपए रोज मजदूरी मिलती थी, वही काम क्लस्टर महिला संगठन द्वारा किए जाने से अब वे हर दिन 343 रुपये मानदेय पा रही हैं। मंत्री सिंहदेव ने कहा कि इससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही अच्छी आमदनी वाला स्थायी स्वरोजगार मिला है।

### बिहान कैंटीन पहुंचे सिंहदेव, लिया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद

सिंहदेव ने इंद्रावती भवन के बिहान कैंटीन पहुंचकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। उन्होंने यहां फरा, चीला, ठेठरी, खुरमी और साबूदाना बड़ा का स्वाद लिया। आरंग विकासखंड के रसनी, बिरबिरा और लखोली गांव की 35 महिलाएं कैंटीन की व्यवस्थाएं संभाल रही हैं। इसमें पिछले पांच महीने में 26 लाख 88 हजार रुपये की खाद्य सामग्री बेची गई, जिससे सात लाख 27 हजार रुपये ये की बचत हुई।

### उधर,महासमुंद की छात्रा ने पीएम मोदी के साथ देखी चंद्रयान -2 की लैंडिंग

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय महासमुंद की प्रतिभाशाली छात्रा श्रीजल चंद्राकर चांद पर चंद्रयान-2 की लैंडिंग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देखी। बैंगलुरु के इसरो मुख्यालय में सात सितंबर को पीएम की मौजूदगी में 'चांद पर चंद्रयान-2 की लैंडिंग' को लाइव दिखाया गया। इस दौरान इसरो के ऑडिटोरियम में पीएम मोदी के साथ वैज्ञानिकों की टीम और देशभर से चयनित 50 बच्चे और उनके पालक मौजूद रहे। श्रीजल का परिवार इस सुखद अवसर के लिए बैंगलुरु में था । दरअसल गत 22 जुलाई को चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के बाद इसरो की ओर से ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया था। 10 से 25 अगस्त तक हुए इस ऑनलाइन क्विज में श्रीजल ने पूरे छत्तीसगढ़ में गर्ल्स कैटेगिरी में टॉप किया है।इसलिए उसका चयन पीएम के साथ चंद्रयान-2 की लैंडिंग देखने के लिए हुआ है। श्रीजल चंद्राकर केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में कक्षा नवमी की छात्रा है। उसके पिता योगेश चंद्राकर महासमुंद में एलआइसी में पदस्थ हैं और मां ममता चंद्राकर गृहिणी हैं।



## सर्चिंग के दौरान गलगम के जंगल में आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली

# अपहरण, हत्या के आरोपी दो नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर में काम कर रही पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। बीजापुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी ने शनिवार को यहां अपहरण और हत्या जैसे संगीन मामलों में आरोपी दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और सीआरपीएफ 229 बटालियन के कमाण्डेंड विवेक भड़ाल ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थाना उसूर से उप निरीक्षक जितेन्द्र जायसवाल के हमराह जिला बल और



सीआरपीएफ की सयुंक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग के लिए गलगम की ओर रवाना हुई थी।

सर्चिंग के दौरान गलगम के जंगल में दो नक्सल आरोपियों को पकड़ने मे सफलता अर्जित की। पकड़े गए नक्सलियों के नाम लक्ष्मैया उर्फ लच्छू कट्टम और चिम्मा उर्फ चिन्नमी कट्टम बताए गए है।

यह दोनों जनमिलिशिया सदस्य के तौर पर नक्सल संगठन में काम कर रहे थे और इन दोनों पर साल 2018 में उसूर थाना क्षेत्र से दो ग्रामीणों को अगुआ कर उनकी हत्या करने का आरोप हैं। इनकी नक्सली गतिविधियों से ग्रामीण दहशत में थे। दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर बीजापुर न्यायालय में पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# थोड़ी ही बारिश में लबालब भर जाता है पानी, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई-दुर्ग

जानलेवा चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज अब और खतरनाक होता जा रहा। थोड़ी ही बारिश से जलभराव सिस्टम के मुंह पर तमाचा जड़ता है। कई सालों से इसी तरह के हालात निर्मित हो रहे हैं। पानी निकालने की कोशिश तो होती है, मगर स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है।

ट्विनसिटी में घंटेभर झमाझम बारिश ने राहत तो दिलाई मगर सिस्टम के निकम्मेपन से आफत भी लेकर आई। भिलाई के चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में लबालब पानी भर गया था। एक कार अंडरब्रिज पार करते समय बीच में ही बंद हो गई।



ऐसे में ड्राइवर ने जोखिम भांपकर दरवाजा खोलकर कार की छत पर बैठा रहा। आसपास के लोगों की मदद से वह बाहर निकल पाया। ठीक इसी तरह का नजारा दुर्ग शहर में भी देखने को मिला। दुर्ग के निचली बस्तियां बारिश से जलमग्न हो गईं।

## रायपुर में दुकान से 3 लाख लेकर शातिर ठग फरार सीसीटीवी कैमरे में तस्वीरें कैद

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मल्हार में एक शातिर चोर ने एक दुकान के गल्ले में रखे तीन लाख रुपये बड़ी ही सफाई से पार कर लिए और दुकान से चंपत हो गया। इस शातिर चोर को यह अंदाजा नहीं था कि दुकान में एक तीसरी आंख भी मौजूद है जो उसकी इस कलाबाजी को देख रही है। चोर की यह हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई और अब पुलिस उसके हुलिए के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार रात की है। शहर के मुख्य बाजार के किराना दुकान में एक युवक दाखिल हुआ और दुकान के गल्ले में रखे नोट के बंडल समेट कर वहां से चुपचाप चलता बना।

# कोरबा:39 हाथियों के दल ने मचाई तबाही, किसानों की नींद हुई हराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

वन परिक्षेत्र करतला में घूम रहे 39 हाथियों के दल ने बीती रात सुईआरा, तुर्रीकटरा व पीडिया में भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने इन गांवों के 26 से अधिक किसानों की 8 हेक्टेयर फसल रौंद दी, जिससे उन्हें 1 लाख 78 हजार रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है।

हाथियों का दल विगत तीन दिनों से पीडिया गांव के आसपास मंडरा रहा है। यह दल गुरुवार की रात निकटस्थ ग्राम सुईआरा, तुर्रीकटरा व पीडिया में किसानों के खेत में पहुंच गया और उत्पात मचाते हुए वहां लगे धान की फसल को चट करने के साथ ही पैरों तले रौंद दिया। तुर्रीकटरा में 10, सुईआरा में 11 व पीडिया में 5 किसान प्रभावित हुए।

हाथियों ने यहां फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने के बाद जंगल की ओर रुख कर लिया। हाथियों के तीन गांवों में पहुंचने और व्यापक पैमाने पर फसल रौंदे जाने की सूचना पर शनिवार को वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसान का सर्वे करने के साथ ही हाथियों को खदेड़ने की कवायद में जुट गया है।

**नुकसान पहुंचाने के बाद जंगल की ओर चले गए हाथी**



### सर्वे के बाद पता चलेगा वास्तविक नुकसान

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार नुकसान का वास्तविक आंकड़ा सर्वे के पश्चात ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक तौर पर 1 लाख 78 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। उधर 4 हाथी अभी भी बालको रेंज में मौजूद हैं। शनिवार की सुबह हाथियों को अजगर बहार के जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। हाथियों ने यहां भी फसल को नुकसान पहुंचाया है।

## संस्था में बड़े पैमाने पर घपले की आशंका

# करोड़ों बटोरने वाली 'संजीवनी' के लॉकर में मिले 146 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मालवा और निमाड़ क्षेत्र में करीब आठ हजार जमाकर्ताओं और 2500 अभिकर्ताओं से करोड़ों रुपए बटोरकर भागने वाली संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव संस्था के इंदौर स्थित प्रधान कार्यालय के लॉकर में मात्र 146 रुपए की चिल्लर मिली। सहकारिता विभाग के जांच दल ने शुक्रवार को एबी रोड पर कंचन सागर बिल्डिंग का कार्यालय सील कर दिया। संस्था कार्यालय में कई दस्तावेज भरे पड़े हैं, लेकिन इसमें से अभी कुछ ही दस्तावेज लिए गए हैं। बाकी दस्तावेज के लिए जब्ती अधिकारी नियुक्त किया जा सकता है।

संस्था में बड़े पैमाने पर घपले की आशंका के कारण सहकारिता अधिनियम की धारा-60 के तहत इसकी समग्र जांच की जाएगी। सहायक आयुक्त दीपाली खंडेलवाल के नेतृत्व में गठित जांच दल शुक्रवार को कंचन सागर




बिल्डिंग हुंचा। संस्था के जिन कर्मचारियों ने शिकायत की थी, उन्हीं के पास कार्यालय की चाबी थी। इसके बाद सभी की उपस्थिति में जांच दल के अधिकारी संजय कौशल, एमएम श्रीवास्तव ने लॉकर का ताला खुलवाया।

जिस संस्था में करोड़ों का लेनदेन होता था, उसके लॉकर में कुल 146 रुपए की चिल्लर ही मिली। जांच अधिकारियों ने संस्था पर अपना ताला लगाकर संयुक्त आयुक्त के आदेश से कार्यालय के शटर पर नोटिस चस्पा कर दिया। लिखा कि किसी भी व्यक्ति ने कार्यालय का ताला खोलने की कोशिश की तो उसके खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।

# बदला लेने के लिए गर्लफ्रेंड के फ्लैट वाली बिल्डिंग में ही लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

आलापुरा की तीन मंजिला इमारत में आग लगाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित की प्रेमिका उक्त इमारत में रहती है। गुरुवार शाम दोनों के बीच विवाद हो गया था। बदला लेने के लिए आरोपित ने दोस्तों के साथ शराब पार्टी मनाई और रात में आग लगाकर भाग गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आगजनी और प्राणघातक हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जूनी इंदौर सीएसपी दिशेष अग्रवाल के मुताबिक रावजी बाजार थाना क्षेत्र के रुद्राक्ष अपार्टमेंट में गुरुवार को आग लग गई थी। आग इतनी भीषण थी कि सात फ्लैट में रहने वाले 18 लोग फंस गए। लोगों को किसी तरह रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। हादसे में सात लोग झुलस गए। जांच के दौरान सामने की इमारत में लगे सीसीटीवी फुटेज निकाले गए तो एक युवक आग

**18 लोग फंस गए थे, तीन आरोपी गिफ्तार**



लगाते और दो युवक बगल में खड़े नजर आए।

पुलिस ने आरोपी अरुण पिता प्रकाश वर्मा निवासी भाट मोहल्ला, जीवन पिता गणेश परमार निवासी महल कचहरी रोड, दीपक उर्फ भय्यू पिता लखन यादव निवासी रावजी बाजार को गिरफ्तार कर लिया। सीएसपी के मुताबिक जीवन का इमारत में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दो दिन पूर्व जीवन ने उसे अन्य युवक से बात करते देख लिया था। दोनों में इसी बात पर मारपीट भी हो गई।

### *तीली जलाकर बाइक पर फेंकी तो हुआ धमाका*

*रात में जीवन ने दीपक और अरुण के साथ कलाली पर शराब पी और बताया कि प्रेमिका से बदला लेना है। देर रात तीनों ने इमारत की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में आग लगाने का षड़यंत्र रचा और दोपहिया वाहन से आलापुरा जा पहुंचे। जीवन ने दीपक को माचिस देकर रवाना किया और दोनों कुछ दूर खड़े हो गए। दीपक ने एक बाइक के पेट्रोल टैंक की नली निकाली और तीली जलाई, लेकिन पहली बार में तीली टूट गई। दूसरी बार में तीली जलाकर जैसे ही बाइक पर फेंकी, जोर से धमाका हुआ और आग की लपटें उठने लगीं। पेट्रोल की वजह से आसपास के वाहनों ने भी आग पकड़ ली और कुछ ही देर में आग इमारत की तीसरी मंजिल तक पहुंच गई। टीआई सुनील गुप्ता के मुताबिक आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।*

## 'फिट इंडिया' को बताया नया शिगूफा

# पीएम मोदी के गलत फैसलों से बिगड़ी अर्थव्यवस्थाः दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश में मंत्री उमंग सिंघार के साथ चल रहे सियासी विवादों के कांग्रेस नेता दिग्विजय शनिवार को इंदौर पहुंचे और कई मुद्दों पर पत्रकारों के साथ बात की। देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े सवाल पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि पीएम मोदी के गलत फैसलों के कारण अर्थव्यवस्था बिगड़ी है। लोग बेरोजगार हो रहे हैं और नए निवेश भी नहीं आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नया शिगूफा छोड़ रहे हैं अब फिट इंडिया लेकर आ गए हैं। उनको अर्थव्यवस्था पर चिंता नहीं है। इस बात की खुशी है कि हमारे स्वास्थ्य की चिंता है, लेकिन उन्हें इकॉनमी की तरफ ध्यान देना चाहिए। इसके लिए मोदीजी की सरकार दोषी है। भोपाल में आपके समर्थन में पोस्टर लगाए जा रहे हैं तो उन्होंने साफ कहा कि मैं पोस्टर पॉलिटिक्स के बिल्कुल खिलाफ हूं। मैं हमेशा कार्यकर्ताओं ने कहता हूं कि मुझे माला न पहनाएं, पोस्टर न लगाएं। मैं कमलनाथ सरकार का अंग नहीं हूं। राज्यसभा का मेंबर हूं। मेरे साइन से प्रदेश में कोई सरकारी काम नहीं होता है। विवादित धर्मगुरु जाकिर नाइक से दोस्ती पर कहा कि मेरी दोस्ती तो भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से भी है।

## सेंट्रल पोटेटो रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.एसके चक्रवर्ती ने किया रिसर्च

# आलू से नहीं बढ़ता फैट, फिर भी मोटापे के लिए बदनाम

### *आलू पराठे में बटर लगाकर खाएं तो मोटापा बढ़ेगा, लेकिन आलू का भर्ता बनाकर खाएं तो नहीं बढ़ेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

आलू, भविष्य का खाद्य है, यह बात रिसर्च में भी सामने आई है। इसमें, बाकी खाद्य पदार्थो के मुकाबले भरपूर पोषक तत्व मौजूद हैं, बावजूद इसके लोगों का मानना है कि आलू खाने से न मोटापा बढ़ता है और न ही शुगर। यह पूरी तरह से भ्रांति है। आलू में सबसे कम 0.1 फीसदी फैट होता है। यह कहना है सेंट्रल पोटेटो रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.एसके चक्रवर्ती का। उन्होंने बताया कि रिसर्च के दौरान यह बात भी सामने आई है कि आलू खाने के गलत तरीके से शरीर में फैट बढ़ता है। आलू पराठे में बटर लगाकर खाएं तो मोटापा बढ़ेगा, लेकिन उसी आलू का भर्ता बनाकर खाएं तो फैट नहीं बढ़ेगा।

### आलू में सभी विटामिन, भविष्य का खाद्य

आलू ही एक ऐसी सब्जी है, जिसमें, शरीर के लिए जरूरी सभी विटामिन हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, प्रोटीन, फैट है। डॉ.चक्रवर्ती बताते हैं कि इन सभी विटामिन के होने की वजह से इसे भविष्य का खाद्य कहा जाता है। आज भी लोग आलू से फैले भ्रम की वजह से इसका सेवन कम करते हैं। चावल की तरह, न तो इसमें शुगर है और बटर की तरह न ही इसमें फैट है। इतना ही नहीं जितना प्रोटीन एक अंडे में होता है उतना ही प्रोटीन एक आलू में है लेकिन दाल की तरह आलू में प्रोटीन की मात्रा नहीं पाई जाती।



डॉ.एसके चक्रवर्ती

### *बेलारूस में सबसे ज्यादा आलू खाते हैं*

*डॉ.चक्रवर्ती के मुताबिक आलू सबसे ज्यादा बेलारूस के लोग खाते हैं। वहां एक व्यक्ति साल में औसतन 180 किग्रा आलू खाता है। वहीं भारत में सालभर में प्रति व्यक्ति आलू की खपत औसतन 23 से 24 किग्रा है। यदि आलू से शरीर में फैट और शुगर बढ़ता तो मेरा मानना है कि बेलारूस के लोग ज्यादा मोटे और शुगर से पीड़ति होते। आज भी देश में भ्रम की वजह से आलू का सेवन करने से लोग कतराते हैं, जबकि यह बात रिसर्च में साबित हो चुकी है कि आलू एक कम्प्लीट फूड है, जिसमें पर्याप्त मात्रा में न्यूट्रीशियन होता है।*

# चंद्रयान ने बढ़ाया हौसला



उपलब्धि

प्रमोद जोशी

भारत के चंद्रयान-2 के लांच के साथ यह बात भी सामने आई कि दुनिया के तमाम नए देशों की दिलचस्पी अंतरिक्ष में जागी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट किया, हम फिर से चांद पर जाने वाले हैं। जिस समय लैंडर विक्रम का संपर्क टूटा उस समय पीएम मोदी और इसरो प्रमुख समेत तमाम वैज्ञानिक मौजूद थे। इसरो प्रमुख के भावुक होने पर मोदी ने उन्हें ढांढ़स बंधाया और कहा, हमारा हौसला अब और मजबूत हुआ है। चंद्रमा को छूने की हमारी इच्छा-शक्ति और दृढ़ हुई है, संकल्प और प्रबल हुआ है। यह दृढ़ विश्वास इस अभियान की देन है।

चंद्रयान-2 का लैंडर सफल और सुरक्षित तरीके से चंद्रमा पर उतर जाता तो शायद इस आलेख की शुरुआत दूसरे तरीके से होती, पर क्या इसका विषय बदलता? नहीं बदलता। यह अभियान विफल नहीं हुआ है। इसका एक हिस्सा गंतव्य तक नहीं पहुंचा पर यह इस यात्रा का छोटा सा अंश था। मुख्य चंद्रयान तो चंद्रमा की परिक्रमा कर ही रहा है। वैज्ञानिक प्रवृत्ति जिज्ञासु होती है। अब हमें समझना होगा कि लैंडर क्यों नहीं उतरा। यह भी एक चुनौती है, पर अभियान की सबसे बड़ी सफलता है समूचे देश की भागीदारी।

पूरे देश ने रात भर जागकर जिस तरह से अपने अंतरिक्ष यान की प्रगति को देखा, वह है सफलता। इस अभियान ने पूरे देश को जगा दिया है। सफल तो हमें होना ही है। चंद्रमा की सतह को लेकर बहुत सी जानकारियां हमारे पास हैं। जिस हिस्से में लैंडर विक्रम पहुंचा, वहां पहले कोई नहीं गया। उसने अपनी अधूरी रह गई यात्रा में भी कुछ न कुछ जानकारियां भेजी हैं। ये जानकारियां आगे काम आएंगी। मिशन का सिर्फ पांच प्रतिशत-लैंडर विक्रम और प्रज्ञान रोवर-का नुकसान हुआ है। बाकी 95 प्रतिशत-चंद्रयान-2 ऑर्बिटर-अभी एक साल चंद्रमा की तस्वीरें भेजेगा।

कल्पना करें कि विक्रम लैंडर सही तरीके से उतर जाता तो वह सफलता कितनी बड़ी होती। पहली बार में एक बेहद जटिल तकनीक के शत-प्रतिशत सफल होने की वह महत्वपूर्ण कहानी होती। इसरो अध्यक्ष के सिवन ने पहले ही कहा था कि इस अभियान के अंतिम 15 मिनट बहुत कठिन होंगे। प्रस्तावित सॉफ्ट लैंडिंग दिलों की धड़कन थाम देने वाली होगी, क्योंकि इसरो ने ऐसा पहले कभी नहीं किया है। चंद्रयान-2 की मूल योजना में लैंडर और रोवर रूस से बनकर आने वाले थे, पर रूस का चीन के सहयोग से मंगल मिशन फोबोसग्रंट विफल हो गया। रूस ने चंद्रयान-2 से हाथ खींच लिया, क्योंकि इसी तकनीक पर वह चंद्रयान के लैंडर का विकास कर रहा था। वह इसकी विफलता का अध्ययन करना चाहता था। इस वजह से इसरो पर लैंडर को विकसित करने की जिम्मेदारी भी आ गई। यह असाधारण काम था, जिसे इसरो ने तकरीबन पूरी तरह से सफल करके दिखाया।



इसी साल अप्रैल में एक इजरायली चंद्र अभियान लगभग इन्हीं स्थितियों में विफल हुआ है। इजराइल की एक निजी कंपनी का यान बेरेशीट चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश में क्रैश हो गया। यह दुनिया का पहला निजी चंद्र अभियान था। उसे इजराइली कंपनी स्पेस आईएल ने अमेरिकी कंपनी स्पेस एक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से रवाना किया था। यान ने 4 अप्रैल को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था और 11 को इंजन में तकनीकी समस्या आने के बाद इसका ब्रेकिंग सिस्टम नाकाम हो गया।

इजरायली यान चंद्रमा की सतह से 10 किलोमीटर की दूरी पर था कि पृथ्वी से इसका संपर्क टूटा और यह रोवर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद नासा ने मई में बताया कि चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे उसके ल्यूनर रिकोनेसां ऑर्बिटर (एलआरओ) ने बेरेशीट के दुर्घटना क्षेत्र की तस्वीरें भेजी थीं और बताया था कि वह कहां है। संभव है कि हमारा ऑर्बिटर अब बताए कि विक्रम कहां और किस स्थिति में है।

सफलता के जिस भी पैमाने से आकलन करें तो पाएंगे कि चंद्रयान-2 अभियान अंतरिक्ष में भारत की उपस्थिति का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। हमें अभी कई पड़ाव और देखने हैं। सूर्य और शुक्र अभियान भी जल्द ही सामने आने वाले हैं। अलबत्ता इस बीच चंद्रमा को लेकर दुनिया के कई देशों की दिलचस्पी जागी है। इस साल जनवरी में चीन का लैंडर चांद पर उतरा था। साल के अंत तक एक और जाने वाला है। जापान भी यान भेजने वाला है। अब अमेरिकी सरकार और निजी कम्पनियों के चांद-केन्द्रित कार्यक्रमों की बाढ़ आने वाली है।

अप्रैल में जो इजरायली यान चंद्रमा की सतह पर गिरा था, वह गूगल ल्यूनर एक्स प्राइज स्पर्धा में भी शामिल हुआ था। यह अपने किस्म की रोचक स्पर्धा थी, जिसमें केवल निजी टीमें शामिल हो सकती थीं। शुरुआती मुकाबले में 32 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी, जिनमें से बाद में घटकर 16 रह गईं और आखिर में कुल पांच टीमें बचीं। हालांकि दुनिया की कोई भी टीम निर्धारित समय सीमा में यह काम नहीं कर पाई, इसलिए वह पुरस्कार किसी को नहीं मिला, पर इजरायली टीम को दस लाख डॉलर का प्रोत्साहन पुरस्कार मिला था। इस प्रतियोगिता में एक भारतीय टीम इंडस भी शामिल हुई थी, जो अंतिम पांच तक पहुंची थी। बेंगलुरु की इस टीम इंडस ने अपने रोवर का नाम ईसीए रखा था, जो एक छोटी-सी आशा के पहले अक्षरों से मिलकर बना संक्षिप्त रूप था। यह अभियान अब कहानी के रूप में ही शेष है, पर इससे एक बात उभर कर आई कि भारत में इसरो ही नहीं, युवा वैज्ञानिक भी चुनौतियां स्वीकार करने को तैयार हैं।

चंद्रयान-2 के प्रक्षेपण के ठीक पहले दुनिया चंद्रमा पर मनुष्य के उतरने की पचासवीं वर्षगांठ मना रही थी। अपोलो-11 के यात्रियों नील आर्मस्ट्रांग और बज़एल्ड्रिन के अभियान के बाद से 10 और यात्री चंद्रमा पर विचरण कर चुके हैं। उस दौर में रूस और अमेरिका के बीच यह प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। कैनेडी के सपने के 43 साल बाद सन 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने घोषणा की कि 2020 तक अमेरिका फिर से चांद पर जाएगा। वहां जाकर वापस लौटने के लिए नहीं, बल्कि सौर मंडल में और आगे जाने के लिए चांद पर अड्डा बनाने के वास्ते।

भारत के चंद्रयान-2 के लांच के साथ यह बात भी सामने आई कि दुनिया के तमाम नए देशों की दिलचस्पी अंतरिक्ष में जागी है। हाल में अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने घोषणा की कि अमेरिका का इरादा सन 2024 में चंद्रमा पर अपने यात्री फिर से उतारने का है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट किया, हम फिर से चांद पर जाने वाले हैं। जिस समय लैंडर विक्रम का संपर्क टूटा उस समय पीएम मोदी और इसरो प्रमुख समेत तमाम वैज्ञानिक इसरो के कक्ष में मौजूद थे। इसरो प्रमुख के भावुक होने पर मोदी ने उन्हें ढाढस बंधाया और कहा, हमारा हौसला अब और मजबूत हुआ है। चंद्रमा को छूने की हमारी इच्छा-शक्ति और दृढ़ हुई है, संकल्प और प्रबल हुआ है। यह दृढ़ विश्वास इस अभियान की देन है।

# बर्बर पाकिस्तान



सच्चाई

प्रभात कुमार रॉय

सिंगापुर में पांच दिवसीय यात्रा पर गए विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान सभ्य देश बन जाए तो फिर भारत कश्मीर विवाद पर उससे वार्ता कर सकता है। एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को असभ्य देश कहकर वस्तुतः कूटनीतिक अत्यंत विनम्र शब्दों का इस्तेमाल किया है। अमेरिका में भारत के राजदूत और भारत के विदेश सचिव रह चुके एस. जयशंकर को उनकी असाधारण कूटनीतिक योग्यता के कारण ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशमंत्री बनाया गया। एक कूटनीतिज्ञ सदैव ही बातचीत में बेहद विनम्र होता है। पाकिस्तान के वास्तविक चरित्र का निरुपण और चित्रण यदि राजनीतिक भाषा में किया जाए तो फिर पाकिस्तान को बर्बर और नृशंस देश ही करार दिया जा सकता है। एक दौर में अपने ही वतन के 30 लाख बेगुनाह लेगों को बेरहमी से कत्ल करने वाले देश को और क्या कहा जा सकता है। बंगलादेश का निर्माण हो जाने के तत्पश्चात भी पाकिस्तान के फौजी हुक्मरानों ने अपने बेहिसाब गुनाहों के लिए सार्वजनिक तौर पर आज तक माफी नहीं मांगी। वर्ष 1972 में शिमला समझौते के तहत तकरीबन 93 हजार पाकक सैनिकों को भारत लौटाया गया था, किंतु 1971 के बंगलादेश युद्ध में गिरफ्तार किए गए भारतीय सैनिकों की गिरफ्तारियों को पाक ने छुपाया गया और युद्ध संधि का उल्लंघन किया। अब ऐसे देश को बर्बर और नृशंस नहीं कहा जाए तो फिर क्या कहा जाए। पाकिस्तान ऐसा देश रहा है कि जब कोई राजनीतिक लीडर पाक की फौज़ के वर्चस्व को चुनौती देता है तो फौजी हुक्मरॉन उसे ठिकाने लगाने में कतई देरी नहीं करते। तुरंत उसका तख्ता पल्टकर उसे जेल में डाल दिया जाता है। पाकिस्तान द्वारा कश्मीर घाटी को हड़प कर लेने की कोशिशें वर्ष 1947 से जारी हैं। चार युद्धों में पराजित हो जाने के बावजूद वर्ष 1989 से पाक द्वारा कश्मीर घाटी में प्रॉक्सीवॉर में एक लाख इंसानों को हलाक किया जा चुका है। विगत पांच अगस्त से जब से जम्मू-कश्मीर प्रांत का विशेष दर्जा खत्म किया गया है, तब से तो पाक बौखलाया हुआ है। भारत को परमाणु युद्ध की निरंतर धमकियां देकर गाल बजाने वाले पाक प्रधानमंत्री इमरान खान को क्या कहा जाए कुछ समझ नहीं आता? इमरान के लिए तो पगलाया और बौखलाया शब्द भी कम प्रतीत हो रहे हैं। पाक फौज़ के मुख्यालय रावलपिंडी में 6 सितंबर को पाक फौज के कमांडर-इन-चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा इमरान खान के सुर में अपना सुर मिलाते हुए कहते हैं कि कश्मीर को फतह करके ही पाकिस्तान संपूर्ण राष्ट्र बन सकेगा। कश्मीर फतह करने की बातें करते-करते पाकिस्तान कहीं फिर से अपने प्रांत बलूचिस्तान को न गवां बैठे। कश्मीर को फतह करना पाक के लिए अभी एक ख्वाब की तरह से है। किंतु बलूचिस्तान वस्तुतः पाक के लिए एक तल्ख़ हकीकत बन चुका है, जहां कि सरकश बगावत को कुचलनें के लिए पाक फौज़ को रोज अपनी ही आवाम पर बर्बर तौर पर बम बरसाने पड़ते हैं। बलूचिस्तान की बगावत को कुचलने की खातिर पाक फौज तकरीबन एक लाख बलूचों का वहशियाना कत्ल कर चुकी है। पाकिस्तान अपनी परम्परागत बर्बरता और जघन्यता का परित्याग कर दे, तब तो कहीं जाकर कश्मीर विवाद पर बातचीत मुमकिन हो सकती है अन्यथा पाक हुक्मरॉन युद्ध की जिस भाषा को अभी तक समझते रहे हैं, भारत पहले की तरह से उनकी ही भाषा में बाकायदा समझा सकता है।

पाकिस्तान के वास्तविक चरित्र का निरुपण और चित्रण यदि राजनीतिक भाषा में किया जाए तो फिर पाकिस्तान को बर्बर और नृशंस देश ही करार दिया जा सकता है। एक दौर में अपने ही वतन के 30 लाख बेगुनाह लेगों को बेरहमी से कत्ल करने वाले देश को और क्या कहा जा सकता है।

# फिजियोथैरपी को अपनाना ही होगा



विशेष

डॉ. गीतेश अमरोहित

फिजियोथैरेपी, मौजूदा परिदृश्य और भागमभाग जीवन शैली में अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा के लिए सबसे लोकप्रिय प्रणाली साबित हो रही है। दिव्यांगों की सक्षम बनाने में भी इस चिकित्सा पद्धति का कोई तोड़ नहीं है। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक चिकित्सा का ही वर्चस्व है। इसी चिकित्सा पद्धति से सामंजस्य बिठाकर फिजियोथैरेपी को अग्रिम पंक्ति में लाया जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम 'हम फिट तो इंडिया फिट' देश के सभी नागरिकों में फिटनेस को लेकर जागरुकता पैदा करने का मिशन है। इस मिशन के लिए उन्होंने फिजियोथैरेपिस्टों को स्व-स्फूर्त आगे आकर लोगों की तंदरूस्ती में योगदान देने का आह्वान किया है।

फिजियोथैरेपी एक सैद्धांतिक चिकित्सकीय विज्ञान और जीवन शैली का अनुशासन है, जिसमें गति और लय के साथ अस्वस्थता से स्वस्थता की ओर, अशक्तता से शक्तता की ओर, अक्षमता से क्षमता की ओर, बिस्तर से गति की ओर जाने के लिए मरीज को भौतिक माध्यमों से उपचार के साथ प्रेरित किया जाता है। जनसामान्य केवल अभी फिजियोथैरेपी से ही परिचित है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न विशेषज्ञों की भांति फिजियोथैरेपी में भी अलग-अलग भौतिक चिकित्सा विशेषज्ञ कार्य कर रहे हैं। आज फिजियोथैरेपी भारत सिहत दुनिया के अधिकांश देशों में चिकित्सा की लोकप्रिय प्रणालियों में शुमार है। दुखद पहलू यह है कि एलोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, सिद्ध, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के बाद मरीज फिजियोथेरेपी की ओर उन्मुख होता है। मरीज को सही सलाह न मिलना, फिजियोथेरेपी चिकित्सा पद्धति के बारे में मरीज की अनभिज्ञता, खर्चीनी उपचार पद्धति, लंबी चलने वाली चिकित्सा प्रणाली, चाहे कारण जो भी हो फिजियोथेरेपी में विश्वास जब मरीज को होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। इस कारण उपचार में समय लगना स्वभाविक हो जाता है।

आज देश भर में फिजियोथेरेपी के कई स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शासकीय और निजी शैक्षिणक संस्थान चला रहे है। वर्तमान दौर में देश भर में फिजियोथेरेपी चिकित्सकों की विशाल संख्या है, हालांकि फिर भी आज राष्ट्रीय स्तर पर पद्धति के चिकित्सकों की कोई काउंसिल नहीं है, जहां पंजीयन की सुविधा हो और भौतिक चिकित्सा महाविद्यालयों के संचालन की निगरानी हो सके।

छत्तीसगढ़ में राज्य निर्माण के बाद वर्ष 2002 में निजी और शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना हुई। उसके बाद अनेक अर्हताधारी चिकित्सक यहां से उत्तीर्ण हुए। विडंबना है कि राज्य के एकमात्र फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पाई है। हालांकि छत्तीसगढ़ अनेक विकसित राज्यों को पीछे छोड़ते हुए छत्तीसगढ़ फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशन थैरेपी परिषद का गठन कर चुका है। परिणाम स्वरूप राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वस्थ और उन्नत वातावरण का निर्माण हुआ है। राज्य में भौतिक चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों में सेवा दे रहे हैं। निजी क्षेत्र में भी उपचार के लिए फिजियोथेरेपी के कई उन्नत संस्थान प्रदेश में है। वर्तमान जीवनशैली से होने वाली बीमारियों मसलन पक्षाघात, मधुमेह, कमर दर्द, गठिया, वात रोग, बढ़ रही दुर्घटनाओं के कारण स्पाइनल कार्ड इंज्यूरी जैसी बीमारियों और अवस्थाओं में फिजियोथेरेपी विधा अत्यंत कारगर है।

बहरहाल इस क्षेत्र में अभी काफी कुछ करना शेष है। केंद्र और राज्य सरकार को इस विधा को समाज के हर तबके तक पहुंचाने के लिए जोर आजमाइश करनी होगी। आखिर हमें दिव्यांगता को भी तो पछाड़ना है, खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी सुधारना है।

फिजियोथैरेपी विशेष

# भारत-रूस संबंधों का नया अध्याय



संबंध

अवधेश कुमार

रूस ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने पर जिस तरह खुलकर भारत का समर्थन किया उससे बड़ा प्रमाण संबंधों की गहराई का नहीं हो सकता। सुरक्षा परिषद की बंद कमरे की मंत्रणा में रूस का मुखर तेवर भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला साबित हुआ था। ऐसे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय रूस यात्रा का महत्व बढ़ जाता है। हालांकि पूरी यात्रा के परिणामों को देखते हुए यह कहना गलत होगा कि मोदी ने केवल कश्मीर पर रूस के समर्थन को भविष्य के लिए सुदृढ़ करने के लक्ष्य से यात्रा की था। इस यात्रा के आयाम काफी व्यापक थे। सच कहा जाए तो इस यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में ऐसे अध्यायों की शुरुआत हुई है जिनके बारे में शायद पहले विचार नहीं किया गया था। रूस ने मोदी को अपने देश का सबसे बड़े नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित करने का ऐलान पहले से किया हुआ था। पुतिन ने ईस्टर्न इकोनोमिक सम्मेलन में उन्हें विशेष अतिथि के रुप में आमंत्रित किया। यह रूस की नजर में प्रधानमंत्री मोदी और भारत के बढ़ते कद का परिचायक है।

हालांकि 2014 से लेकर अब तक मोदी चार बार रूस की यात्रा कर चुके हैं। लेकिन इस यात्रा का महत्व सबसे अलग था। मोदी इस यात्रा में पूरी तैयारी से गए थे। प्रधानमंत्री के साथ फिक्की का 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल था। इसका सीधा अर्थ था कि सरकारी स्तरों से परे निजी स्तर पर व्यापार एवं निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। साझा पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा भी कि हमने सहयोग को सरकारी दायरे से बाहर लाकर उसमें लोगों और निजी उद्योग की असीम ऊर्जा को जोड़ा है। हमारे रिश्तों को हम राजधानियों के बार भारत के राज्यों और रूस के अन्य क्षेत्रों तक ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र की यात्रा करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री को कई मॉडल्स और प्रजेंटेशन के जरिए विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी गई। दरअसल, रूस इस क्षेत्र का विकास चाहता है और उसमें वह भारतीय कंपनियों का ही नहीं कुशल भारतीय कामगारों का भी स्वागत करने को तैयार बैठा है। व्लादिवोस्तोक में खनिज और ऊर्जा के बड़े भंडार मौजूद हैं। विदेश सचिव विजय गोखले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो जानकारी दी उसके अनुसार दुनिया में जहां कहीं भी मैनपावर की कमी है, भारत उन सभी जगहों पर स्किल्ड वर्कर्स या प्रशिक्षित कामगार भेजने पर काम रहा है। राजधानी मॉस्को से व्लादिवोस्तोक तक ट्रेन से पहुंचने में 7 दिन लगते हैं। यहां कम जनसंख्या की वजह से प्राकृतिक संसाधनों के खनन में भी परेशानी आती है। ऐसे में कृषि और खनन सेक्टर में भारत के लिए यह बड़ा मौका होगा।

दोनों देशों ने रक्षा, तकनीक, उर्जा से लेकर अंतरिक्ष मिशन तक 13 समझौते किए। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और रूस के बीच साझेदारी की चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारे बीच रक्षा, नाभिकीय उर्जा, अंतरिक्ष, बिजनस टु बिजनस समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सहमति बनी है। भारत में रूस के सहयोग से न्यूक्लियर प्लांट बन रहे हैं, कुछ समय पहले ही में भारत का एक प्रतिनिधिमंडल यहां पर आए और इस दौरान समझौतों को लेकर बातचीत हुई। भारत के एच-एनर्जी ग्लोबल लिमिटेड और रूस के नोवाटेक ने भारत और अन्य बाजारों में एलएनजी की आपूर्ति के लिए समझौता किया। रक्षा जैसे क्षेत्र में रूसी उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स दोनों देशों के संयुक्त उद्यम द्वारा बनाने पर हुआ समझौता रक्षा उद्योग को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा। चेन्नैई और व्लादिवोस्तोक के बीच एक समुद्री मार्ग तैयार किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। भारत-रूस इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर यानी अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट गलियारा पर भी काम कर रहे हैं। यह 7200 किलोमीटर लंबा सड़क, रेल और समुद्र मार्ग होगा जो भारत, ईरान और रूस को जोड़ेगा। कॉरिडोर हिंद महासागर और फारस की खाड़ी से ईरान के चाबहार बंदरगाह होते हुए रूस के सेंट पीटर्सबर्ग को जोड़ेगा। भारत और रुस के अलग-अलग स्थानों से जुड़ाव के बाद नागरिक, व्यापारिक आदान-प्रदान कितना आसान हो जाएगा यह आसानी से समझा जा सकता है।

इससे समझा जा सकता है कि कितने व्यापक स्तर पर संबंधों के विस्तार की आधारशीला रख दी गई। इसे ही संबंधों की सघनता कह सकते हैं। ध्यान रखिए, यह क्षेत्र चीन के बिल्कुल पास है। चीन ने वहां काफी निवेश किया हुआ है। इस तरह भले यह यात्रा छोटी यानी केवल 36 घंटे की थी लेकिन इसकी परिणति ऐतिहासिक है। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान पुतिन ने भी कहा कि हमारी दोस्ती लगातार मजबूत हो रही है। हम भारत की कंपनियों का रूस में स्वागत करना चाहते हैं। हम भारत में मिसाइल प्रणाली और रायफल बनाने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

भारत ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम का सदस्य नहीं है, लेकिन मोदी राष्ट्रपति पुतिन के विशेष आमंत्रण पर इसकी पांचवी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मोदी ने वहां बदलते हुए बेहतर भारत की तस्वीर पेश की जिसे दुनिया ने सुना। उसी मंच से उन्होंने रूस के सुदूर पूर्व में 1 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान कर संदेश दिया कि वह पूरे क्षेत्र में प्रभावी उपस्थिति की ओर अग्रसर है। इस मंच से भारत को रूस के सुदूर पूर्व को विकसित करने के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद और मंगोलिया के राष्ट्रपति खाल्तमागिन बत्तुलगा भी शामिल थे। प्रधानमंत्री ने कम समय में ही इन नेताओं से भी बातचीत की। वैसे अमेरिका के विरोध के बावजूद भारत द्वारा रूस से एस 400 मिसाइल प्रणाली खरीदने पर दिखाई दृढ़ता एवं उसका अग्रिम भुगतान कर देने से भी रुस का झुकाव ज्यादा बढ़ा है। अमेरिका एवं पश्चिमी यूरोप ने रूस को प्रतिबंधित किया हुआ है, लेकिन भारत ने क्रीमिया और यूक्रेन पर रूस की नीति से असहमत होते हुए भी उसको बिल्कुल नजरअंदाज नहीं किया। इससे भारत और रूस के संबंधों में व्यापक बदलाव आ गया। रूस का झुकाव चीन की ओर ज्यादा हो गया था। वह पाकिस्तान को भी काफी महत्व देने लगा था। इस दौरे से साबित हो गया कि भारत उसकी प्राथमिकता में है। दोनों देशों की अनेक अंतरराष्ट्रीय मामले पर एकजुटता का व्यापक असर होगा। अफगानिस्तान को लेकर भी दोनों नेताओं के स्वर एक ही थे। पाक और चीन वहां भारत की भूमिका नहीं चाहते। इस मायने में दोनों नेताओं की यह घोषणा बहुत महत्वपूर्ण है कि हम आतंकवाद से मुक्त एक शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक बाहरी हस्तक्षेप से परे अफगानिस्तान देखना चाहते हैं।

रूस का झुकाव चीन की ओर हो गया था। वह पाक को भी महत्व देने लगा था। मोदी के इस दौरे से साबित हो गया कि भारत उसकी प्राथमिकता में है। दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय मामले पर एकजुटता का व्यापक असर होगा। दोनों नेताओं की यह घोषणा बहुत महत्वपूर्ण है कि हम आतंकवाद से मुक्त एक शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक बाहरी हस्तक्षेप से परे अफगानिस्तान देखना चाहते हैं।

# राग दरबार



## स्वामी की हनक

पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम के सलाखों के पीछे जाने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रह्मण्यम स्वामी वह एक दशक की गई वह भविष्यवाणी व हनक पूरी हो गई, जिसमें कांग्रेसी दिग्गजों के घोटालों को उजागर करते रहे स्वामी ने पी. चिदंबरम को ए. राजा के साथ बराबर का दोषी मानते हुए दावा किया था कि एक दिन वह चिदंबरम को सलाखों के पीछे भिजवाकर दम लेंगे! चिदंबरम तिहाड़ जेल जा चुके हैं, भले ही 2जी में न सही, आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किए गए हों, लेकिन स्वामी की चिदंबरम को जेल भिजवाने की हनक पर मुहर लग गई। वैसे भी स्वामी घोटालों को उजागर कर कांग्रेस के बेलवृक्ष के विस्तारकों में गिने जाते हैं, जिन्हें कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ एक नहीं कई कथित घोटालों को अदालत में घसीटते देखा गया है। सोशल मीडिया की सुर्खियां बने चिदंबरम को लेकर यहां तक टिप्पणी हो रही है कि सलाखों के पीछे जाने के बाद शायद वह खुद यही सोच रहे होंगे कि 2007 के इस मामले में एक दशक बाद उन्हें कर्मो का फल मिल रहा है।

## चूहों का आतंक

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के फैसले लेने से पहले राज्य के कई ऐसे हजारों राजनीतिज्ञों को यह कह कर नजरबंद कर दिया था कि उनकी जान को खतरा पैदा हो सकता है। दरअसल इन नेताओं के बाहर होने के कारण राज्य की स्थिति खराब होने का अंदेशा था, वे भडकाऊ बयान देकर माहौल खराब कर सकते थे। सोशल मीडिया पर जेलों या नजरबंद नेताओं की हालत पर विपक्षी दल और पड़ोसी देश में बौखलाहट का माहौल है, लेकिन राज्य में शांति है। राजनीतक हलचल ऐसी हैं कि जो नेता जेलों में बंद हैं उन्हें आतंवादी नहीं बल्कि चूहों ने परेशान कर रखा है। जेलों में बंद नेताओं के परिजनों के हवाले से आ रही खबरों पर गौर किया जाए तो कई नेताओं को चूहें काट चुके हैं। मसलन इन नेताओं को अकेलापन और घबराहट के साथ अब चूहों को डर सता रहा है। सत्ता के गलियारों में हो रही चर्चा की माने तो इस बहाने विपक्षी दलों को सरकार के इस फैसले की आलोचना करने का मौका मिल रहा है, जो आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं?

## चुप्पी का राज

महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के बड़बोले प्रमुख राज ठाकरे इन दिनों चुप्पी साधे हैं। आखिर क्या है उनकी चुप्पी का राज। दरअसल महाराष्ट्र की भाजपा सरकार को लेकर प्रायः हमलावर रहने वाले राजठाकरे को गत 22 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय ने तलब किया था और 8 घंटे की लंबी पूछताछ की थी। आरोप है कि राज ठाकरे की कंपनी मातोश्री ने कुछ संदिग्ध लेन-देन किए हैं। सूत्र बताते हैं कि राज की कंपनी ने कागज पर ही कुछ फ्लैट्स की बिक्री कर दी और फिर ज्यादा दाम पर उसे खरीद भी लिया। इसके बाद उनके खाते में 80 करोड़ रुपये आ गए। यही 80 करोड़ उनकी परेशानी का सबब बन गए हैं। बताया जाता है कि पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। हालांकि ईडी ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया, लेकिन वे पूछताछ के बाद से ही गहरी चुप्पी में हैं। विपक्षी दल खासकर कांग्रेस और एनसीपी दोनों इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई कह रहे हैं। यहां तक कि शिवसेना प्रमुख उधव ठाकरे ने भी पूछताछ को गलत बताया, लेकिन राज चुप हैं। जबकि विधानसभा चुनाव सिर पर है और उनकी पार्टी मनसे चुनावी मैदान में भी रहेगी। तो ऐसे में उनकी चुप्पी रहस्य बनी हुई है। राजनीतिक गलियारे में इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। लेकिन राज हैं कि राज को राज ही रहने देना चाहते हैं।

## गहलोत बनाम पायलट

लोकसभा चुनाव में गहरी पराजय के बावजूद राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच शह और मात का खेल जारी है। गहलोत जहां 10 जनपथ के प्रति अपनी वफादरी साबित कर सूबे की कमान हर हाल में अपने पास रखना चाहते हैं तो सचिन पायटल भी मुख्यमंत्री पद हासिल न कर पाने की कसक निकालते रहते हैं। हाल ही में राहुल गांधी को जब जम्मू-कश्मीर जाते समय श्रीनगर एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया तो गहलोत ने फौरन केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार सच्चाई सामने आने नहीं देना चाहती। वहीं इसके उलट सचिन पायलट ने गहलोत पर निशाना साध दिया और कहा कि बेहतर होगा वे राजस्थान पर ही ध्यान दें। लगे हाथ उन्होंने मॉब लिंचिंग के शिकार हुए पहलू खान का मामला उठा दिया, जिनके हत्या आरोपी बरी हो गए। सचिन ने कहा कि सूबे की कांग्रेस सरकार ने एक अच्छा मौका गंवा दिया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर में सरकार बनते ही इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर जनता में एक अच्छा संदेश दिया जा सकता था। लेकिन सरकार चूक गई। फिलहाल दोनों नेता एक दूसरे को नीचा दिखने का कोई अवसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब देखना है वर्चस्व की यह जंग कांग्रेस को अभी और क्या सिला देती है।

-हरिभूमि ब्यूरो


## खबर संक्षेप

### राजौरी में सीआरपीएफ जवान की करंट लगने से मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में करंट लगने से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि केरल निवासी हेड कांस्टेबल चालक के एम पी नायर राजौरी पुलिस लाइन्स में तैनात एक टुकड़ी का हिस्सा थे। वह शुक्रवार को आवासीय क्वार्टर में बिजली की एक तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि हादसे में बुरी तरह झुलसे जवान को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### गुजरात में गणपति विसर्जन के बाद छह लोग नदी में डूबे

**अहमदाबाद।** गुजरात में एक गांव के छह लोग भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद नदी में नहाते समय डूब गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना अरावली जिले के धानसुरा तालुक में खादोल गांव में शुक्रवार शाम को हुई।



धानसुरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि खादोल गांव के लोगों का एक समूह शुक्रवार शाम को वात्रक नदी में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए गया था। उन्होंने बताया कि पानी की गहराई का अंदाजा लगाने में नाकाम रहने के कारण छह लोग डूब गए।

### असम में अफ्सपा की अवधि छह महीनों के लिए बढ़ाई

**गुवाहाटी।** असम में सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफ्सपा) की अवधि को छह महीने बढ़ा दिया गया है। एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यहां यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद अफ्सपा की अवधि को छह महीने बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। यह अवधि 28 अगस्त से प्रभावी होगी। इस अधिनियम के तहत सुरक्षा बलों को अभियान चलाने और पहले नोटिस दिये बगैर किसी को भी कहीं से भी गिरफ्तार करने का अधिकार मिलता है। यह कानून नवम्बर 1990 से असम में लागू है।

## महाराष्ट्र में नहीं थम रहा कांग्रेस और एनसीपी नेताओं का दल-बदल

# उद्धव की मौजूदगी में कांबले ने शिवसेना का थामा दामन

**अहमदनगर।** अहमदनगर जिले के श्रीरामपुर के विधायक भाऊसाहेब कांबले शनिवार को शिवसेना में शामिल हो गए। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में भाऊसाहेब कांबले ने शिवसेना का दामन थाम लिया। उद्धव ठाकरे के बंगले मातोश्री पर शिवबंधन धागा बांधकर भाऊसाहेब कांबले शिवसेना में आए हैं। महाराष्ट्र विधानभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए ये झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से शिवसेना-बीजेपी में विपक्ष के कई विधायक शामिल हो रहे हैं। इसमे अब शनिवार को और एक नाम जुड गया है। वहीं, शिवसेना में शामिल होने के बाद भाऊसाहेब कांबले ने बताया कि मेरे लिए कांग्रेस के प्रति कोई नाराजगी नही है। भाऊसाहेब कांबले ने 1 सितंबर को विधायक पद से इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागडे को सौंपा था।





### अवधूत तटकरे ने की थी उद्धव ठाकरे से मुलाकात

गुरुवार (5 सितंबर) को श्रीवर्धन विधानसभा सीट से एनसीपी के विधायक अवधूत तटकरे ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागडे को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। गौरतलब है कुछ दिनों पहले विधायक अवधूत तटकरे ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। उसी वक्त से यह खबर चर्चा में थी कि वह जल्द ही शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। आपको बता दें कि अवधूत तटकरे एनसीपी के दिग्गज नेता और महाराष्ट्र के रायगढ़ लोकसभा सीट से एनसीपी सांसद सुनील तटकरे के भतीजे हैं। इसलिए, यह सुनील तटकरे के लिए भी एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

विधायक पद से इस्तीफे के बाद उन्होंने उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर शिवसेना में शामिल होने की बात कही थी। अब आखिरकार 7 सितंबर (शनिवार) को भाऊसाहेब कांबले शिवसेना में शामिल हो गए।

### कांग्रेस के पाटील ने भी भाजपा में हुए शामिल

भाऊसाहेब कांबले अहमदनगर के कद्दावर नेता और महाराष्ट्र के गृह निर्माण मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील के समर्थक माने जाते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद तत्कालीन नेता विपक्ष रहे राधाकृष्ण विखे पाटील ने कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थाम लिया है। इसके बावजूद भाऊसाहेब कांबले कांग्रेस में ही रहे। 2019 के शिरडी लोकसभा सीट से भाऊसाहेब कांबले ने कांग्रेस के टिकट से चुनाव भी लड़ा था। लेकिन हार गए थे। अब आखिरकार कांग्रेस छोड़कर वह शिवसेना में शामिल हुए।

### शिव सेना के यातायात प्रकोष्ठ के प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला

**मुंबई।** शिव सेना के यातायात प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पर एक महिला सहकर्मी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरसीएफ पुलिस थाना के अधिकारी ने बताया कि शिव वहातुक सेना के दीपक माहेश्वरी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि शिव वहातुक सेना की एक महिला सदस्य ने आरोप लगाया है कि माहेश्वरी ने उनका यौन उत्पीड़न किया।

## आरएसएस की समन्वय बैठक

# एनआरसी से बाहर हुए हिन्दुओं पर जताई चिंता

एजेंसी ▶▶ पुष्कर (राजस्थान)



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय बैठक के पहले दिन असम एनआरसी की अंतिम सूची से कई भारतीय नागरिकों को बाहर रखे जाने पर चिंता जतायी गई। शनिवार को हुई इस चर्चा में दावा किया गया कि एनआरसी से बाहर रखे गए ज्यादातर भारतीय नागरिक हिन्दू हैं। सूत्रों ने बताया कि असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची पर आरएसएस से जुड़े संगठन 'सीमा जागरण मंच' ने विस्तृत जानकारी दी और चर्चा की। सूची 31 अगस्त को प्रकाशित हुई है और इससे 19 लाख से ज्यादा लोगों को बाहर रखा गया है। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद आरएसएस की यह पहली अखिल भारतीय समन्वय बैठक है। इसमें आरएसएस से जुड़े 35 संगठनों के 200 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसमें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, संगठन महासचिव बीएस संतोष और महासचिव राम माधव भी भाग ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि एनआरसी पर चर्चा के दौरान चिंता जतायी गयी कि कई भारतीय नागरिकों को भी सूची से बाहर रखा गया है।

### चिन्मयानंद मामलाः एसआईटी ने विधि महाविद्यालय में शिक्षकों-छात्रों से बात की

**शाहजहांपुर (उप्र)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ विधि की एक छात्रा द्वारा लगाये गए उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) शनिवार को उनके आवास, आश्रम और उनके द्वारा संचालित कालेज पहुंचा। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य ने दी। पुलिस महानिरीक्षक नवीन अरोड़ा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर किया है। पुलिस ने जांच के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी, हालांकि प्राचार्य स्वामी शुकदेवानंद स्नातकोत्तर कॉलेज के प्राचार्य अवनीश मिश्रा ने 'भाषा' को बताया कि आज कॉलेज आयी टीम ने परिसर स्थित हॉस्टल देखा जिसमें पीड़िता का कमरा सील है। उसे नहीं खोला गया तथा टीम ने विधि महाविद्यालय के अध्यापकों एवं छात्राओं से महिला आईपीएस अधिकारी ने बात की एवं जानकारी जुटाई।

## मेरे खिलाफ राजद्रोह का केस तुच्छ और राजनीति से प्रेरितः शेहला

**नई दिल्ली।** मेरे खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा राजनीति से प्रेरित- शेहला रशीद कश्मीर पर ट्वीट के बाद शेहला रशीद के खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज है। कश्मीरी सामाजिक कार्यकर्ता शेहला रशीद के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। जम्मू और कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन के बारे में उनके बयान को लेकर ये केस दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने कहा कि तीन सितंबर को एफआईआर दर्ज की गई है। शेहला की गिरफ्तारी की मांग करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील आलोक श्रीवास्तव की शिकायत पर एक आपराधिक शिकायत के तहत देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनके (शेहला रशीद) खिलाफ कश्मीर घाटी में कथित रूप से सैन्य कार्रवाई की गलत सूचना ट्वीट करने के लिए भारतीय दंड संहिता



की धारा 124-ए (देशद्रोह), 153-ए (दुश्मनी को बढ़ावा देना), 504 (जानबूझकर शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने) और 505 (उपद्रव करवाने के लिए बयान देने) के तहत मामला दर्ज कराया गया है। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराई थी। अब शेहला रशीद की भी इस पर प्रतिक्रिया आई है। शेहला रशीद ने अपने खिलाफ दर्ज देशद्रोह के मामले को 'तुच्छ', 'राजनीति से प्रेरित' और उन्हें चुप कराने का दयनीय प्रयास करार दिया।

## 100 दिनों का जश्न मना रही भाजपा

# अर्थव्यवस्था में भरोसा बनाए सरकारः प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधाप्रियंका ने कहा- वक्त जश्न मनाने की बजाय अर्थव्यवस्था में भरोसा बनाने का नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। अर्थव्यवस्था में सुस्ती और ऑटो सेक्टर में मंदी को लेकर प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा है कि बीजेपी सरकार सौ दिन का जश्न मनाने जा रही है। लेकिन ऑटो सेक्टर, ट्रांसपोर्ट सेक्टर, माइनिंग सेक्टर को ये जश्न बर्बादी के जश्न जैसा लगेगा। हर सेक्टर से एक के बाद एक प्लांट बंद होने और नौकरियां जाने की खबर आ रही हैं।



### आर्थिक मंदी को लेकर भाजपा लगातार हमला कर रही हैं प्रियंका

प्रियंका ने कहा कि वक्त जश्न मनाने की बजाय अर्थव्यवस्था में भरोसा बनाने का है। बता दें कि आर्थिक मंदी को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमलावर हैं। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को भी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आर्थिक मंदी पर चुप्पी को 'बहुत खतरनाक' बताया था।



### सीएपीएफ के जवानों ने पोरबंदर से दिल्ली तक साइकिल रैली शुरू की

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 500 जवानों के एक समूह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती से पहले उनके जन्मस्थल गुजरात के पोरबंदर से दिल्ली तक की साइकिल रैली शनिवार को शुरू की। रैली को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने हरी झंडी दिखाई। आयोजकों ने कहा कि इसका विषय अहिंसा, स्वच्छता और मद्य निषेध है। उन्होंने कहा कि रैली में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी, असम राइफल्स और एनएसजी के जवान हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल चालकों के दो अक्टूबर को नयी दिल्ली में राजघाट पर पहुंचने की उम्मीद है।

## सब पढ़ो आगे बढ़ो...




कराड में शनिवार को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' की पूर्व संध्या पर स्कूली छात्रों ने साक्षरता लोगों के आकार में एक मानव श्रृंखला बनाई।

### कोर्ट ने तैराकी प्रशिक्षक गांगुली को ट्रांजिट रिमांड पर गोवा पुलिस को सौंपा

**पणजी।** दिल्ली की एक अदालत ने एक किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी तैराकी कोच सुरजीत गांगुली को शनिवार को 10 सितंबर तक ट्रांजिट रिमांड पर गोवा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। गांगुली वारदात के बाद से ही फरार था। उसे शुक्रवार को नयी दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपाधीक्षक गजानन प्रभुदेसाई ने बताया कि आरोपी को नयी दिल्ली की तीस हजारी अदालत में पेश किया गया, जिसने सुरजीत को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर गोवा पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि गांगुली को गोवा ले जाकर बाल अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि जिस समय मापुसा में यह कथित घटना हुई उस समय गांगुली गोवा तैराकी संघ में कार्यरत था।

# दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मिले रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया यात्रा के आखिरी दिन शनिवार को उस असैन्य क्षेत्र की यात्रा की, जहां उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई-इन से पिछले साल अप्रैल में मुलाकात की थी और जिसके साथ दोनों देशों के बीच दशकों लंबी शत्रुता खत्म हुई। रक्षा मंत्री ने तीन दिन की दक्षिण कोरिया यात्रा के दौरान वहां के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा समझौतों को बढ़ावा देने के लिए अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष जियोंग कियोंग-डू के साथ शुक्रवार को बातचीत की। इस दौरान खासतौर से दोनों देशों की रक्षा फर्मों के बीच सहयोग को बढ़ाने और एक दूसरे की नौसेनाओं को लॉजिस्टिक सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।



### हम शांति की राह पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं

सिंह ने एक ट्वीट में कहा कि जैसा कि हम प्योंगयांग घोषणा की पहली सालगिरह के नजदीक हैं, हमारे लिए यह समय है कि हम शांति की राह पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। सिंह ने दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया से जोड़ने वाले 'डोबोदारी' पुल की यात्रा भी की। उन्होंने कहा भारत ने कोरिया प्रायद्वीप में शांति और स्थिरता लाने और बातचीत तथा कूटनीति के जरिए इसके परमाणु निशस्त्रीकरण के सभी प्रयासों का हमेशा समर्थन किया है। रक्षा मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि मैने उस ऐतिहासिक स्थल का दौरा किया जहां दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ मुलाकात की थी।

### तृणमूल सांसद पर धोखाधड़ी का मामला

**कानपुर (उप्र)।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य कंवर दीप सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ निवेशकों से धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सिंह और छह अन्य लोगों के खिलाफ लोगों को धन दोगुना करने और निवेश के एवज में जमीन और घर दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के आरोप में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि श्याम नगर निवासी पवन मिश्रा की तहरीर पर दर्ज इस मामले में सिंह की रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक सत्येन्द्र कुमार सिंह, सुचेता खेमका, जयप्रकाश सिंह, बृजमोहन महाजन, छत्रसाल सिंह और नन्द किशोर सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

## सरकार ने की तेल कंपनियों से बातचीत

# एयर इंडिया को छह हवाई अड्डों पर विमान ईंधन की आपूर्ति फिर से शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने धन की कमी से जूझ रही एअर इंडिया को छह हवाई अड्डों पर विमान ईंधन (एटीएफ) की आपूर्ति शनिवार को फिर से शुरू कर दी। सरकार ने तेल कंपनियों और एअर इंडिया के बीच वार्ता में मध्यस्थता की है, जिसके बाद तेल कंपनियों ने यह कदम उठाया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह



बात कही। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया को विमान ईंधन की आपूर्ति शनिवार शाम से शुरू कर दी गई है। प्रवक्ता ने इस सप्ताह की शुरुआत में बातचीत में हुए समझौते से जुड़ी जानकारियों देने से इनकार किया।

### जेट एयरवेज के पूर्व कर्मचारी ने सुप्रीम कोर्ट की दी चुनौती, नौकरी चली गई, पत्नी को गुजारा भत्ता कैसे दूं?

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के पूर्व कर्मचारी ने पत्नी को गुजारा भत्ता देने के प्रावधान वाली सीआरपीसी की धारा 125 की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। अपनी याचिका में कर्मचारी ने कहा है कि एयरलाइंस बंद होने से बेरोजगार हूं और खुद की आजीविका के लिए संघर्ष कर रहा हूं। ऐसे में पूर्व पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं दे सकता। वह उच्च शिक्षित है और खुद नौकरी न करके सिर्फ पूर्व पति का शोषण करना चाहती है। पूर्व जेट कर्मचारी की ओर से उनके वकील एमएस विष्णु और श्रीराम पी ने सुप्रीम कोर्ट में 33 पेज की अर्जी लगाई है। इसमें उसने कहा है कि नौकरी जाने के बाद सीआरपीसी 125 मेरे लिए अतिरिक्त बोझ की तरह है। कोर्ट से इसे खत्म करने की मांग करता हूं। यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है।

### एनसीएसटी राजस्थान में आदिवासियों की समस्याओं की समीक्षा करेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) राजस्थान में आदिवासियों के मुद्दों की समीक्षा कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एनसीएसटी के संयुक्त सचिव एस के राठो ने बताया कि समीक्षा करने वाली टीम राजस्थान के राज्यपाल कालराज मिश्रा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सोमवार को मुलाकात करेगी। उन्होंने बताया कि आयोग इसका मूल्यांकन कर रहा है कि राज्य के आदिवासी लोगों तक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि जन धन, उज्ज्वला और आधार से नाम जोड़ने का लाभ मिल रहा है या नहीं। राठो ने कहा कि हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं कि आदिवासी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति, बिजली, सड़क संपर्क और स्कूल है या नहीं।

# मिलिट्री मेडिसन सम्मेलन में भारत नहीं आएगा पाक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के बैनर तले भारत में आयोजित किए जा रहे पहले मिलिट्री मेडिसन सम्मेलन में पाकिस्तान शामिल नहीं होगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि भारत ने इसके लिए पाकिस्तान को आमंत्रित किया था। लेकिन उसकी ओर से कोई जवाब नहीं आया है। कार्यक्रम का आयोजन 12 और 13 सितंबर को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा है। गौरतलब है कि बीते अगस्त महीने की शुरुआत में भारत की संसद की ओर से जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370 के बाद दोनों देशों के बीच बने हुए तनावपूर्ण माहौल के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को उक्त सम्मेलन के लिए बुलावा भेजा था। लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### सेनाएं करेंगी भागीदारी

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सशस्त्र सेनाएं (थलसेना, नौसेना, वायुसेना) इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के मुख्यालय के मार्गदर्शन में करेंगी। जिसमें एससीओ के सदस्य देशों के मिलिट्री मेडिसन विशेषज्ञ आपस में विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही इस क्षेत्र की अच्छी प्रैटिक्स को साझा करने के अलावा समान चुनौतियों से निपटने पर भी मंथन करते हुए नजर आएंगे। भारतीय सशस्त्र सेनाएं रेपिड एक्शन मेडिकल टीम का एक नमूना भी सम्मेलन के दौरान पेश करेंगी



# दबंग-3 की शूटिंग के लिए बारिश में साइकिल से पहुंचे सल्लू

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'दबंग 3' की शूटिंग मुंबई में कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण मुंबई की रफ्तार भले ही रुकी हुई हो, लेकिन दबंग खान कहां रुकने वाले हैं। बारिश के बीच शूटिंग के लिए सल्लू अपनी साइकल से ही फिल्म के सेट पर पहुंचे। ऐक्टर ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में सलमान ब्लैक जैकेट और शॉर्ट्स के साथ स्पोर्ट्स शूज पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट में कैप्शन दिया, "बारिश में मुंबई शहर दबंग-3 की शूटिंग के लिए जाते हुए। दबंग 3' इस सीरीज की तीसरी फिल्म है और इसमे सलमान खान अपने कैरक्टर चुलबुल पांडे का जवान और बूढ़ा दोनों अवतार निभाते नजर आने वाले हैं।

## लाइफ Style



# राखी मां कसम जानबूझकर नहीं किया

कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन राखी सावंत हाल ही में उस वक्त नई मुसीबत में फंस गई जब वह छप्पन छुरी गाने के लॉन्च इवेंट में एकदम पारदर्शी ड्रेस पहनकर पहुंच गईं। उनके आउटफिट की वजह से उन्हें नेटिजन्स ने काफी क्रिटिसाइज किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में एनआरआई से शादी का दावा करने वाली राखी ने इस पर रिऐक्ट किया है। राखी बताती हैं कि उन्हें नहीं पता था कि उनकी ड्रेस ट्रांसपैरेंट है। उन्होंने सारा दोष मीडिया की लाइट्स पर लगा दिया। अपने प्रफेशन और मां की कसम खाते हुए राखी ने कहा कि वह सिर्फ हॉलिवुड ऐक्ट्रेसस की तरह ग्लैमरस दिखना चाहती थीं इसीलिए उन्होंने इतना चमकीला गाउन चुना। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि यह इतना ट्रांसपैरेंट है वर्ना वह न पहनतीं। एक मीडिया इंटरैक्शन के दौरान राखी ने कहा, 'कसम खाती हूं जब मेरे डिजाइनर ने मुझे दिया तो मुझे बिलकुल नहीं पता था कि यह गाउन इतना ट्रांसपैरेंट होगा।क्योंकि जब आप गाउन पहनते हो, 25 किलो का इतना वेट था, डायमंड लगे हुए थे उस पर लेकिन जब मीडिया की सारी लाइट मेरे गाउन पे आई तो मुझे पता चला कि ओह शिट इसमें तो मेरा पूरा बॉडी दिख रहा है। राखी आगे बोलती हैं, 'मेरी रोजी रोटी की कसम, मेरी मां की कसम, मैं कल सुबह का सूरज न देखूं मुझे बिलकुल नहीं पता था कि ड्रेस इतना ट्रांसपैरेंट होगा वरना मैं कभी न पहनती। हाल ही में राखी सावंत की शादी की खबरें और तस्वीरें इंटरनेट पर खूब चर्चा में रहीं।

## हॉलीवुड मसाला



# इलियाना कर रहीं ब्रेकअप!

**नई दिल्ली।** ऐक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपने कथित बॉयफ्रेंड एंड्रयू नीबोन से ब्रेकअप को लेकर बीते काफी दिनों से खबरों में हैं। उन्होंने न तो इन खबरों पर न कहा है न ही कन्फर्म किया है हालांकि उनके एक इंस्टाग्राम पोस्ट को देखकर ब्रेकअप पर चर्चा तेज हो गया है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने दो पोस्ट किए जिन्हें उनके ब्रेकअप की ओर इशारा कहा जा रहा है। ऐंड्रयू नीबोन ऑस्ट्रेलिया के फेमस प्रफेशनल फ़ोटोग्राफ़र हैं, जिनका इलियाना के साथ मॉडलिंग के दिनों से ही संबंध है।




# म्यूजिक से रिटायर होकर करेंगी फैमिली शुरू ...

**वाशिंगटन।** फेमस पॉप सिंगर निकी मिनाज ने घोषणा की है कि वह म्यूज़िक की दुनिया को अलविदा कह रही हैं और जल्द ही अपनी फैमिली बढ़ाने पर ध्यान देंगी। फेमस पॉप सिंगर निकी मिनाज ने ट्विटर पर यह घोषणा की, जिसके बाद से उनके फैन्स हैरान हैं। दरअसल उन्होंने ट्विटर पर कहा है कि वह म्यूज़िक से रिटायर हो रही हैं। सिंगर ने लिखा है कि अब वह म्यूज़िक की दुनिया से अपना मन हटाकर अपने पार्टनर केनिथ जो के साथ अपनी फैमिली शुरू करने पर लगाएंगी। उन्होंने कहा, 'मैंने रिटायर होने और अपनी फैमिली शुरू करने का फैसला ले लिया है।' उनके इस ट्वीट से फैन्स काफी हैरान हैं, क्योंकि इससे पहले निकी ने कभी ऐसा हिंट भी नहीं दिया कि वह म्यूज़िक से संन्यास ले रही हैं।



# बर्थडे पर मिला किसी 'खास' का प्यार

**मुंबई।** ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे ने शनिवार 7 सितंबर को अपना 34वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। जहां उन्हें हर कोई ने विश किया। राधिका ने कहा कि आज के दिन उन्हें किसी खास ने प्यार भेजा है। अपने इंस्टाग्राम हैडल पर राधिका ने अपने फैंस के साथ एक वीडियो शेयर किया है जहां वह अपने फर वाले दोस्त के साथ दिखाई दे रही हैं। वीडियो में उनका पेट उन्हें लिक कर रहा है और किस कर रहा है। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन दिया है, जन्मदिन की सुबह का प्यार। वहीं वर्क फ्रंट पर बात करें तो राधिका आने वाली फिल्म रात अकेली है में दिखाई देंगी। इसमें उनके कोस्टार नवाजुद्दीन सिद्धीकी होंगे। टीम ने हाल ही में शूटिंग खत्म की है। हन त्रेहान के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म क्राइम थ्रिलर है। इसमें श्वेता त्रिपाठी शर्मा भी नजर आएंगी।



# 'कोका कोला तू' पर नाचने लगे...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन बॉलीवुड फैंस के बीच काफी पॉप्युलर हैं। हाल ही में फिल्म पति पत्नी और वो की शूटिंग के दौरान लखनऊ में एक फैन के साथ वह डांस करते दिखाई दिए। वक्त जरूर लगा लेकिन कार्तिक बॉलीवुड के ऐक्टर्स के बीच अपनी जगह बना चुके हैं। देशभर में उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और वह अपने फैंस को निराश भी नहीं करते और हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जो इस बात का सुबूत है। कार्तिक की अपकमिंग फिल्म पति पत्नी और वो के सेट्स से एक विडियो लीक हुआ है जिसमें वह अपनी फिल्म लुका छुपी के गाने 'कोका कोला तू' पर डांस करते नजर आ रहे हैं। विडियो में दिख रहा है कि कार्तिक अपने फैंस की रिक्वेस्ट पर डांस कर रहे हैं। वही दिखाई दे रहा है कि उनकी को-स्टार अनन्या पांडे मोबाइल में उनका डांस कैप्चर कर रही हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट: वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**ज्योतिष**

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो



तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश
मनचाही शादी, संतान प्राप्ती
विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा
कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना
दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**लोन**

☞ एक बार सेवा का मौका अवश्य दें (श्री राम फाइनेंस) लाखों ग्राहकों का सम्पूर्ण विश्वास 1975 से रजि. कम्पनी मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, राशनकार्ड, बिजनेस लोन (ब्याज 1% छूट 60%) विश्वास आपका काम हमारा समस्त लोन घरबैठे उपलब्ध सम्पर्क 63998-76649, 63998-06784

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**लोन**

☞ श्रीराम फाइनेंस गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर घरबैठे मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड, खेतीबाड़ी, मुर्गीपालन एवं सभी प्रकार के लोन 1% ब्याज 50% छूट (महिलाओं को विशेष छूट) 70825-78053, 99912-36167

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता**

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

**ज्योतिष**

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

**ज्योतिष**

☞ खुला चैलेंज गोल्ड मेडलिस्ट गुरू बशीर खान बंगाली काली रोहानी शक्तियों के बादशाह जैसे किया कराया, गृहक्लेश, दुश्मन से छुटकारा, कर्जमुक्ति महावशीकरण जैसी समस्याओं का समाधान तुरंत फोन करें 97613-18693

# प्रियंका बोलीं- निक से जल्द बच्चा चाहती हूं

जब से ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी हुई है तभी से उनके प्रेग्नेंट होने की खबरें सामने आती रहती हैं। हालांकि प्रियंका ने हमेशा इन खबरों को खारिज किया है।



**न्यूयार्क।** अब उन्होंने एक हालिया इंटरव्यू में कहा है कि वह अपने पति निक जोनस से जल्द से जल्द बच्चा चाहती हैं। वैसे भी हॉलिवुड और बॉलिवुड की फेमस ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हमेशा किसी न किसी कारण से चर्चा में रहती हैं। पिछले साल दिसंबर में अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी के बाद वह और ज्यादा खबरों में बनी रहती हैं। वैसे शादी के बाद से ही प्रियंका के प्रेग्नेंट होने की बातें सामने आती रही हैं लेकिन प्रियंका ने हमेशा इस तरह की खबरों को खारिज किया है। एक इंटरव्यू में प्रियंका ने यह माना है कि उनकी लिस्ट में अब एक घर खरीदना और बच्चा पैदा करना प्रायॉरिटी पर है। उन्होंने कहा कि वह अपने पति निक जोनस के साथ लॉस ऐंजिलिस में रहना चाहती हैं। प्रियंका के पास पहले से मुंबई और न्यूयॉर्क में घर हैं लेकिन उनका कहना है कि इन दोनों शहरों में मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग हैं और जगह की कमी है जबकि लॉस ऐंजिलिस में जगह की कोई कमी नहीं है। प्रियंका ने कहा है कि वह अपने घर में स्वीमिंग पूल और बैकयार्ड चाहती हैं और लॉस ऐंजिलिस का बीच और मौसम उन्हें मुंबई की याद दिलाता है। घर खरीदने के अलावा प्रियंका जल्द से जल्द अपने पति निक जोनस से बच्चा भी चाहती हैं। घर और बच्चा ही उनकी फ्यूचर प्लानिंग में है। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका पिछले काफी समय से हिंदी फिल्मों से गायब है और जल्द ही उनकी अगली फिल्म 'द स्काई इज पिंक' रिलीज होगी। सोनाली बोस के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में प्रियंका के साथ फरहान अख्तर और जायरा वसीम मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# सुनील ने बताया कैसे किया था पहली बार स्टंट...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री में काफी लंबे वक्त से सक्रिय हैं। सिल्वर स्क्रीन पर रोमांस करना हो या स्टंट या फिर एक्शन सीन्स, अपने हर काम से उन्होंने सभी को प्रभावित किया है। सुनील ने कहा कि मैं ये सोच भी नहीं सकता था कि मैं फिल्मों में इतने खतरनाक स्टंट्स करूंगा। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि कुछ लोग मुझे वुडन मटेरियल कह कर बुलाते थे। वे कहते थे कि मुझे अपने फैमिली रेस्त्रां बिजनेस में वापस चले जाना चाहिए। मुझे ये बात लग गई और मैंने इसे चैलेंज के तौर पर लिया। मुझे कुछ ऐसा करने की जरूरत थी जिससे मैं औरों से अलग दिखूं। अपनी पहली फिल्म में किए गए स्टंट के बारे में बात करते हुए एक्टर ने बताया, ''मुझे अभी भी याद है कि जब मेरी पहली फिल्म रिलीज हुई थी उस



दौरान मैंने एक फायर स्टंट किया था जब मैं स्विमिंग पूल के करीब एक बाइक पर बैठा हुआ था। मैं डरा हुआ था क्योंकि ये सेफ नहीं था। मगर मुझे अपने आप को साबित करना था। बता दें कि सुनील शेट्टी ने कई सारी एक्शन फिल्म्स में काम किया है। इनमें मोहरा, बॉर्डर, दस, मैं हूं ना जैसी फिल्में शामिल हैं। उन्होंने कॉमेडी में भी हाथ आजमाया और सक्सेसफुल रहे। सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी डेब्यू करने जा रहे हैं। उन्होंने बेटे के बारे में कहा, ''मैंने अहान को बताया कि आपको डरने की जरूरत नहीं है।

## टीवी मसाला



# प्रिंस-युविका की कोरियोग्राफर ऐश्वर्या ने छोड़ा नच बलिए

**नई दिल्ली।** नच बलिए 9 में शुरुआत से ही एक के बाद एक शॉकिंग खबरें सामने आ रही हैं। कभी कंटेस्टेंट्स के शो छोड़ने की खबर तो कभी कोरियोग्राफर के अचानक शो को अलविदा कहने पर दर्शक काफी हैरान-परेशान हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि शो में प्रिंस नरूला और युविका चौधरी की कोरियोग्राफर ऐश्वर्या राधाकृष्णन ने नच बलिए शो को अलविदा कह दिया है। इस बात को खुद ऐश्वर्या ने कंफर्म किया है। ऐश्वर्या ने अपने एक इंटरव्यू में बताया, निजी कारणों की वजह से मैंने नच बलिए छोड़ने का फैसला किया है। इस शो का हिस्सा बनने पर मुझे काफी खुशी है। इस प्लेटफॉर्म ने मुझे अलग-अलग आर्टिस्ट्स के साथ काम करने का मौका दिया है। मैं शो के ऑर्गेनाइजर का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे शो का हिस्सा बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या के जाने के बाद प्रिंस-युविका को नए कोरियोग्राफर के तौर पर ओमकार शिंदे मिले हैं। ओमकार पहले फैजल-मुस्कान के कोरियोग्राफर थे लेकिन फैजल को चोट लगने की वजह से उनकी जोड़ी ने शो छोड़ दिया है। फैजल-मुस्कान के शो छोड़ने के बाद उनके कोरियोग्राफर ओमकार शिंदे को प्रिंस और युविका की जोड़ी को सौंप दिया गया है।

## रूबी-अमित अब नहीं लेंगे तलाक

**नई दिल्ली।** एक्टर-सिंगर अमित टंडन और पत्नी रूबी टंडन के फैंस के लिए गुड न्यूज है। दोनों ने तलाक ना लेने का फैसला किया है। दोनों अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं। बता दें कि 2017 के बाद से दोनों के बीच में चीजें ठीक नहीं थी। दोनों अलग-अलग रह रहे थे।



उन्होंने तलाक के लिए भी फाइल किया था। हालांकि, ऐसा लगता है कि चीजें अब ठीक हो रही हैं। उन्होंने अब तलाक की कार्यवाही को कैंसल करने का फैसला किया है। अमित ने एक बातचीत में कहा, "हां, हम एक साथ हैं। हमारी बेटी जियाना भी खुश है, हम खुश हैं। अभी सब कुछ एक अच्छा और सकारात्मक है।" रूबी और अमित ने 2017 में अपने अलग होने की घोषणा की थी। बता दें कि अमित और रूबी की शादी को 11 साल से ज्यादा हो गया है। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। उनके एक बेटी भी है। बेटी का नाम है जियाना।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ने केरल में 10 लाख नए सदस्य बनाए

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी ने केरल में 10 लाख से अधिक नए सदस्य बनाए हैं। इसके बाद राज्य में पार्टी के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 25 लाख हो गई है। राज्य में बीजेपी के प्रमुख पी एस श्रीधरन पिल्लई ने एक बयान में कहा कि सदस्यता अभियान के पहले चरण के दौरान 10 लाख से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। उन्होंने कहा कि इन नए सदस्यों में से करीब एक लाख लोग खुद अपनी पहल से भाजपा में शामिल हुए। इनसे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान के तहत संपर्क नहीं किया, बल्कि उन्होंने खुद पार्टी की सदस्यता ली। करीब 6.25 लाख लोगों ने 'मिस्ड कॉल' के जरिए सदस्यता ली, जबकि चार लाख से अधिक लोग आवेदन पत्रों के जरिए सदस्य बने। उन्होंने बताया कि 10 लाख नए सदस्यों के साथ कुल सदस्यों की संख्या 15 लाख से बढ़कर 25 लाख हो गई है।

### पुरी में मठों के विकास एवं पुनरुद्धार के लिए उप समिति बनाने का प्रस्ताव

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति ने पुरी में प्राचीन मठों के विकास एवं पुनरुद्धार के लिए एक उप समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है। पुरी जिला प्रशासन ने जगन्नाथ मंदिर के पास के क्षेत्र में एक अभियान चला रहा है, जहां कुछ मठों को ध्वस्त किया गया है। अधिकारी ने बताया पुरी के गजपति महाराज दिव्य सिंह देव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रबंध समिति की बैठक हुई जिसमें मठों के विकास के लिए प्रस्तावित उपसमिति पर निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उपसमिति पुरी के मठों के विकास के लिए उनके और मंदिर प्रबंधन के बीच समन्वय करेगी।

### मुंबई बारिशः रेलमंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे के इंजीनियर की तारीफ की



**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश की वजह से अस्त-व्यस्त रेल सेवाओं के बीच स्थानीय ट्रेनों का सुगम संचालन सुनिश्चित करने वाले रेलवे के एक इंजीनियर की बुधवार को रेलमंत्री पीयूष गोयल ने तारीफ की। पश्चिमी रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, इंजीनियर हरीश राठौड़ ने बुधवार को अंधेरी और वसाई स्टेशनों के बीच पटरियों पर जलस्तर की निगरानी करने और उसे हटाने के लिये करीब 16 घंटे बाढ़ के पानी में बिताये। अधिकारी ने कहा कि मूसलाधार बारिश के दौरान राठौड़, रेलवे पटरियों को साफ करने और जमा पानी को बाहर निकालने के लिए शहर के नगर निकायों के साथ सहयोग करते रहे। गोयल ने ट्वीट किया, ट्टमुंबई में भारी बारिश के बीच स्थानीय ट्रेनों का सुगम संचालन सुनिश्चित करने के लिये 16 घंटे बाढ़ के पानी में बिताने वाले रेलवे इंजीनियर हरीश कुमार राठौड़ और उनकी टीम को सलाम।

### द्रमुक ने परीक्षाएं अंग्रेजी और हिंदी में कराने के निर्देश के खिलाफ किया प्रदर्शन

**चेन्नई।** द्रमुक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतियोगी परीक्षाएं अंग्रेजी और हिंदी में कराने के रेल मंत्रालय निर्देश के खिलाफ शनिवार को यहां प्रदर्शन किया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि सांसद कनिमोई के नेतृत्व में आर एस भारती और सांसद कलानिधि वीरासामी समेत पार्टी नेताओं ने यहां दक्षिणी रेलवे के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके बाद पार्टी नेताओं ने हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षाएं कराने के मंत्रालय के कदम का विरोध करते हुए दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक राहुल जैन को ज्ञापन सौंपा। द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कहा कि मंत्रालय का निर्देश भाषायी समानता के खिलाफ है।

---

#### पीएम ने मुंबई में किया कई मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# सरकार के 100 दिन में हुए ऐतिहासिक कामः मोदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मुंबई में कई मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पहले उन्होंने गणपति की पूजा अर्चना की। मुंबई पहुंचने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी की अगवानी की। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है, तब हमें अपने शहरों को भी 21वीं सदी की दुनिया के मुताबिक बनाना ही होगा। इसी सोच के साथ हमारी सरकार अगले पांच साल में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर 100 लाख करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। इस सरकार को 100 दिन हो रहे हैं और इन 100 दिनों में ही ऐसे-ऐसे कार्य हुए हैं, जो अभूतपूर्व हैं, ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में 'आमची मुंबई' के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए हमने बहुत ईमानदारी से प्रयास किया है। यहां फडनवीस जी की सरकार ने मुंबई और महाराष्ट्र के एक एक प्रोजेक्ट के लिए कितनी मेहनत की है, मैं जानता हूं। बांद्रा-कुर्ला को एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ने वाला प्रोजेक्ट तो लाखों प्रोफेशनल्स के लिए बहुत बड़ी राहत लेकर आएगा। बीकेसी तो बिजनेस एक्टिविटी का बहुत बड़ा सेंटर है। अब यहां आना-जाना और आसान होगा, कम समय में हो पाएगा। इन सारी परियोजनाओं के लिए मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा ये सभी परियोजनाएं मुंबई के इंफ्रास्ट्रक्चर को नया आयाम तो देंगी हीं, यहां के लोगों के जीवन को आसान बनाने में भी मदद करेंगी। प्रधानमंत्री ने मुंबई में मेट्रो परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित किया और इसरो के वैज्ञानिकों की सराहना की।



### देश के पहले स्मार्ट औद्योगिक शहर का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां शनिवार को औरंगाबाद औद्योगिक शहर (औरिक) का उद्घाटन किया। यह देश का पहला नया स्मार्ट औद्योगिक शहर है और 10 हजार एकड़ में फैला हुआ है। यह दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गालियारे का हिस्सा है। उन्होंने छह मंजिले औरिक हॉल का भी उद्घाटन किया। यह भवन स्मार्ट शहर की निगरानी तथा प्रशासन का केंद्र होगा। उन्होंने औरिक चैटबॉट की भी शुरुआत की, जो शहर के किसी भी व्यक्ति को प्रशासन से अपनी समस्या सही करवाने में मदद करेगा। महाराष्ट्र के पिछड़े मराठवाड़ा क्षेत्र में विकसित इस शहर को देश का पहला नया स्मार्ट औद्योगिक शहर बताया जा रहा है। इसे दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गालियारे के तहत विकसित किया गया है। सरकार इस गालियारे के जरिये देश के दो बड़े शहरों के बीच औद्योगिक वृद्धि को तेज करने की कोशिश कर रही है।

### गणेश विसर्जन के समय जल प्रदूषण से बचें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से गणेश विसर्जन के दौरान यह सुनिश्चित करने की शनिवार को अपील की कि वे जल प्रदूषण करने से बचें और प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट समुद्र में ना जाए। मोदी एक दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र पहुंचे हैं, जिसकी शुरुआत उन्होंने उपनगर विले पार्ले में भगवान गणेश के दर्शन करके की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसा कि लोकमान्य तिलक ने कहा था कि स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है। हमें स्वतंत्रता मिले 75 वर्ष होने वाले हैं, तो अब हमें कहना चाहिए कि 'सुराज्य' हमारा कर्तव्य है। मुम्बई में तीन मेट्रो लाइनों की आधारशिला रखने के बाद बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित 'जियो वर्ल्ड सेंटर मेगा कन्वेंशन सेंटर' में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने यह बात कही। मोदी ने यहा अत्याधुनिक मेट्रो कोच का भी अनावरण किया, यह भारत में बना पहला मेट्रो का डिब्बा है। मोदी ने कहा कि मैं 'एक भारतीय-एक संकल्प' के लिए एक सुझाव देना चाहूंगा। हमें पर्यावरण की रक्षा करने की जरूरत है और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग ना करें। हमें जल प्रदूषण से बचना होगा। गणेश विसर्जन के दौरान प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्टों का ढेर समुद्र में चला जाता है। हमें इसे रोकना होगा।

### मोदी ने मंदिर में गणपति की पूजा-अर्चना की

मेट्रो कॉरिडोर की आधारशिला रखने से पहले मोदी ने विले पार्ले में लोकमान्य सेवा संघ तिलक मंदिर में गणपति की पूजा-अर्चना की। महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मोदी आरे कॉलोनी क्षेत्र में मेट्रो भवन के लिए भूमिपूजन किया। हालांकि पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरे कॉलोनी में मेट्रो परियोजना का मुख्य कारशेड बनाए जाने संबंधी महाराष्ट्र सरकार के निर्णय की आलोचना की थी. इस काम के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों को काटे जाने की जरूरत होगी। तीन मेट्रो परियोजनाएं जिनकी प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की उनमें 9.2-किलोमीटर गैमुख-शिवाजी चौक (मीरा रोड) मेट्रो -10 कॉरिडोर हैं, 12.8 किलोमीटर वाला वडाला-सीएसटी मेट्रो -11 कॉरिडोर और 20.7 किलोमीटर कल्याण-तलोजा मेट्रो -12 कॉरिडोर शामिल।

### सरकार वृहद जल योजना पर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नव गठित जल जीवन मिशन के तहत अगले पांच वर्षों में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे जिसके तहत 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से पानी मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महान समाजवादी नेता रहे राममनोहर लोहिया के जल और शौचालय मुहैया कराने के सपने को पूरा करना है ताकि महिलाओं की समस्याएं कम हों। मोदी ने कहा, 1970 के दशक में राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि महिलाओं को दो समस्याओं का सामना करना पड़ता है, शौचालय और जल। सरकारें आती हैं और जाती हैं। लेकिन हमने लोहिया के सपने को पूरा करने का निर्णय किया है। हमने महिलाओं के लिए शौचालय मुहैया कराने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर काम किया है। उन्होंने सूखे से प्रभावित मराठवाड़ा क्षेत्र में महाराष्ट्र सरकार के जल ग्रिड की पहल की भी प्रशंसा की और दावा किया कि योजना के पूरा होते ही हर घर में पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री राज्यस्तरीय 'महिला साक्षम मेलावा' या स्वयं सहायता समूहों की सशक्त महिलाओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे जिसका आयोजन महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने किया था।

---

#### बम्बई उच्च न्यायालय ने कहा

## अदालतों में 'टाइम मशीन' हैं जहां मामले चलते रहते हैं

**मुंबई।** भारतीय अदालतों में मुकदमों को समाप्त होने में अत्यधिक समय लगने का जिक्र करते हुए बम्बई उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसा लगता है कि अदालतों में ''टाइम मशीन'' हैं जहां मामले अनिश्चितकाल तक चलते रहते हैं। किराया नियंत्रण अधिनियम से संबंधित एक मामले में अदालत ने शुक्रवार को कहा कि यह मुकदमा 1986 में शुरू हुआ था। इसके बाद कई अपील, आवेदन और याचिकाएं दायर हुईं लेकिन मामला फिर भी नहीं सुलझा, जबकि वास्तविक भू-स्वामी और किरायेदार अब जीवित नहीं रहे हैं। न्यायमूर्ति दामा एस नायडू ने कहा कि कई मामलों में दोनों पक्षों के वादियों की मृत्यु हो जाती है लेकिन मुकदमेबाजी बाद की पीढ़ियों द्वारा की जाती है। शहर निवासी रुक्मणीबाई द्वारा यह याचिका दायर की गई थी। याचिका में उसने अपनी संपत्ति से कुछ किरायेदारों को बाहर किये जाने का अनुरोध किया था। मामले के दौरान उसकी मौत हो गई और उसके वारिसों ने इस मामले को संभाल लिया। किरायेदारों के खिलाफ 1986 में संपत्ति खाली कराये जाने की कार्रवाई शुरू की गई थी और निचली अदालत तथा उच्च न्यायालय ने संपत्ति मालिकों के पक्ष में फैसला दिया था।



#### कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने कहा

## बाढ़ राहत के लिए अनुदान के रूप में केंद्र से मिल सकती है अच्छी खबर

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रभावी राहत कार्यों के लिए जल्द ही केंद्र से अनुदान की घोषणा के रूप में अच्छी खबर मिल सकती है। येदियुरप्पा ने मैसूरु में से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ की स्थिति के बारे में हमसे अधिक अवगत हैं। हम केंद्र से अच्छी खबर की उम्मीद कर रहे हैं। संवाददाताओं ने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें बाढ़ राहत के लिए केंद्री से किसी अनुदान का आश्वासन मिला है । मुख्यमंत्री मैसूरु में कपिला नदी की जा में शामिल होने काबिनी जलाशय आए थे। येदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बेंगलुरु में भी बात की और उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति का मुकाबला करने के लिए उनकी तारीफ की। मोदी चांद पर चन्द्रयान-2 की 'सॉफ्ट लैंडिंग' का सीधा नजारा देखने के लिए यहां स्थित इसरो केंद्र पहुंचे थे।



### बाढ़ से राज्य में काफी तबाही हुई

येदियुरप्पा ने कहा कि बाढ़ से राज्य में काफी तबाही हुई है और करीब 1.25 लाख घरों को फिर से बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए अनुदान जारी करने को तैयार है। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्र पर कर्नाटक को राहत प्रदान करने के प्रति ''पूर्ण उदासीनता'' दिखाने का आरोप लगाया। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडूराव ने केंद्रीय सहायता प्राप्त करने में मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा सहित राज्य के भाजपा नेताओं की लाचारी पर सवाल उठाया।

#### केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री चौबे ने कहा

## जेएवाई में कैंसर इलाज को शामिल करने के प्रस्ताव पर अध्ययन किया जा रहा

**कोयंबटूर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (जेएवाई) में कैंसर इलाज को शामिल करने के एक प्रस्ताव पर स्वास्थ्य मंत्रालय अध्ययन कर रहा है। इस योजना में कैंसर को शामिल क्यों नहीं किये जाने के एक सवाल के जवाब में चौबे ने यहां पत्रकारों से कहा कि केंद्र एक अलग योजना के तहत वर्तमान में तीन प्रकार के कैंसर का उपचार प्रदान कर रहा है, और अब जेएवाई के तहत इस घातक बीमारी को शामिल करने के प्रस्ताव पर अध्ययन किया जा रहा है। वह श्री रामकृष्ण अस्पताल में 'कैंसर के खिलाफ जंग' अभियान का उद्घाटन करने आये थे। देश को कैंसर मुक्त बनाये जाने के सवाल पर चौबे ने कहा कि गैर-संचारी रोग दुनियाभर में एक चुनौती बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश 2030 तक गैर-संचारी रोग से मुक्त होना चाहता है और स्वास्थ्य मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करेगा। तमिलनाडु में चिकित्सा प्रणाली की सराहना करते हुए चौबे ने कहा कि मंत्रालय ने 75 मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन (अपग्रेडेशन) किया है।



### विदाई...



तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को तेलुगु राज्य के पूर्व गवर्नर ईएसएल नरसिम्हन को विदाई दी।

### थाने पर हमला और गोलीबारी मामले में दो गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने एक थाने पर गोलीबारी करके कुख्यात अपराधी को भगा ले जाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस महानिरीक्षक (जयपुर रेंज) एस सैंगाथीर ने भाषा को बताया कि घटना के सिलसिले में विनोद स्वामी व कैलाश चंद्र उर्फ के सी गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। विनोद स्वामी बहरोड़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने अलवर जिले के बहरोड़ थाने में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की और कुख्यात अपराधी विक्रम गुर्जर उर्फ पपला को लेकर भाग गए। वहीं इस घटना के बाद बहरोड़ पहुंचे पुलिस महानिदेशक भूपेंद्र सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि इस बारे में राजस्थान की पुलिस हरियाणा की पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मामले में बाकी आरोपियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

#### उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी ने कहा

## जननी सुरक्षा व मातृ वंदन योजना को आधार से जोड़ा जाएगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जननी सुरक्षा और मातृ वंदन योजना को आधार से जोड़ा जाएगा। योगी ने यहां अपने सरकारी आवास पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कहा, "जननी सुरक्षा और मातृ वंदन स्कीमों को आधार से जोड़ने की योजना है।" उन्होंने कहा कि मौजूदा तंत्र का बेहतर ढंग से उपयोग किए जाने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी कर्मियों आदि को परफॉर्मेंस बेस्ड (प्रदर्शन आधारित) भुगतान शुरू होने से कार्य की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य विभाग को नीति आयोग को आंकड़ों के ठीक ढंग से रिपोर्टिंग के निर्देश देते हुए योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।



### पोषण योजनाएं प्रभावी ढंग से चलाई जानी हैंः स्मृति

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रदेश में पोषण अभियान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं से अवगत कराया, अपनी अपेक्षा के बारे में बताया और जरूरी निर्देश दिए। राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक स्मृति ने कहा कि पोषण योजनाएं आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए प्रभावी ढंग से चलाई जानी हैं।

### दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में लगी आग

**दरभंगा।** बिहार में दो दिनों में दूसरी बार ट्रेन में लगी आग। शनिवार की सुबह दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में आग लग गई। धू-धू कर जलने लगी बोगी। इससे वहां पर अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुचं चुके हैं। अभी इस पर कोई कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। बता दें कि इसके पहले बुधवार की रात में बिहार संपर्क क्रांति में आग लग गई थी। हालांकि उस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था। तब ट्रेन यार्ड में खड़ी थी। मिल रही प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दरभंगा स्टेशन स्थित यार्ड में खड़ी थी। तभी उसमें आग लग गई। आग की लपटें व उससे उठते धुएं को देख लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची। पता चला कि ट्रेन के जनरल कोच की स्पेयर बोगी में आग लगी हुई है।

---

#### एचआरडी मंत्रालय और एनआईओएस से बिना विचार-विमर्श कर लिया निर्णय

## एनसीटीई के निर्णय से अंधकारमय होता 15 लाख प्रशिक्षु शिक्षकों का भविष्य!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के एक ताजा फैसले से 15 लाख प्रशिक्षु शिक्षकों का भविष्य गर्त में पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। परिषद ने बिहार प्रशासन की ओर से मांगे गए एक स्पष्टीकरण के जवाब में बीते 6 सितंबर को कहा है कि पहली से आठवीं तक प्राथमिक और उच्च-प्राथमिक स्तर की कक्षाओं में बतौर शिक्षक पढ़ाने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए जरुरी योग्यता दो साल का डिप्लोमा इन इलीमेंट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम ही होगा। जबकि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) का 18 महीने का डीएलएड पाठ्यक्रम सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों के उन अप्रशिक्षित शिक्षकों पर ही लागू होगा जिनकी नियुक्ति संबंधित स्कूल में 10 अगस्त 2017 से पहले की गई होगी। लेकिन शिक्षक के पद पर की जानी वाली नई नियुक्तियों के मामले में एनआईओएस का यह पाठ्यक्रम मान्य नहीं होगा। इस पर बिहार में शिक्षकों के विरोध का बिगुल बज उठा है। आगामी 10 सितंबर को सूबे के तमाम निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले करीब ढाई लाख प्रशिक्षु शिक्षकों ने गांधी मैदान से परिषद के निर्णय के विरोध में आवाज उठाने का फैसला लिया है।

### एनसीटीई का पक्ष

एनसीटीई की अध्यक्ष डा सतबीर बेदी ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि वह इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं कर सकती हैं। पहले वह इससे संबंधित फाइल को अपने कार्यालय में जाकर देखेंगी और उसके बाद ही कोई प्रतिक्रिया देंगी। लेकिन परिषद के सदस्य सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि बिहार सरकार को भेजे गए पत्र के साथ में हमने छह-सात पेज का गैजेट नोटिफिकेशन भी लगाकर दिया है। 2011 के शिक्षक बनने के मानकों को एनसीटीई ने ही राजपत्र में अधिसूचित किया है। इसी से यह तय होता है कि कौन सा शिक्षक किस कक्षा को पढ़ाने के लिए योग्य होगा। यह कानूनी व्यवस्था है। इसमें यह स्पष्ट है कि पहली से पांचवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षक को दो साल का डीएलएड कोर्स किया हुआ होना चाहिए। लेकिन जहां तक प्रश्न एनआईओएस के 18 महीने के डीएलएड पाठ्यक्रम का है तो इसके लिए एनसीटीई को 2017 में मान्यता देने के लिए केंद्रीय एमएचआरडी मंत्रालय ने ही एक कानूनी निर्देश दिया था। जिसके बाद हमें उसे लागू करना पड़ा।

### एनआईओएस के डीएलएड पाठ्यक्रम को सामान्य डीएलएड पाठ्यक्रम के समकक्ष मानने से किया इनकार

### एनआईओएस ने कहा असंवैधानिक

एनआईओएस के अध्यक्ष प्रो.सी बी शर्मा ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि एनसीटीई का यह निर्णय बिलकुल गलत और पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसका सीधा प्रभाव देश के अलग-अलग राज्यों में मौजूद उन कुल करीब 15 लाख अप्रशिक्षु शिक्षकों के भविष्य पर पड़ेगा। जिन्होंने एनआईओएस द्वारा तैयार किए गए डीएलएड पाठ्यक्रम के जरिए बीते मार्च महीने के अंत में ही परीक्षा पास करके प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अब वह निजी से सरकारी या सरकारी से किसी अन्य स्कूल में शिक्षक के तौर पर पढ़ाने के लिए योग्य हो गए हैं। संस्थान ने डीएलएड के जरिए मार्च 2019 में पास हुए 12 लाख 11 हजार 750 शिक्षकों को किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल में पढ़ाने के लिए पूर्ण प्रशिक्षित किया है। वह कोई बंधुवा मजदूर नहीं हैं, जो सारी जिंदगी केवल एक ही स्कूल में पढ़ाएंगे। यह पाठ्यक्रम संस्थान द्वारा रातोंरात नहीं बनाया गया है। इसकी शुरुआत करने से पहले सरकार ने संसद से मंजूरी ली है। इतना ही नहीं वर्ष 2017 में जब इस पाठ्यक्रम और उसके क्रियान्वयन पर तत्कालीन केंद्रीय एचआरडी मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के कक्ष में चर्चा हो रही थी। तब एनसीटीई की तत्कालीन अध्यक्ष अनीता करवल और सदस्य सचिव संजय अवस्थी ने भी इसे अपनी हरीझंडी प्रदान की थी। अगर यह वैधानिक नहीं था तो उस वक्त परिषद द्वारा इसे स्वीकृति क्यों दी गई और आज विरोध क्यों?

### गहलोत ने रामदेवरा में पूजा-अर्चना की

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को जैसलमेर जिले के रामदेवरा मन्दिर पहुंचे और विख्यात बाबा रामदेव मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना की। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में बाबा रामदेव की कचहरी में गये जहां उन्हें साफा पहनाकर व बाबा की तस्वीर भेंट करके उनका अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव की अनन्य भक्त डालीबाई की समाधि के भी दर्शन किए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, राजस्व मंत्री हरीश चौधरी, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री भंवरसिंह भाटी व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल भी मौजूद थे। इस बीच मुख्यमंत्री गहलोत ने बाबा रामदेव जयंती और तेजादशमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सुस्ती के दौर में वित्तीय गणित ठीक रखना जरूरी

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

अर्थव्यवस्था इन दिनों बेहद सुस्ती के दौर से गुजर रही है। विकास दर छह साल के निचले स्तर पर आ गई है। विभिन्न सेक्टरों में बिक्री काफी घट गई है। लाखों लोगों की नौकरी छूट चुकी है और आगे भी नौकरी का संकट बना हुआ है। आने वाला समय हमारी जेब पर भारी पड़ सकता है। ऐसे समय में कुछ बातों का ध्यान रखकर हम अपनी वित्तीय किलेबंदी को कमजोर होने से रोक सकते हैं

## एसआईपी को न करें बंद

निवेशक अक्सर कठिन समय में एसआईपी यानी, सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान को बंद कर देते हैं। पर इस समय किया गया एसआईपी निवेश लंबे समय में बहुत ऊंचा रिटर्न देता है। इस समय शेयरों या शेयर आधारित म्यूचुअल फंड की यूनिट का भाव कम होता है। इसलिए छोटी राशि पर निवेशक अधिक मूल्य हासिल करते हैं। कुछ साल बाद जब बाजार में मजबूती आती है, तो कठिन समय में किए गए निवेश का मूल्य काफी अधिक हो जाता है।

## बाजार से कम प्रभावित होने वाली संपत्ति का करें चुनाव

सुस्ती के माहौल में ऐसी संपत्ति का चुनाव करना चाहिए, जो बाजार से कम प्रभावित होते हैं। शेयर की जगह बांड को तरजीह दें। ऐसे फंड में निवेशक करें, जो हालत के हिसाब से शेयर या बांड में संपत्ति का आवंटन करते हैं। इन लिहाज से हाइब्रिड फंड्स काफी महत्वपूर्ण हैं।

## गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड सॉवरेन बांड में कुछ पैसे लगाएं

अनिश्चित आर्थिक माहौल में सोने-चांदी जैसी महंगी धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी होती है।इन्हें सुरक्षित निवेश संपत्ति माना जाता है, जिन पर बाजार की उतार-चढ़ाव का बहुत अधिक विपरीत असर नहीं पड़ता है। जानकारों का मानना है कि निवेशक को अपनी पूंजी का 10-15 फीसदी हिस्सा सोने में रखना चाहिए। लेकिन फिजिकल गोल्ड या आभूषण खरीदने के अपने खतरे हैं। गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड सॉवरेन बांड बेहतर विकल्प हैं।

## आपात कोष बनाना है जरूरी

नौकरी पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए हर किसी के लिए एक आपात कोष बनाना जरूरी है। जानकार बताते हैं कि यह यह कोष इतना बड़ा हो कि आपका कम से कम छह महीने का खर्च इससे निकल जाए। चिकित्सा या वित्तीय आपात स्थिति आपकी सुविधा का ध्यान रखकर नहीं आते। यह कभी भी आ सकते हैं। इसलिए इस समय के लिए आपात कोष जरूरी है।

## गैर जरूरी खर्चे घटाएं या टालें

आर्थिक सुस्ती के समय में अपने खर्चे पर पुनर्विचार करना जरूरी है। यह देखना चाहिए कि जो खर्च हम करने जा रहे हैं, क्या उसे भविष्य के लिए टाला जा सकता है। बड़े खर्च को भी बाद के लिए छोड़ा जा सकता है। मकान खरीदना, कार खरीदना या विदेशी यात्रा करना ऐसे ही बड़े खर्चों में से हैं। इस तरह के खर्च हम पर बड़ी ईएमआई का बोझ डालते हैं, जो अनिश्चित आर्थिक माहौल में हमारे लिए एक भार बन सकता है।

### वित्तीय प्लानिंग



## क्या होती है आर्थिक सुस्ती

इन दिनों देश में आर्थिक सुस्ती की चर्चा सबकी जुबान पर है। आर्थिक सुस्ती उस माहौल को कहते हैं, जब आपूर्ति के मुकाबले मांग कम हो जाती है। यानी बाजार में बिकने के लिए सामान तो होते हैं, पर खरीदने वाले नहीं होते हैं या बहुत कम होते हैं। इसी की औपचारिक अवस्था है मंदी। ब्रिटेन में लगातार दो तिमाही जीडीपी में गिरावट को मंदी कहा जाता है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में सुस्ती व मंदी की एक चक्र की तरह पुनरावृत्ति कुछ सालों के अंतराल पर होती रहती है। मांग घटने के कारण ऐसे वक्त में उत्पादों की कीमत काफी घट जाती है। कंपनियों को छूट, ऑफर और गिफ्ट देकर सामान बेचने पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में कंपनियों का लाभ घट जाता है या फिर उन्हें घाटा होता है। इससे सरकार की टैक्स आय भी घट जाती है। इसलिए मंदी और सुस्ती को लेकर कंपनियां और सरकार काफी संवेदनशील होती हैं।

## देश के किन सेक्टरों में है

कार, ट्रक, हल्के कॉमर्शियल वाहन समेत ऑटो, एल्यूमीनियम उत्पाद, वित्तीय निवेश, बिजली के उपकरण, रियल्टी, एफएमसीजी, इलेक्ट्रानिक, रिटेल, विनिर्माण, धातु, उर्वरक-स्टील-रिफायनरी समेत बुनियादी ढांचा जैसे कई सेक्टर इन दिनों सुस्ती की गिरफ्त में हैं। गत 10 महीने से कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज की जा रही है। जुलाई में कारों की बिक्री में 19 साल की सबसे बड़ी गिरावट रही। कोर सेक्टर यानी, प्रमुख आठ इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की विकास दर भारी गिरावट के साथ जुलाई में 2.1 फीसदी पर आ गई है। अगस्त के पीएमआई सर्वेक्षण नतीजे के मुताबिक मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की उत्पादन विकास दर 15 महीने के निचले स्तर पर है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी गिरकर 5 फीसदी पर आ गई है।

# रुपये-पैसे से जुड़ा बर्ताव बदलने में कुछ ट्रिक भी आजमाएं

**पर्सनल फाइनेंस के मामले में लोगों को सही फैसला करने में मदद के लिए जागरूकता बढ़ाना ही काफी नहीं। जब भी बर्ताव बदलने की बात आती है तो यह आमतौर पर मान लिया जाता है कि लोगों को सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करना काफी होता है।**

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

लोग वह काम क्यों नहीं करते, जिससे उनका भला हो सकता है? यह कठिन सवाल है। जब भी बर्ताव बदलने की बात आती है तो यह आमतौर पर मान लिया जाता है कि लोगों को सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करना काफी होता है। पर्सनल फाइनैंस में टर्म इंश्योरेंस का मामला ही ले लें। जो भी कमाता-धमाता हो और जिस पर उसका परिवार आश्रित हो, उसे टर्म इंश्योरेंस लेना चाहिए। फिर भी यह इंश्योरेंस लेने में लोग इसलिए हिचकते हैं क्योंकि इसमें कुछ मिलना नहीं है। ऐसे बर्ताव में बड़ा हाथ इंश्योरेंस एजेंटों का भी है। इसे कैसे बदला जा सकता है। आम जवाब यह है कि लोगों को बीमा के बारे में शिक्षित करना चाहिए क्योंकि अज्ञानता दूर करने से समस्या हल हो सकती है।

## टोनाटिन का प्रयोग फिर से संभव

बचत करने वालों की सोच बदलने में एक ट्रिक काम कर सकती है। 19वीं सदी में बीमा कंपनियों ने जब लोगों के सामने अपने प्रॉडक्ट पेश करने शुरू किए थे, तो उन्होंने 'टोनटिन' नाम की एक ऐन्युइटी का इस्तेमाल किया था। टोनटिन में एक जैसी उम्र के लोगों के समूह को किसी बीमा कंपनी से सिंगल, जॉइंट ऐन्युइटी खरीदना होती थी। उन्हें ऐन्युइटी अमाउंट पर हासिल इनकम में हिस्सा मिल जाता था। जब किसी मेंबर का निधन हो जाता तो उसका हिस्सा कॉमन पूल में चला जाता। इस तरह ऐन्युइटी से आमदनी का जरिया बना रहता। समय बीतने के साथ कुछ मेंबर्स का निधन होने के बाद जीवित रहने वालों को ज्यादा आमदनी होती। टोनटिन ग्रुप में प्रायः 20 से 50 सदस्य होते थे और जब कुछ ही लोग बचते तो शुरुआत के मुकाबले इनकम बहुत ज्यादा हो जाती। आखिरी सदस्य के निधन के बाद बीमा कंपनी जमा की गई रकम अपने पास रख लेती। इस तरह टोनटाइन की मेंबरशिप खरीदने का मतलब अपनी ज्यादा उम्र पर दांव लगाना था, लेकिन इसमें अतिरिक्त फायदा यह था कि जितनी ज्यादा उम्र होती, उतनी ही ज्यादा कमाई होती। तो क्या आप टोनटिन खरीदते? कुछ सालों बाद कुछ घोटालों के कारण टोनटिन स्कीमों पर बैन लगा दिया गया। या हो सकता है कि सदस्यों ने ही एक-दूसरे की हत्या करानी शुरू कर दी हो। जो भी हो, यह तो मुमकिन है कि टोनटिन जैसा सिस्टम लोगों को ऐन्युइटी खरीदने के लिए प्रेरित कर सकता है। आजकल के जमाने में भी टोनटिन डिजाइन की जा सकती है, जिसमें मेंबर्स को एक-दूसरे की जानकारी न हो। बीमा का मामला इतना रेगुलेटेड है कि यह कुछ अक्षम बिजनेस मॉडल्स तक सीमित हो गया है, लिहाजा मॉडर्न टोनटिन की गुंजाइश नहीं के बराबर है।

### स्मार्ट फाइनेंशियल मूव




## टैक्स में ईमानदारी लाने के लिए ताइवान मॉडल अपनाना कारगर

पैसे से जुड़ी एक और ट्रिक है, जिसकी मदद से कस्टमर सेलर्स पर दबाव बना सकते हैं कि वे अनअकाउंटेंड बिजनस न करें। 1951 से ताइवान में एक नैशनल लॉटरी सिस्टम है। देशभर में दुकानों से रिटेल परचेज के इनवॉइस के रूप में इसके टिकट जारी किए जाते हैं। पूरा देश यूनिफॉर्म इनवॉयस सिस्टम का पालन करता है। इसमें एक कॉमन नंबरिंग सिस्टम होता है। ऑड नंबर वाले हर महीने की 25 तारीख को लॉटरी के विजेताओं की घोषणा की जाती है। इनाम काफी बड़े होते हैं। पहला पुरस्कार एक करोड़ टीडब्ल्यूडी (करीब 2.3 करोड़) का होता है। इसके अलावा 200 टीडब्ल्यूडी के कई पुरस्कार होते हैं। इसमें एक ग्रेडेशन सिस्टम होता है, जो खरीदारी के साइज और प्राइज के स्तर का कनेक्शन बनाता है। भारत में रिटेल लेवल पर टैक्सेशन में ईमानदारी के मोर्चे पर इससे काफी मदद मिल सकती है। खरीदार प्रॉपर बिलिंग पर जोर देंगे क्योंकि बिल ही लॉटरी का टिकट होगा। टैक्स रेवेन्यू के मुकाबले इनाम की कॉस्ट मामूली बैठेगी।

# सही ईएलएसएस का चुनाव ऐसे करें

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक



इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) में टैक्स छूट और संपत्ति निर्माण का दोहरा लाभ मिलता है। आयकर कानून की धारा 80सी के तहत ईएलएसएस में निवेश के जरिए हर साल 1.50 लाख रुपये तक का टैक्स लाभ उठाया जा सकता है। इसमें निवेश को तीन साल के लिए बरकरार रखना होता है। इसलिए सही फंड का चुनाव करना जरूरी है। सही फंड का चुनाव करने के लिए निवेशकों को इन बातों पर गौर कर लेना चाहिए।

## पोर्टफोलियो का झुकाव

ईएलएसएस मल्टीकैप इक्विटी फंड होता है। इसके साथ ही कुछ फंड का झुकाव लार्जकैप, कुछ का मिडकैप और स्मॉलकैप की तरफ होता है। लार्ज कैप की ओर झुकाव रखने वाले फंड के वैल्यू में सुस्ती के दौरान कम गिरावट आती है। बाजार में तेजी आने पर लार्ज कैप तेजी से प्रतिक्रिया दिखाता है। दूसरी ओर मिडकैप या स्मॉलकैप जैसे छोटे शेयरों पर फोकस्ड फंड में लाभ की संभावना अधिक रहती है, लेकिन उनमें जोखिम भी अधिक होता है। इन्वेस्को टैक्स प्लान और टाटा टैक्स सेविंग्स स्कीम जैसे कुछ फंड लार्ज कैप शेयरों में प्रमुखता से निवेश करते हैं। दूसरी ओर आईडीएफसी टैक्स सेविंग स्कीम और आदित्य बिड़ला सनलाइफ टैक्स रिलीफ 96 जैसे कुछ फंड मिडकैप और स्मॉलकैप में प्रमुखता से निवेश करते हैं।

## टॉप शेयरों में निवेश का अनुपात

एक निवेशक को यह देखना चाहिए कि पोर्टफोलियो टॉप शेयरों में फंड ने कितना निवेश किया है। आईडीएफसी टैक्स एडवांटेज फंड ने टॉप पांच फीसदी शेयरों में 22 फीसदी से अधिक निवेश किया है। टाटा टैक्स सेविंग्स स्कीम ने टॉप पांच फीसदी शेयरों में 35 फीसदी से अधिक निवेश किया है। थोड़े शेयरों में अधिक निवेश का खतरा यह है कि इन शेयरों में गिरावट से फंड वैल्यू को बड़ा झटका लगता है। दूसरी ओर बहुत अधिक शेयरों में थोड़ा-थोड़ा निवेश (डायवर्सिफाइड) करने का नुकसान यह है कि किसी शेयर में तेजी का अधिक लाभ नहीं मिल पाता है।

## निरंतर रिटर्न दे पाने में सक्षम

पिछले साल के रिटर्न को ही चुनाव का आधार न बनाएं। फंड ने किस प्रकार से निवेश की नीति अपनाई उसके कारणों पर ध्यान दें। 2017 में आईडीएफसी टैक्स एडवांटेज जैसे फंड ने छोटे शेयरों पर फोकस किया और बढ़िया रिटर्न दिया। 2018 में बड़े शेयरों में निवेश करने वाले फंड ने बढ़िया रिटर्न दिया। यह देखें कि फंड लगातार अलग-अलग परिस्थितियों में अच्छा रिटर्न दे पा रहा है या नहीं। यह भी देखें कि बाजार का माहौल क्या है। कभी वे फंड अच्छे होते हैं, जो नुकसान को कम रख सकते हैं। किसी अन्य समय में वे फंड अच्छे हो सकते हैं, जो अधिक फायदा द सके।

## लंबे समय के लिए करें निवेश

ईएलएसएस की लॉकइन अवधि कम से कम तीन साल होती है। लेकिन लंबी अवधि में शेयर अधिक रिटर्न देते हैं। कई बार शेयर तीन साल में शेयर अपनी गिरावट से पूरी तरह वापस नहीं लौट सकते हैं। इसलिए बेहतर रिटर्न पाने के लिए निवेश की अवधि लंबी रखनी चाहिए।

# एमएफ निवेश में नॉमिनी न हो तो ऐसे करें क्लेम

**फंड के सिंगल होल्डर व ज्वाइंट होल्डर के लिए अलग-अलग है नियम, निवेशक जरूर बनाएं नॉमिनी, म्यूचुअल फंड्स की ट्रांसमिशन प्रक्रिया को समझना जरूरी**

शंभू भद्रा ▶▶| रोहतक

आपको पता है कि म्यूचुअल फंड में निवेश न सिर्फ निवेश करने वाले के काम आता है, बल्कि निवेशक के किसी कारण से गुजर जाने के बाद उसके परिवार के काम आता है। निवेशक की अगर मौत हो जाय तो उनका म्यूचुअल फंड निवेश किसको मिलेगा, ये आप नॉमिनी बना कर तय कर सकते हैं। लेकिन अगर निवेशक ने निवेश के लिए कोई नॉमिनी नहीं रखा है तो कौन आपके म्यूचुअल फंड निवेश को भुना सकेगा, आइए जानते हैं।

## ज्वाइंट होल्डर के होने पर

म्यूचुअल फंड निवेश के अगर ज्वाइंट होल्डर हैं लो अगर पहले होल्डर की मृत्यु हो जाती है तो म्यूचुअल फंड यूनिट्स दूसरे होल्डर को मिलेंगी। और अगर म्यूचुअल फंड निवेश का एक ही होल्डर है तो ऐसे में नॉमिनी को म्यूचुअल फंड यूनिट्स मिलेंगी। यूनिट्स दिए जाने की प्रक्रिया को ट्रांसमिशन कहते हैं।

## कैसे होगा ट्रांसमिशन

पहले ज्वाइंट होल्डर की मृत्यु पर दूसरे होल्डर को यूनिट्स मिलेंगी। इसके लिए दूसरे होल्डर को डेथ सर्टिफिकेट, अकाउंट क्लोजिंग फॉर्म देना होगा। यूनिट्स ट्रांसफर करने के लिए दूसरे होल्डर का अकाउंट होना जरूरी है। और अगर दूसरे होल्डर का अकाउंट नहीं तो नया डिपोजिटरी अकाउंट खोलना होगा। क्योंकि यूनिट का ट्रांसफर अकाउंट में भी होता है। ट्रांसमिशन के लिए फर्स्ट होल्डर का डेथ सर्टिफिकेट देना होगा। दूसरे यूनिट होल्डर को अपना केवाईसी कन्फर्म करना होगा। दूसरे यूनिट होल्डर को पहचान पत्र भी जमा करना होगा। नये फर्स्ट होल्डर का कैंसल चेक भी देना होगा।

## निवेश की जानकारी न होने पर

ज्यादातर भारतीय घरों में ऐसा देखने में आया है कि घर का मुखिया कहां निवेश कर रहा है, इसके बारे में घर के अन्य लोगों को कम ही पता होता है। पत्नी तक को पता नहीं कि पति ने कहां निवेश किया है। ऐसे में पति की मौत होने पर पत्नी सीएएमएस/कार्वी एमएफएस के पास पहुंच सकती है। यहां पत्नी को निवेशक के साथ रिश्ता साबित करना होगा। उसके लिए मैरेज सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज जमा करने होंगे। सीएएमएस/कार्वी सारी डिटेल वेरीफाई करेगा व उसके बाद फोलियो/अकाउंट स्टेटमेंट पत्नी को ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

## होल्डर्स नहीं, नॉमिनी रजिस्टर्ड

म्यूचुअल फंड यूनिट्स के सभी होल्डर की मृत्यु हो गई है और होल्डर ने नॉमिनी रजिस्टर्ड कराए हुए हैं। ऐसे में हर एएमसी में अलग-अलग ट्रांसमिशन के लिए दस्तावेज देने होंगे। मृत यूनिट होल्डर का ऑरिजनल/अटेस्टेड फोटोकॉपी देनी होगी। नॉमिनी/दावेदार का केवाईसी कन्फरमेशन भी जरूरी होता है। नये बैंक का कैंसल चेक/बैंक स्टेटमेंट, जिस पर नॉमिनी का नाम हो, जमा करना होगा। यहां एफएटीसीए सेल्फ सर्टिफिकेशन भी अहम होता है।

## होल्डर्स नहीं और नॉमिनी भी नहीं

कई बार ऐसा भी देखने में आया है कि निवेशक का कोई होल्डर भी नहीं है और उसका अपना कोई वारिस भी नहीं है। ऐसे में डॉक्युमेंटेशन काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कानूनी वारिस को व्यक्तिगत स्तर पर एफिडेविट देना होगा। इंडेम्निटी बॉन्ड भी सभी कानूनी वारिसों को साइन करना होगा। दावे की रकम अगर 25 लाख रुपये से कम है, ऐसे में प्रूफ के लिए जरूरी दस्तावेज देने होंगे। अगर दावे की रकम अगर काफी ज्यादा है तो विल की नॉटराइज कॉपी, सक्सेशन सर्टिफिकेट देना होगा। लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, एफएसीटीए डिटेल भी देनी होंगी।

### फंड्स का फंडा

**अधिकतर भारतीय घरों में ऐसा देखने में आया है कि घर का मुखिया कहां निवेश कर रहा है, इसके बारे में घर के अन्य लोगों को कम ही पता होता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। म्यूचुअल फंड के बारे में भी ऐसा ही देखा जाता है। म्यूचुअल फंड निवेश के अगर ज्वाइंट होल्डर हैं और पहले होल्डर की मृत्यु हो जाती है तो म्यूचुअल फंड यूनिट्स दूसरे होल्डर को मिलेंगी। अगर म्यूचुअल फंड निवेश का एक ही होल्डर है तो ऐसे में नॉमिनी को म्यूचुअल फंड यूनिट्स मिलेंगी।**



## तलाक होने पर

सिंगल होल्डिंग है तो तलाकशुदा महिला फंड्स निकाल सकती है। महिला चाहे तो म्यूचुअल फंड निवेश जारी भी रख सकती है और अगर ज्वाइंट होल्डिंग है, दोनों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। ज्वाइंट होल्डिंग है और पत्नी पहली होल्डर है तो यहां पत्नी ज्वाइंट होल्डर को फोलियो से हटवा सकती है। पत्नी को डिवोर्स सर्टिफिकेट, पति से एनओसी जमा करनी होगी।

## नॉमिनेशन क्या है

निवेशक की मौत के बाद उसकी संपत्ति का हकदार उसका नॉमिनी होता है। निवेशक किसी को भी नॉमिनी बना सकता है। नॉमिनी पति/पत्नी, बच्चा या परिवार का कोई सदस्य हो सकता है। दोस्त या कोई ऐसा व्यक्ति भी, जिस पर आपको भरोसा हो, उसे भी नॉमिनी बना सकते हैं। सिंगल होल्डिंग्स में खुलने वाले फोलियो में नॉमिनी अब जरूरी है। ज्वाइंट्स होल्डिंग्स के मामले में नॉमिनी जरूरी नहीं होता है।

## कैसे बनाएं नॉमिनी

म्यूचुअल फंड निवेश के फॉर्म में एक कॉलम होता है, जिसमें आप नॉमिनी की डिटेल भर सकते हैं। निवेशक अकेले या संयुक्त रूप से नॉमिनी नियुक्त कर सकता है। नॉन-इंडिविजुअल्स जैसे सोसायटी, ट्रस्ट नॉमिनी नियुक्त नहीं कर सकते।

## कितने हो सकते हैं नॉमिनी

कोई निवेशक 3 नॉमिनी तक नियुक्त कर सकता है। किस नॉमिनी को कितना हिस्सा मिलेगा, ये भी निवेशक खुद तय कर सकता है। अगर हिस्सेदारी तय नहीं की गई है तो हर नॉमिनी को बराबर हिस्सा मिलेगा।

## बदला जा सकता है नॉमिनी

निवेशक जब चाहे तब नॉमिनी बदल सकता है। निवेशक मर्जी से पुराने नॉमिनी को चुन सकता है और नया नॉमिनी भी बना सकता है। नॉमिनी रहने से फंड ट्रांसमिशन आसान होता है। नॉमिनी नहीं होने पर कानूनी वारिसों को दिक्कतें होती हैं। ट्रांसमिशन के लिए काफी जटिल औपचारिकताएं और कई तहर के दस्तावेज भी पेश करने पड़ते हैं। इसलिए निवेश करते समय फार्म में अपना नॉमिनी भी जरूर चुन लें।

# गणपति बप्पा से सीखें निवेश के गुर

बिजनेस डेस्क ▶▶| रोहतक

आपने गणपति बप्पा को अगले बरस बुलाया और वे एक साल बाद फिर आ गए हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश अपने भक्तों का जीवन धन-संपत्ति, समृद्धि और ऐश्वर्य से भर देते हैं। तो आइए जानें कि आर्थिक सुस्ती के दौर में अपनी आर्थिक स्थित मजबूत करने के लिए आप बप्पा से क्या-क्या सीख सकते हैं।

## कुछ बड़ा सोचें

भगवान गणेश के विशालकाय सिर से आपको कुछ बड़ा सोचने की प्रेरणा मिलती है। आपको एक ऐसी धन योजना बनानी चाहिए, जिसमें आपके अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य शामिल हों और उपयुक्त साधनों में निवेश करने की व्यवस्था हो। इसके लिए आपको एक ऐसा बजट तैयार करने की जरूरत है, जिसमें अपनी हैसियत के अनुसार खर्च करने और जोखिम उठाने की क्षमता के साथ आवश्यकता के आधार पर अलग-अलग विकल्पों में निवेश करने के लिए कुछ पैसे रखने की व्यवस्था हो, जो बहुत लोकप्रिय न भी हो तो चलेगा, लेकिन उनसे अच्छा रिटर्न मिलना चाहिए। इस बड़ी-सी योजना में रिटायरमेंट प्लान, इंश्योरेंस खरीदने और पैसे जमा करने के उपाय भी शामिल होने चाहिए।

## पैसों में अनुशासन बनाए रखें

भगवान गणेश की आंखें, एकाग्रता और ध्यान-मग्नता की प्रतीक हैं। अपने लिए एक योजना बनाने के बाद आपको अपने लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करते रहना चाहिए और कभी हार नहीं माननी चाहिए। आपको ध्यान भटकने या निराश होने से बचने के लिए खर्च और बचत पर अनुशासन बनाए रखने की जरूरत पड़ती है। इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि आपके आर्थिक उद्देश्य के अनुसार आपका आर्थिक विकास हो रहा है या नहीं। इसके अलावा अपने निवेश में जरूरत के अनुसार बदलाव करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि बैंक अपनी ब्याज दरों में कटौती कर दे तो आपको अपने उधार और ईएमआई में कटौती करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## चौकन्ना रहें, खुले रखें अपने कान

भगवान गणेश के लम्बे-लम्बे कानों से आपको चौकन्ना रहने की शिक्षा मिलती है और इसके लिए आपको विज्ञापनों और अपने दोस्तों की सलाह के आधार पर निर्णय लेने के बजाय अच्छी वित्तीय सलाह पर ध्यान देना चाहिए। सही सलाह की पहचान करने और उपयोगी वित्तीय निर्णय लेने के लिए सतर्क रहना जरूरी होता है।

## उतार-चढ़ाव में शांति बनाए रखें

गणपति का मोटा पेट बड़ा संदेश देता है। उनके पेट से शेयर बाजार में निवेश को लेकर चिंतित न रहने की शिक्षा मिलती है। यानी आप बाजार के उतार-चढ़ाव को लेकर विचलित न हों और सबकुछ शांति से डाइजेस्ट करें।

## टकटकी नजर

गणपति को मोदक बहुत पसंद हैं और उनका एकटक मोदक की ओर देखते रहना भी हमें एक सीख देता है। शेयर बाजार की दृष्टि से देखें तो यह टकटकी म्यूचुअल फंडों से होने वाले लाभ को दिखाती है। आखिरकार यह आपकी मेहनत की कमाई का पैसा है, क्यों?

## गणपति की सवारी

चूहा गणपति देव की सवारी है। इस सवारी का छोटा आकार कई बार भ्रामक स्थिति पैदा कर देता है। अगर इसे आजाद दिया जाए तो तबाही मचा सकता है। इसी तरह से यह आपकी इच्छाओं को बांधकर रखने की सीख भी देता है।

## बजट पर ध्यान दें

गणेश पूजा का आयोजन करने से आपको अपनी अर्थव्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की शिक्षा मिलती है। इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए खर्च को ध्यान में रखते हुए एक बजट तैयार करना पड़ता है और अलग-अलग खर्च के लिए आवश्यक अनुपात में पैसे का बंटवारा करना पड़ता है। आप इस शिक्षा का उपयोग करके अपने दैनिक जीवन में अपनी अर्थव्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और अपनी आमदनी व खर्च पर नजर रख सकते हैं। हर महीने अपने आर्थिक बजट के अनुसार ही खर्च और बचत-निवेश करें। अपने बजट के अनुसार खर्च करने से आपको पैसे जमा करने, टैक्स बचाने और अपने परिवार को सुरक्षित करने में काफी मदद मिल सकती है।

## टीम वर्क

गणेश पूजा का आयोजन करने के लिए परिवार के प्रत्येक सदस्य के योगदान और सहयोग की जरूरत पड़ती है। आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने के लिए भी इसी तरह की योजना और सहयोग की जरूरत पड़ती है। जब तक प्रत्येक व्यक्ति सामूहिक रूप से बजट के अनुसार कार्य करने और खर्च को नियंत्रण में रखने का प्रयास नहीं करता है तब तक आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना कठिन है। इस गणेश पूजा, सुनिश्चित करें कि आपके परिवार के सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारी उठाएं और आपके आर्थिक लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें।

### पर्सनल फाइनेंस



## बुद्धि और धैर्य के लिए मशहूर

भगवान गणेश अपनी बुद्धि और धैर्य के लिए मशहूर हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आपको इन दोनों की जरूरत है। बुद्धि और धैर्य के सहारे ही निवेश के जोखिम से उबर कर लाभ कमाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### रैंकिंगः मलिंगा की लंबी छलांग, राशिद टॉप पर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच में हैट्रिक सहित चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले श्रीलंका के अनुभवी तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा आईसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में गेंदबाजों की लिस्ट में 20 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 21वें नंबर पर पहुंच गए है। मलिंगा इससे पहले वनडे में भी चार गेंदों पर लगातार चार विकेट ले चुके हैं। अब वह टी-20 और वनडे में चार गेंदों पर लगातार चार विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। टी-20 रैंकिंग में मलिंगा के अलावा लेग स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

### पृथ्वी सेकर ने जीता दोहरा खिताब



**चेन्नई।** पृथ्वी सेकर ने शनिवार एमपीटीए केटीसी द्वारा आयोजित ईनोओ आईसोल्यूशन एआईटीए पुरुष रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में एकल और युगल खिताब अपनी झोली में डाले। सेकर के लिए मुकाबला आसान रहा क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी भरत निशप कुमार पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद पेट खराब होने के कारण मुकाबले से हट गए। सेकर ने शुक्रवार को दक्षिणेश्वर सुरेश के साथ मिलकर युगल खिताब अपने नाम किया था।

### अंडर 19 एशिया कप भारत ने पाक को हराया

**मोरातुवा।** सलामी बल्लेबाज अर्जुन आजाद (121) और एनटी



तिलक वर्मा (110) की शतकीय पारियों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 183 रन की साझेदारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप के एकदिवसीय मुकाबले में शनिवार को यहां चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 60 रन से शिकस्त देने के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

### पाकिस्तान के दिग्गज पूर्व स्पिनर कादिर का निधन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और दिग्गज स्पिन गेंदबाज



अब्दुल कादिर का शुक्रवार को लाहौर में निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक उनका निधन कार्डियक अरेस्ट के कारण हुआ। वो अपने समय के दिग्गज स्पिनर्स में गिने जाते थे। अब्दुल कादिर 67 साल के थे और पाकिस्तान के लिए उन्होंने 67 मैचों में हिस्सा लिया था। टेस्ट में उनके नाम 236 विकेट है।

### टी20 श्रृंखला के लिए भारत पहुंची द.अफ्रीका टीम

**नई दिल्ली।** कप्तान क्विंटन डि काक के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शनिवार को यहां पहुंची। तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने ट्वीट किया, 'भारत में आकर रोमांचित महसूस कर रहा हूं और फिर क्रिकेट खेलने का इंतजार है।' दक्षिण अफ्रीका की टीम दौरे की शुरुआत 15 सितंबर को धर्मशाला में खेले जाने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से करेगी।

### भारतीय रेलवे मुक्केबाजी में उत्तर रेलवे बना विजेता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय रेलवे मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में उत्तर रेलवे ने पांच स्वर्ण पदकों समेत 10 पदक हासिल कर विजेता होने का खिताब अपने नाम किया। जबकि महिला वर्ग में उत्तर रेलवे की मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण पदकों समेत सात पदक हासिल करके दूसरे स्थान पर जगह बनाई। पुरुषों के मुक्केबाजी मुकाबलों में उत्तर रेलवे ने सर्वाधिक 05 स्वर्ण, 04 रजत, 01 कांस्य सहित 10 पदको के साथ सर्वाधिक 34 अंक अर्जित किये।

**अमेरिकी ओपन के पांचवें फाइनल में किया प्रवेश**



## यूएस ओपन : नडाल ने सेफा में बेरेटिनी को 7-6, 6-4, 6-1 से हराया

# 19वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे वर्ल्ड नंबर-2 नडाल

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने इटली के माटियो बेरेटिनी को शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन के पांचवें फाइनल में प्रवेश किया और अब उनकी कोशिश 19वां ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डालने की होगी। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी नडाल ने आर्थर एशे स्टेडियम में बेरेटिनी को 7-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर रविवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना रूस के पांचवें वरीय दानिल मेदवेदेव से होगा जिन्होंने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया।

अगर नडाल यहां खिताब जीत लेते हैं तो वह रोजर फेडरर के सर्वकालिक पुरुष रिकार्ड से महज एक ट्राफी दूर रह जाएंगे। वह अपने 27वें ग्रैंडस्लैम फाइनल में खेलेंगे और उन्होंने पिछले महीने मेदवेदेव को मांट्रियल फाइनल में हुई भिड़ंत में पराजित किया था। नडाल ने कहा, 'अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। सत्र के शुरू में कुछ कठिन परिस्थितियों के बाद आज यहां पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।'

### चौथे यूएस खिताब पर नजर

नडाल ने सत्र के शुरू में कूल्हे की चोट के बाद वापसी करते हुए 12वां फ्रेंच ओपन खिताब हासिल किया था और अब उनकी निगाहें चौथे अमेरिकी ओपन खिताब पर लगी हैं। अगर वह ऐसा कर लेते हैं तो फेडरर, पीट सम्प्रास और जिमी कोनोर्स के अमेरिकी ओपन के रिकार्ड से महज एक खिताब पीछे हो जाएंगे जिन्होंने यहां पांच ट्राफियां हासिल की हैं। नडाल ने कहा, 'रविवार को मेरे पास एक और मौका होगा। मैं एक दिन के ब्रेक में आराम करके अच्छे अभ्यास के साथ रविवार को कोर्ट पर उतरना चाहता हूं।'




**मेदवेदेव पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में**

मेदवेदेव 23 साल की उम्र में पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचे हैं और पिछले छह हफ्तों में काफी अच्छा (मैचों में जीत का रिकार्ड 20-2) खेल रहे हैं जिसमें वाशिंगटन और कनाडा में उप विजेता रहना और सिनसिनाटी में खिताब जीतना तथा यहां अमेरिकी ओपन में फाइनल तक पहुंचना शामिल है। मेदवेदेव ने कहा, 'मैं फाइनल में पहुंचकर खुश हूं। जब मैं अमेरिका आ रहा था तो मुझे नहीं पता था कि यह इतना अच्छा होगा।' मरात साफिन के 2005 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने के बाद वह पहले रूसी खिलाड़ी हैं जो पुरुष ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। साफिन के 2000 में ट्राफी हासिल करने के बाद अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले भी वह पहले रूसी खिलाड़ी हैं।

### बीसीसीआई ने कार्तिक को भेजा कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान दिनेश कार्तिक को बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस दिया है। बीसीसीआई ने कार्तिक को यह नोटिस कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) की टीम त्रिनबागो नाइट राइडर्स के ड्रेसिंग रूम में जाने के कारण दिया है। कार्तिक टीम के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम के साथ ड्रेसिंग रूम में थे। मैक्कुलम को हाल ही में कोलकाता का भी कोच नियुक्त किया गया है। बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी ने बात करते हुए इस बात की पुष्टि की है और कहा है कि कार्तिक को ऐसा करने से पहले इजाजत लेनी चाहिए थी क्योंकि वह अभी भी बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध प्राप्त खिलाड़ियों की सूची में हैं।

## हरियाणा ने दिल्ली को 47-25 से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

हरियाणा स्टीलर्स ने दबंग दिल्ली को 47-25 से हराया और वो अंक तालिका में 46 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आ गए हैं। दिल्ली की लगातार 5 मैच जीतने के बाद पहली हार है और इस सीजन में उन्हें दूसरी बार ही शिकस्त मिली है, लेकिन अभी भी वो 54 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं।

हरियाणा स्टीलर्स की यह लगातार 5वीं जीत हैं। नवीन एक्सप्रेस ने अपने 150 रेड पॉइंट भी पूरे किए और पवन के बाद यह कारनामा करने वाले वो दूसरे खिलाड़ी बने हैं। विकास कंडोला ने भी अपना सुपर 10 पूरा किया। पहले हाफ के बाद हरियाणा स्टीलर्स ने 21-13 की अहम बढ़त दिलाई।





### गुजरात और बंगाल का मैच 25-25 से टाई हुआ

गुजरात फॉर्च्यूनजायंट्स और बंगाल वॉरियर्स के बीच खेला गया प्रो कबड्डी लीग का 78 वां मैच 25-25 से टाई हो गया। कोलकात में खेले गए मैच को लेकर फैंस को उम्मीद थी कि बंगाल की टीम अपने होम ग्राउंड पर दमदार खेल दिखाएगी, लेकिन गुजरात के शानदार डिफेंस ने मैच को बराबरी पर रोक दिया। मैच में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा मनिंदर सिंह ने नौ अंक जुटाए। मैच के पहले हाफ में बंगाल का पलड़ा भारी दिखाई दिया, और बंगाल ने पहले हाफ का अंत 15-13 की बढ़त के साथ किया। दूसरे हाफ को लेकर फैंस को उम्मीद थी कि बंगाल इस बढ़त को और ज्यादा करेगी, लेकिन गुजरात के रेडर्स ने दूसरे हाफ में लगातार अपनी टीम को पाइंट्स लाकर दिए।

### ओलंपिक पदक के लिए छोटी चीजों पर काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** यशस्विनी सिंह देसवाल ने हाल में रियो विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता और उन्होंने कहा कि अगले साल ओलंपिक खेलों में सफलता हासिल करने के लिएउन्हें 'छोटी' चीजों में सुधार करना होगा। बाईस वर्षीय निशानेबाज ने रियो दि जिनेरियो विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को नौंवा ओलंपिक कोटा दिलाया। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन ने सत्र के चौथे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में 236.7 अंक जुटाए और शीर्ष निशानेबाज ओलिना कोस्टेविच को पछाड़ दिया। यशस्विनी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'पदक जीतकर और कोटा हासिल करके काफी खुश हूं। मेरी कड़ी मेहतन का अंत में नतीजा मिला। मेरे लिए यह पदक आश्वस्त करता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रही हूं। यह पदक सही समय पर मिला। मुझे इसकी जरूरत थी।

## वाखरे के पांच विकेट, इंडिया रेड ने जीता दलीप ट्राफी खिताब



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

विदर्भ के आफ स्पिनर अक्षय वाखरे के पांच विकेट की मदद से इंडिया रेड ने शनिवार को यहां इंडिया ग्रीन को पारी और 38 रन से शिकस्त देकर दलीप ट्राफी खिताब अपनी झोली में डाला। वाखरे (13 रन देकर पांच विकेट) ने इंडिया ग्रीन के बल्लेबाजों को अपनी स्पिन के जाल में उलझाया और टीम चौथे दिन दिन दूसरी पारी में 39.5 ओवर में 119 रन पर सिमट गई।

इंडिया रेड की खिताबी जीत सत्र के इस शुरुआती टूर्नामेंट में खेले गए चार मैचों में नतीजा दिलाने वाली रही। इससे पहले इंडिया रेड ने रात के छह विकेट पर 345 रन से आगे खेलना शुरू किया। आदित्य सरवटे (38) और जयदेव उनादकट (नाबाद 32) की बदौलत अपनी बढ़त 157 रन तक कर ली। अंकित राजपूत और बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए। इंडिया ग्रीन की दूसरी पारी काफी खराब रही जिसमें उसने सलामी बल्लेबाजों कप्तान फैज फजल (10) और अक्षत रेड्डी (33) के विकेट जल्दी खो दिए। मुंबई के बल्लेबाज सिद्धेश लाड 44 (80 गेंद, छह चौके) रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

### 140 किमी रफ्तार... स्टार्क की घातक गेंद, टूटा सुरक्षा कवच



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट को शुक्रवार को ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम मे गेंद उनके बॉक्स (एल-गार्ड) पर लगी। यह गेंद इतने जोर से लगी कि बॉक्स टूट गया। स्टार्क की 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद सीधे रूट के बॉक्स पर जाकर लगी। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 39वें ओवर में घटित हुआ। स्टार्क की गेंद रूट के प्रोटेक्टिव गियर पर लगी। रूट ने फौरन बॉक्स को बदला।



## स्टार्क के दोहरे प्रहार से आस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने लय में चल रहे बेन स्टोक्स सहित दो विकेट लेकर एशेज टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को लंच तक इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी। मैच के चौथे दिन लंच के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 278 रन बना लिए।

जोस बटलर 26 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि स्टुअर्ट ब्राड दो रन पर क्रीज पर मौजूद हैं। वह अब भी आस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाये गए आठ विकेट पर 497 रन से 219 रन पीछे है। इंग्लैंड को फालोआन बचाने के लिए अभी 20 और रन की जरूरत है। एशेज श्रृंखला में पहला मैच खेल रहे बायें हाथ के गेंदबाज स्टार्क ने 18 ओवर में 66 रन देकर दो विकेट लिए हैं। श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है और अगर आस्ट्रेलियाई टीम इस मैच को जीतने में सफल रही तो 2-1 की बढ़त के साथ एशेज ट्राफी को अपने पास बरकरार रखेगी। इंग्लैंड ने दिन की शुरूआत पांच विकेट पर 200 रन से की।

**खास बातें**

- इंग्लैंड को फालोआन बचाने के लिए अभी 20 और रन की जरूरत
- आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में आठ विकेट पर बनाए 497 रन



## दूसरे क्लबों से जुड़ने की अफवाह, मेसी स्वतंत्र, जब चाहें छोड़ें क्लब

# 19 साल से बार्सिलोना से जुड़े मेसी छोड़ सकते हैं क्लब

एजेंसी ▶▶| लंदन

फुटबॉल जगत में लियोनेल मेसी जैसे कुछ नामों को छोड़ दें तो ज्यादातर दिग्गज एक से अधिक क्लबों से खेल चुके हैं। मेसी 19 साल से स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए खेल रहे हैं।

- लियोनेल स्पेनिश क्लब बार्सिलोना से पहली बार 2001 में जुड़े थे

तो क्या वे हमेशा बार्सिलोना के लिए ही खेलेंगे या वे भी यह क्लब छोड़कर दूसरे का दामन पकड़ सकते हैं। क्लब के अध्यक्ष जोसेप मारिया बोर्तमेउ से जब यह सवाल पूछा गया तो वे थोड़ा चौंके। फिर कुछ ऐसा जवाब दिया, जिसने मेसी के दूसरे क्लबों से जुड़ने की अफवाह को हवा दे दी है। बार्सिलोना एफसी के अध्यक्ष जोसेप मारिया बोर्तमेउ ने कहा कि लियोनेल मेसी और क्लब का करार स्पष्ट है। उन्होंने बार्सिलोना टीवी चैनल से कहा, 'क्लब मेसी के भविष्य को लेकर चिंतित नहीं है। हम बहुत ही स्थिर हैं।



मेसी क्लब के साथ खेलते हुए पांच बार बैलेन डी ऑर अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे। मेसी का अनुबंध 2020-21 सीजन तक है, लेकिन वे फाइनल सीजन से पहले कभी भी क्लब छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं।'

### 19 साल से जुड़े हैं क्लब में

जोसेप मारिया बोर्तमेउ ने कहा, 'यह ठीक उसी तरह का करार है जैसा जावी, पुयोल और आंद्रे इनिएस्ता का साथ था। इन खिलाड़ियों के पास यह अधिकार है। वे बार्सिलोना के प्रति समर्पित रहे हैं। हम चाहते हैं कि मेसी 2021 और उसके आगे तक टीम के लिए खेलते रहें।' 32 साल के लियोनेल मेसी इन दिनों चोटिल हैं। वे इस सीजन में बार्सिलोना के लिए एक भी मैच नहीं खेले हैं। लियोनेल मेसी बार्सिलोना से पहली बार 2001 में जुड़े थे। वे पहले क्लब की जूनियर टीम से खेले। फिर सीनियर टीम में जगह बनाई। वे सीनियर लेवल पर क्लब के लिए 687 मैच में 603 गोल कर चुके हैं। उन्होंने टीम के साथ 10 ला लिगा खिताब जीते। मेसी ने बार्सिलोना को 4 बार चैम्पियंस लीग जीतने में मदद की।

## पायस को एशियाई टेटे चैंपियनशिप में रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पायस जैन को शनिवार को मंगोलिया के उलानबटोर में 25वीं एशियाई जूनियर और कैडेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में शीर्ष वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के युआन्यू चेन से 0-4 के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पायस ने शुरू में आक्रामकता दिखाई लेकिन चीनी खिलाड़ी के आक्रामक खेल के आगे उनकी नहीं चीली और दिल्ली का यह खिलाड़ी 20 मिनट से कम समय में 11-13, 6-11, 8-11, 5-11 से हार गया। पायस को रजत पदक से एशियाई टीम में जगह मिल गई जो अक्टूबर में पोलैंड के व्लादिस्लोवोवो में होने वाली विश्व कैडेट चैलेंज में भाग लेगी। भारत ने चैंपियनशिप में अभियान दो रजत पदक से समाप्त किया, जिसमें जूनियर लड़कों की टीम ने भी रजत पदक हासिल किया।



खबर संक्षेप

### अपने वैज्ञानिकों पर है गर्व, आगे सफलता जरूर मिलेगी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-2 के लैंडर 'विक्रम' का चांद पर उतरते समय जमीनी स्टेशन से संपर्क टूटने के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों पर समूचे राष्ट्र को गर्व है और आने वाले कल में इस मिशन में सफलता जरूर मिलेगी। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बयान में इसरो के वैज्ञानिकों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम इसरो और इससे जुड़े पुरुषों एवं महिलाओं के ऋणी हैं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने भारत को अंतरिक्ष की दुनिया में अग्रणी देशों की कतार में शामिल कर दिया है और आगे की पीढ़ियों को प्रेरित किया है कि वे सितारों तक पहुंचे।

### चंद्रयान-2 से भारत को भविष्य में मदद मिलेगी: लिनंगर

**नई दिल्ली।** नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री जेरी लिनेंगर ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-2 मिशन के तहत विक्रम लैंडर की चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने की भारत की 'साहसिक कोशिश' से मिला अनुभव भविष्य के मिशन में सहायक होगा। वर्ष 1986 से 2001 तक पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित रूसी अंतरिक्ष केंद्र मीर में लिनेंगर पांच महीने तक रहे थे। वह शुक्रवार को नेशनल जियोग्राफिक चैनल पर चंद्रयान-2 की लैंडिंग के सजीव प्रसारण में शामिल हुए।

### इमरान के मंत्री ने कसा तंज पाक ने ही लगाई लताड़

**इस्लामाबाद।** मिशन चंद्रयान-2 पर एक पाकिस्तान ही ऐसा देश है, जो इस मौके पर तंज भरी प्रतिक्रियाएं दे रहा है। इसी कड़ी में इमरान खान की सरकार में विज्ञान और तकनीक मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने प्रतिक्रिया दी तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर क्लास लग गई। दरअसल, फवाद हुसैन ने ट्वीट कर तंज कसा कि जो काम नहीं आता, उसमें पंगा नहीं लेते। इसके अलावा भी एक अन्य ट्वीट में उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों का मजाक उड़ाया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर ने उनकी खबर ले ली। दिलचस्प बात यह कि खुद पाकिस्तान के लोगों ने फवाद हुसैन को लताड़ लगा दी।

### न्यूयॉर्क टाइम्स, गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट सहित कई अखबारों ने की तारीफ

# दुनिया भर की मीडिया में छाया इसरो, माना दक्षता का लोहा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन/लंदन

भारत का चंद्रयान मिशन भले ही अधूरा रह गया हो लेकिन उसके इंजीनियरिंग कौशल और बढ़ती आकांक्षाओं ने अंतरिक्ष महाशक्ति बनने के उसके प्रयास को गति दी है। दुनिया भर की मीडिया ने शनिवार को यह टिप्पणी की। न्यूयॉर्क टाइम्स, द वॉशिंगटन पोस्ट, बीबीसी और द गॉर्डियन समेत अन्य कई प्रमुख विदेशी मीडिया संगठनों ने भारत के ऐतिहासिक चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-2' पर खबरें प्रकाशित और प्रसारित कीं।

अमेरिकी पत्रिका 'वायर्ड' ने कहा कि चंद्रयान-2 कार्यक्रम भारत का अब तक का 'सबसे महत्त्वकांक्षी' अंतरिक्ष मिशन था। पत्रिका ने कहा कि चंद्रमा की सतह तक ले जाए जा रहे विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से संपर्क टूटना भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक बड़ा झटका होगा। लेकिन मिशन के लिए सबकुछ खत्म नहीं हुआ है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत की 'इंजीनियरिंग शूरता और दशकों से किए जा रहे अंतरिक्ष कार्यक्रमों के विकास' की सराहना की। खबर में कहा गया कि भले ही भारत पहले प्रयास में लैंडिंग नहीं करा पाया हो, उसके प्रयास दिखाते हैं कि कैसे उसकी इंजीनियरिंग शूरता और अंतरिक्ष विकास कार्यक्रमों पर की गई दशकों की उसकी मेहनत उसकी वैश्विक आकांक्षाओं से जुड़ गई है। इसमें कहा गया कि चंद्रयान-2 मिशन की आंशिक विफलता चंद्रमा की सतह पर समग्र रूप से उतरने वाले देशों के स्पेशल क्लब में शामिल होने की देश की कोशिश में थोड़ी और देरी करेगा। ब्रिटिश समाचारपत्र 'द गार्डियन' ने अपने लेख 'इंडियाज मून लैंडिंग सफर्स लास्ट मिनट कम्यूनिकेशन लॉसर्' में मैथ्यू वीस के हवाले से कहा कि भारत वहां जा रहा है जहां अगले 20, 50, 100 सालों में संभवतः मनुष्य का भावी निवास होगा।' वीस फ्रांस अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस के भारत में प्रतिनिधि हैं।

वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी हैडलाइन 'इंडियाज फर्स्ट अटेंप्ट टू लैंड ऑन द मून अपीयर्स टू हैव फेल्ड' में कहा कि यह मिशन 'अत्याधिक राष्ट्रीय गौरव' का स्त्रोत है। वहीं अमेरिकी नेटवर्क सीएनएन ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि चंद्रमा के ध्रुवीय सतह पर भारत की ऐतिहासिक लैंडिंग संभवतः विफल हो गई।



### चांद की सतह छूना सबसे मुश्किल

किसी भी मून मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा होता है, स्पेसक्राफ्ट को चांद की सतह पर उतारना। इसी हिस्से में आकर ज्यादातर मून मिशन फेल होते हैं। चंद्रयान 2 भी अपने मिशन के इसी हिस्से में आकर गड़बड़ी कर बैठा। इसरो के वैज्ञानिकों ने पहले ही बताया था कि मून मिशन का सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण वो 15 मिनट होंगे, जब चंद्रयान चांद की सतह पर उतरेगा। चंद्रयान 2 का लैंडर उस 15 मिनट में चांद की सतह के 2 किलोमीटर के करीब आ चुका था, जब लैंडर का संपर्क कंट्रोल रूम से टूट गया और इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत पर पानी फिर गया।

### कैसे होती है चांद की सतह पर लैंडिंग?

चांद की सतह को पहली बार 1959 में छुआ गया था। 13 सितंबर 1959 को सोवियत संघ के मून मिशन लुना 2 में पहली बार किसी मानव निर्मित यंत्र ने चांद की सतह को छुआ। अमेरिका का अपोलो 11 ऐसा पहला मून मिशन था, जिसमें एस्ट्रोनॉट्स समेत स्पेसक्रॉफ्ट ने चांद की जमीन पर कदम रखा।

### इसरो ने कहा, काफी जटिल था मिशन चंद्रयान

चंद्रयान 2 को लेकर इसरो ने ताजा बयान जारी करते हुए कहा कि यह मिशान काफी जटिल था। इसरो ने कहा कि हमारे मिशन पर दुनिया की नजर थी। इसरो ने आगे कहा कि ऑर्बिटर चांद की कक्षा में है। वह अपना काम करता रहेगा और तस्वीरें भेजता रहेगा। इसरो ने आगे कहा कि चंद्रयान-2 बेहद जटिल मिशन था, जो कि इसरो के पिछले मिशन की तुलना में तकनीकी रूप से बेहद उच्च कोटि का था। इस मिशन में ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर को एक साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की जानकारी लेने के लिए भेजा गया था।

### चंद्रयान-2 की तरह इजरायल के मून मिशन में आई थी गड़बड़ी

आज जिस तरह का हाल भारत के मून मिशन चंद्रयान 2 का हुआ, अप्रैल में तकरीबन यही हाल इजरायल के मून मिशन का हुआ था। जिस तरह भारत के चंद्रयान 2 की लैंडिंग के आखिरी वक्त में गड़बड़ी आई, ठीक इसी तरह से इजरायल के मून मिशन में लैंडिंग के आखिरी पलों में दिक्कत आई थी. आज जिस तरह इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत 100 फीसदी सफल नहीं हो पाई, उसी तरह अप्रैल में इजरायल के वैज्ञानिकों को अपने मून मिशन के आखिरी वक्त में नाकामी मिली थी।

### क्या होती है सॉफ्ट और हार्ड लैंडिंग?

चांद पर स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग दो तरीके से होती है- सॉफ्ट लैंडिंग और हार्ड लैंडिंग। सॉफ्ट लैंडिंग में स्पेसक्राफ्ट की स्पीड को धीरे-धीरे कम करके आराम से चांद पर लैंड करवाया जाता है। हार्ड लैंडिंग में स्पेसक्राफ्ट को चांद की सतह पर क्रैश करवाया जाता है। सोवियत संघ के लुना 2 मिशन में स्पेसक्राफ्ट को चांद पर हार्ड लैंडिंग करवाई गई। 1962 में अमेरिका ने अपने रेंजर 4 मिशन में इसी तरह की लैंडिंग करवाई थी। उसके बाद ब्रेकिंग रॉकेट्स की मदद से चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग शुरू हुई। इसमें रॉकेट की मदद से स्पेसक्राफ्ट की स्पीड कम करके सॉफ्ट लैंडिंग होती है। रॉकेट स्पेसक्राफ्ट की गति की दिशा के विपरित में छोड़ा जाता है, ताकि उसकी वजह से स्पेसक्राफ्ट के गति में रुकावट पैदा हो और उसकी स्पीड कम हो जाए।

### 'अवेंजर्स : एंडगेम' जितनी राशि में बना था चंद्रयान-2

चंद्रयान-2 के दौरान कुल 16 बड़ी बाधायें सामने आयीं जिसमें आखिरी क्षणों के 'सबसे भयावह' 15 मिनट भी शामिल थे। इसके साथ ही चांद पर पहुंचने के लिए शुरू किया गया भारत का 48 दिवसीय मिशन पूरा हो गया लेकिन इसके जरिये कोई नया इतिहास नहीं रचा जा सका। हॉलीवुड की हालिया ब्लॉकबस्टर मूवी 'अवेंजर्स : एंडगेम' जितनी राशि में बनी थी, उससे तिहाई कम खर्च में इसरो ने चंद्र अभियान को अंजाम दिया। इस अभियान पर लगभग 1000 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं जो अन्य देशों की ओर से संचालित ऐसे अभियान की तुलना में काफी कम है।

### राष्ट्रपति बोले- हम होंगे कामयाब

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम होंगे कामयाब, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास कि हम होंगे कामयाब एक दिन। पावन चिंतन धारा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपने संबोधन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि जिस प्रकार से स्वामी विवेकानंद के विचार दुनिया भर के युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं, उसी प्रकार से इसरो के अध्यक्ष के सिवन और उनकी टीम आने वाले समय में भारत में युवाओं का रोल मॉडल बनेगी।

### डीआरडीओ ने कहा- फेल नहीं, सफल है मिशन चंद्रयान-2



चंद्रमा की सतह पर पहुंचने से पहले चंद्रयान-2 का संपर्क टूटने पर डीआरडीओ के डायरेक्टर डॉक्टर सुधीर मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य के इतने नजदीक पहुंचने पर चंद्रयान से संपर्क टूटने से सभी को दुख तो हो रहा है लेकिन उसे चांद के इतने पास पहुंचा देना ही किसी बड़ी सफलता से कम नही है। शनिवार को जबलपुर पहुंचे डा सुधीर मिश्रा ने कहा कि सफलता और असफलता के बीच थोड़ी सी दूरी होती है। हमारे वैज्ञानिकों ने कमियों को ढूंढ लिया है, इसलिए अगली बार ये मिशन जरुर कामयाब होगा। जबलपुर के ही रहने वाले डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा आज अपने मॉडल स्कूल पहुंचे थे। डीआरडीओ और ब्रम्होस एयरोस्पेस के डायरेक्टर डॉक्टर सुधीर मिश्रा ने पूर्व राष्ट्रपति और मिसाईलमैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का किस्सा सुनाते हुए कहा कि वो भी एसएलवी की लॉन्चिंग में फेल हो गए थे, लेकिन उन्होंने असफलताओं से सीखा और फिर देश को मिसाईल की दुनिया में एक से बढ़कर एक सफलताएं दिलाईं।




## 48 दिनों के सफर में पार की बड़ी बाधाएं

चंद्रयान-2 ने अपने 48 दिन के सफर के दौरान मिशन की अबतक 15 बड़ी बाधाओं को सफलतापूर्व पार कर लिया था। चांद पर सफल लैडिंग इसकी अंतिम और निणार्यक बाधा माना जा रहा था जिसे आखिरी चरण में पूरा नहीं किया जा सका। ठीक ग्यारह साल पहले चंद्रयान-1 के रूप में भारत ने चांद की ओर पहला मिशन भेजा था। यह एक ऑर्बिटर मिशन था, जिसने 10 महीने चांद का चक्कर लगाया था। चांद पर पानी की खोज का श्रेय भारत के इसी अभियान को जाता है। चंद्रयान-2 इसी उपलब्धि की आगे की कड़ियां जोड़ने और चांद के पानी एवं विभिन्न खनिजों की उपस्थिति के प्रमाण जुटाने वाला था। चंद्रयान-2 को 15 जुलाई की सुबह 2:51 बजे लांच करने की तैयारी थी। हालांकि उस दिन लांचिंग से 56 मिनट पहले रॉकेट में कुछ गड़बड़ी दिखने के कारण अभियान को टाल दिया गया था। वैज्ञानिकों का कहना था कि ऐसे अभियान में देरी स्वीकार्य है, लेकिन खामी नहीं।

### 22 जुलाई को लॉन्च हुआ था चंद्रयान-2

चंद्रयान-2 को 22 जुलाई को बेंगलुरु के श्रीहरिकोटा स्थित विक्रम साराभाई स्पेस एंड रिसर्च संस्थान (इसरो) से दोपहर बाद 2:43 बजे लॉच किया गया था। इसरो के बाहुबली रॉकेट ने प्रक्षेपण के ठीक 16 मिनट बाद ही यान को सुरक्षित तरीके से पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया था। इसके बाद यान ने रॉकेट से अलग होकर चंद्रमा की तरफ अपना सफर शुरू कर दिया था। इस मिशन की सफलता के साथ ही भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन जाता।

## भावुक हुए इसरो चीफ, पीएम गले लगाकर बोले- नई सुबह होगी व उज्ज्वल कल होगा

**बेंगलुरु।** 'चंद्रयान-2' के लैंडर 'विक्रम' का जमीनी स्टेशन से संपर्क टूटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान इसरो प्रमुख के सिवन भावुक होकर रो पड़े। पीएम मोदी ने काफी देर तक इसरो प्रमुख को आत्मीयता से गले लगाए रखा। पीएम मोदी शनिवार को इसरो के वैज्ञानिकों से मिले और कहा वे मिशन में आई रुकावटों के कारण अपना दिल छोटा नहीं करें, क्योंकि नई सुबह होगी और उज्ज्वल कल होगा।



पीएम का इसरो प्रमुख के सिवन को गले लगाने वाले वीडियो को लेकर पूरी दुनिया में खूब तारीफ हो रही है। भारत और श्रीलंका के पूर्व इजरायली राजदूत डैनियल कार्मोन ने भी पीएम मोदी की खूब प्रशंसा की है। बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर भास्कर राव ने कहा कि पीएम मोदी का इसरो प्रमुख को गले लगाना शानदार नेतृत्व की निशानी है। एक ट्विटर यूजर ने इसे बेहतर इंसानी स्वभाव बताया। इस हौसला अफजाई के लिए प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। चंद्रयान-2 की अगर 'सॉफ्ट लैंडिंग' हो जाती तो भारत दुनिया में ऐसा करने वाला पहला देश होता। रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा तथा चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन जाता।

### उदितराज ने इसरो वैज्ञानिकों का उड़ाया मजाक, लोगों ने लगा दी क्लास

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता उदित राज ने चंद्रयान-2 की नाकामी के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को ही जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने अपने अजीबोगरीब बयान से वैज्ञानिकों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। हालांकि खुद कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने इसरो के वैज्ञानिकों की मेहनत के लिए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि हमारे वैज्ञानिकों ने अगर नारियल फोड़ने और पूजा पाठ के विश्वास के बजाय वैज्ञानिक शक्ति और आधार पर विश्वास करते तो अब तक मिली आंशिक असफलता का मुँह ना देखना पड़ता। इस पर लोगों ने आपत्ति जाहिर करते हुए उनकी क्लास लगा दी।

### मून मिशन में 60 प्रतिशत मौकों पर ही मिली सफलता

## 60 सालों में हुए 109 मून मिशन, 61 सफल 48 असफल

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

चंद्रयान-2 की असफलता से पूरा देश गमगीन है। सबके मन में बस यही सवाल उठ रहा है कि इस मिशन में कहां पर चूक हुई। इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले 6 दशक में मून मिशन में सफलता 60 प्रतिशत मौकों पर मिली है। नासा के मुताबिक, इस दौरान 109 चंद्र मिशन शुरू किए गए, जिसमें 61 सफल हुए और 48 असफल रहे। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा चंद्रमा की तहत पर चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर को उतराने का अभियान शनिवार को अपनी तय योजना के मुताबिक पूरा नहीं हो सका। लैंडर का अंतिम समय में जमीनी स्टेशन से संपर्क टूट गया। इसरो के अधिकारियों के मुताबिक, चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर पूरी तरह सुरक्षित और सही है।



### पहला सफल चंद्र अभियान सोवियत संघ का लूना 1

इजरायल ने भी फरवरी 2018 में चंद्र मिशन शुरू किया था, लेकिन यह अप्रैल में नष्ट हो गया। नासा के मुताबिक वर्ष 1958 से 2019 तक भारत के साथ ही अमेरिका, सोवियत संघ (रूस), जापान, यूरोपीय संघ, चीन और इजरायल ने विभिन्न चंद्र अभियानों को शुरू किया। पहले चंद्र अभियान की योजना अमेरिका ने 17 अगस्त, 1958 में बनाई लेकिन पाइनियर का लॉन्च असफल रहा। पहला सफल चंद्र अभियान चार जनवरी 1959 में सोवियत संघ का लूना 1 था। यह सफलता छठे चंद्र मिशन में मिली। एक साल से थोड़े अधिक समय के भीतर अगस्त 1958 से नवंबर 1959 के दौरान अमेरिका और सोवियत संघ ने 14 अभियान शुरू किए। इनमें से सिर्फ 3-लूना 1, लूना 2 और लूना 3 सफल हुए। ये सभी सोवियत संघ ने शुरू किए थे।

### इंसान के पहले कदम चांद पर पड़े

इसके बाद जुलाई 1964 में अमेरिका ने रेंजर 7 मिशन शुरू किया, जिसने पहली बार चंद्रमा की नजदीक से फोटो ली। रूस द्वारा जनवरी 1966 में शुरू किए गए लूना 9 मिशन ने पहली बार चंद्रमा की सतह को छुआ और इसके साथ ही पहली बार चंद्रमा की सतह से तस्वीर मिलीं। पांच महीने बाद मई 1966 में अमेरिका ने सफलतापूर्वक ऐसे ही एक मिशन सर्वेयर-1 को अंजाम दिया। अमेरिका का अपोलो 11 अभियान एक लैंडमार्क मिशन था, जिसके जरिए इंसान के पहले कदम चांद पर पड़े। तीन सदस्यों वाले इस अभियान दल की अगुवाई नील आर्मस्ट्रांग ने की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109